हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • सोमवार • 27.07.2026 • वर्ष : 17 • अंक : 06 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 4 रुपये

RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902

## एक नजर

### सिद्धारमैया का चुनावी राजनीति से संन्यास



**बेंगलुरु :** कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सिद्धारमैया ने वर्ष 2028 का विधानसभा चुनाव नहीं लड़ने का ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि वह चुनावी राजनीति से संन्यास ले रहे हैं, हालांकि सार्वजनिक जीवन और जनसेवा में सक्रिय रहेंगे। सिद्धारमैया ने कहा कि आज राजनीति पूरी तरह भ्रष्ट हो चुकी है। उनका आरोप है कि अब चुनाव लड़ने के लिए नेताओं को जनता के बीच धन बांटना पड़ता है और ईमानदार राजनीति के लिए जगह लगातार कम होती जा रही है। उन्होंने कहा कि इन्हीं परिस्थितियों को देखते हुए उन्होंने भविष्य में चुनाव नहीं लड़ने का फैसला किया है।

### तेज प्रताप यादव गिरफ्तार, 14 दिन की न्यायिक हिरासत

**पटना :** छात्र आंदोलन के दौरान हुए हिंसक प्रदर्शन के आरोप में जन शक्ति जनता दल के प्रमुख तेज प्रताप यादव को बीती रात पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद उन्हें देर रात अदालत में पेश किया गया, जहां से न्यायालय ने उन्हें 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। अदालत के आदेश के बाद तेज प्रताप यादव को पटना स्थित बेऊर केंद्रीय कारागार भेज दिया गया। उन पर छात्र आंदोलन के दौरान हिंसा, कानून-व्यवस्था बाधित करने और अन्य संबंधित धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं, गिरफ्तारी के बाद उनके समर्थकों में नाराजगी देखी जा रही है।

### पूर्व सांसद अर्जुन राय ने आरजेडी छोड़ी

**पटना :** राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसद अर्जुन राय ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने सोमवार को भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) की सदस्यता लेने की घोषणा की है। अर्जुन राय के इस फैसले को लालू प्रसाद यादव और तेजस्वी यादव के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। अर्जुन राय ने शनिवार को प्रेस वार्ता कर आरजेडी छोड़ने की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पार्टी में किसी से उनका कोई विवाद नहीं है और उन्होंने यह फैसला अपनी इच्छा से लिया है। उन्होंने अपना इस्तीफा आरजेडी प्रमुख लालू प्रसाद यादव को भेज दिया है।

### असमः एलपीजी सिलेंडर विस्फोट, चार की मौत, कई घायल

**कछार (असम) :** असम के कछार जिले में रविवार को एक औद्योगिक इकाई में एलपीजी सिलेंडर में हुए विस्फोट में कम से कम चार मजदूरों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सिलचर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (एसएमसीएच) में भर्ती कराया गया है, जहां कई की हालत नाजुक बताई जा रही है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। यह हादसा उधारबंद विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत पानग्राम स्थित खादी रोड इंडस्ट्रीज में हुआ। शुरूआती जानकारी के अनुसार, एलपीजी सिलेंडर में हुआ विस्फोट इतना तेज था कि उसकी आवाज दूर-दूर तक सुनाई दी और आसपास का इलाका दहल उठा। धमाके के बाद फैक्ट्री परिसर में अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोगों में भी दहशत फैल गई।

# 135वें डूरंड कप-2026 का रांची में हुआ उद्घाटन

## राजधानी रांची में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर हाई अलर्ट, स्टेडियम के बाहर 2,000 से अधिक पुलिसकर्मी तैनात

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** एशिया के सबसे पुराने फुटबॉल टूर्नामेंट डूरंड कप के सफल और सुरक्षित आयोजन को लेकर राजधानी रांची में व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई है। मोरहाबादी स्थित फुटबॉल स्टेडियम और उसके आसपास दो हजार से अधिक पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। सुरक्षा व्यवस्था में बड़ी संख्या में महिला पुलिस बल को भी शामिल किया गया है। इसके अलावा यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए अतिरिक्त ट्रैफिक पुलिसकर्मियों की भी प्रतिनियुक्ति की गई है।

पुलिस के अनुसार, रांची में आज से शुरू हो रहे 135वें डूरंड कप-2026 के उद्घाटन समारोह और पहले मुकाबले से पहले स्टेडियम के सभी प्रवेश द्वारों पर दर्शकों की फ्रिस्किंग (तलाशी) और मेटल डिटेक्टर के माध्यम से अनिवार्य सुरक्षा जांच की जाएगी। पूरे स्टेडियम परिसर, प्रवेश एवं निकास मार्गों तथा आसपास के क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरों से लगातार निगरानी रखी जाएगी। खिलाड़ियों और टीम अधिकारियों के होटल से लेकर स्टेडियम तक सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए हैं। इसके लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल, दंडाधिकारी और क्विक रिस्पॉन्स टीम (क्यूआरटी) तैनात रहेंगी।

डूरंड कप के सुरक्षित, सुव्यवस्थित और गरिमापूर्ण आयोजन को लेकर रविवार को मोरहाबादी स्थित फुटबॉल स्टेडियम में प्रतिनियुक्त पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों की संयुक्त ब्रीफिंग आयोजित की गई। उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री और वरीय पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) राकेश रंजन ने अधिकारियों को उनकी जिम्मेदारियों और सुरक्षा प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी।



उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने कहा कि डूरंड कप देश के सबसे प्रतिष्ठित फुटबॉल टूर्नामेंटों में से एक है और रांची को इसकी मेजबानी का अवसर मिला है। ऐसे में खिलाड़ियों, दर्शकों और बाहर से आने वाले आगंतुकों को सुरक्षित, सुगम और बेहतर अनुभव उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी प्रतिनियुक्त अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन गंभीरता, संवेदनशीलता और पूर्ण जवाबदेही के साथ करें।

उपायुक्त ने अधिकारियों को अपने-अपने ड्यूटी स्थल पर निर्धारित समय से पहले पहुंचकर सभी व्यवस्थाओं का भौतिक सत्यापन करने का निर्देश दिया। साथ ही किसी भी प्रकार की समस्या या आकस्मिक स्थिति उत्पन्न होने पर तत्काल कंट्रोल रूम और वरीय अधिकारियों को सूचना देकर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने पर भी विशेष जोर दिया, ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित निर्णय लिया जा सके।

उपायुक्त ने स्टेडियम परिसर, प्रवेश एवं निकास द्वार, वीआईपी गैलरी, खिलाड़ियों के आवागमन मार्ग, पार्किंग स्थल और दर्शक दीर्घा में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने भीड़ प्रबंधन, बैरिकेडिंग, पार्किंग व्यवस्था, पेयजल, शौचालय, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था और अन्य मूलभूत सुविधाओं की लगातार निगरानी सुनिश्चित करने को भी कहा।

डीसी ने यह भी निर्देश दिया कि सभी अधिकारी आम दर्शकों के साथ विनम्र और सहयोगात्मक व्यवहार रखें। किसी भी अफवाह, विवाद या अप्रिय स्थिति को प्रारंभिक स्तर पर ही नियंत्रित करने का प्रयास किया जाए तथा आवश्यकता पड़ने पर संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर तत्काल कार्रवाई की जाए।

वरीय पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन ने इस मौके पर कहा कि मैच के दौरान सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। उन्होंने सभी पुलिस अधिकारियों और जवानों को पूरी सतर्कता, अनुशासन और पेशेवर दक्षता के साथ ड्यूटी निभाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोई भी अधिकारी बिना अनुमति अपना ड्यूटी स्थल नहीं छोड़े और प्रत्येक प्रतिनियुक्त कर्मी अपने निर्धारित स्थान पर लगातार मौजूद रहे।

एसएसपी ने कहा कि स्टेडियम में प्रवेश करने वाले प्रत्येक दर्शक की अनिवार्य सुरक्षा जांच की जाएगी और किसी भी प्रतिबंधित वस्तु को परिसर के भीतर ले जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने भीड़ के व्यवस्थित प्रवेश और निकास पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए, ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था या भगदड़ जैसी स्थिति उत्पन्न न हो।

एसएसपी ने अधिकारियों को वीआईपी मूवमेंट, खिलाड़ियों और टीम अधिकारियों की सुरक्षा, यातायात प्रबंधन, पार्किंग नियंत्रण तथा आपातकालीन प्रतिक्रिया व्यवस्था पर विशेष निगरानी रखने को कहा। साथ ही संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु अथवा किसी भी असामान्य गतिविधि की सूचना तत्काल कंट्रोल रूम और वरिष्ठ अधिकारियों को देकर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

एसएसपी ने कहा कि सभी अधिकारी वायरलेस और अन्य संचार माध्यमों के जरिए लगातार संपर्क में रहें तथा किसी भी सूचना पर तत्काल प्रतिक्रिया दें। उन्होंने अग्निशमन, स्वास्थ्य, एम्बुलेंस, आपदा प्रबंधन और अन्य संबंधित विभागों के साथ समन्वय बनाकर किसी भी आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार रहने को कहा।

ब्रीफिंग के दौरान अधिकारियों को स्टेडियम की सेक्टरवार सुरक्षा व्यवस्था, प्रवेश एवं निकास प्रबंधन, पार्किंग व्यवस्था, दर्शकों के सुगम आवागमन, ट्रैफिक नियंत्रण, सुरक्षा जांच, वीआईपी प्रोटोकॉल, मीडिया समन्वय, आपातकालीन निकासी योजना तथा विभिन्न विभागों के बीच समन्वय से जुड़े सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं की विस्तार से जानकारी दी गई।

इस अवसर पर अपर जिला दंडाधिकारी (विधि-व्यवस्था), पुलिस अधीक्षक (नगर), पुलिस अधीक्षक (यातायात), सदर अनुमंडल पदाधिकारी सहित जिला प्रशासन, झारखंड पुलिस और सेना के संबंधित अधिकारी भी उपस्थित थे।


### धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे पर अमित शाह का बयान, बोले

## पद से बड़ा देश और विद्यार्थी

एजेंसी

**नई दिल्ली :** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री पद से धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं के लिए पद से कहीं अधिक महत्वपूर्ण देश, युवा पीढ़ी और विद्यार्थी हैं।

अमित शाह ने कहा, भाजपा के कार्यकताओं के लिए पद से कहीं अधिक महत्वपूर्ण देश, हमारी युवा पीढ़ी और विद्यार्थी हैं। श्री धर्मेंद्र प्रधान जी का अपने पद से इस्तीफा इसी को दशार्ता है।



उन्होंने कहा कि धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा संगठन की कार्यसंस्कृति और जवाबदेही की भावना को दशार्ता है। अमित शाह के इस बयान के बाद इस्तीफे को लेकर राजनीतिक चर्चा और तेज हो गई है।

### राहुल गांधी ने गृह मंत्री से छात्रों के साथ हुई बर्बरता पर मांगा जवाब



**नई दिल्ली :** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने रविवार को गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह को पत्र लिखा। इसमें उन्होंने शांतिपूर्ण छात्र आंदोलन के दौरान छात्रों के साथ हुई कथित बर्बरता पर जबाव मांगा है। राहुल गांधी ने इस पत्र को एक्स पर साझा किया है। हमारे छात्र एक निष्पक्ष और जवाबदेह शिक्षा प्रणाली की मांग कर रहे थे। उनकी बात सुनने के बजाय, सुरक्षा बलों ने उन पर अंधाधुंध बल प्रयोग किया, जिसमें घातक हथियारों और आंसू गैस का इस्तेमाल भी शामिल था। सैकड़ों लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। उन्होंने आरोप लगाते हुए लिखा कि सबसे चौंकाने वाली बात पैलेट गन का इस्तेमाल है। मीडिया और सोशल मीडिया की रिपोर्टों में साफ तौर पर उन लोगों को दिखाया गया है जो गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिनमें एक पत्रकार भी शामिल है।

### जेपीएससी परीक्षा गड़बड़ी मामला

## पीए समेत दो और गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड लोकसेवा आयोग (जेपीएससी) परीक्षा गड़बड़ी मामले में सीआईडी की कार्रवाई लगातार जारी है। जांच टीम ने जेल में बंद आरोपियों को बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा से मुख्यालय लाकर आमने-सामने बैठाकर पूछताछ की। वहीं, सीआईडी ने जेपीएससी की संयुक्त सचिव सरोजिनी एनी तिर्की के निजी सहायक सोनू कुमार और अभय तिवारी के सहयोगी अरविंद मंडल को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

सीआईडी ने रिमांड पर लिए गए जेपीएससी की पूर्व परीक्षा उप नियंत्रक श्वेता वर्मा, टीडीपीएल के निदेशक रामवीर सिंह, अभय तिवारी, मो. उस्मान और मो. एबाद से अलग-अलग पूछताछ की। बाद में सभी को आमने-सामने बैठाकर भी सवाल किए गए।

जांच एजेंसी यह पता लगाने में जुटी है कि किन परीक्षाओं में गड़बड़ी की गई, किस तरीके का इस्तेमाल हुआ और इसमें कौन-कौन लोग शामिल थे। सीआईडी को अभय तिवारी और टीडीपीएल कर्मी मो. उस्मान के बीच आर्थिक लेन-देन से जुड़े सुराग मिलने की भी जानकारी सामने आई है।

सोनू कुमार पर ओएमआर शीट में हेरफेर में सहयोग करने का आरोप है, जबकि अरविंद मंडल को पोड़ैयाहाट से हिरासत में लिया गया था।

सीआईडी ने रांची के स्टेशन रोड स्थित एक होटल में भी छापेमारी कर जांच की थी। बताया जा रहा है कि यह होटल अभय कुमार तिवारी ने वर्ष 2021 में 11 महीने की लीज पर लिया था। जांच टीम ने होटल से कई रजिस्टर और दस्तावेज जब्त किए हैं।

### रूस-यूक्रेन युद्ध में फिर कमर्शियल जहाज पर हमला, दो भारतीय लापता

एजेंसी

नई दिल्ली : रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच काला सागर क्षेत्र में व्यावसायिक जहाजों पर हमले लगातार जारी हैं। यूक्रेन के ओडेसा बंदरगाह पर शनिवार को एक मर्चेंट जहाज एमवी एजीएन रैगनर हमले का शिकार हो गया। जहाज पर सवार चार भारतीय नाविकों में से दो सुरक्षित हैं, जबकि दो अन्य लापता हैं। कीव स्थित भारतीय दूतावास ने रविवार को जानकारी दी कि हमले के बाद बचाव अभियान जारी है। दूतावास स्थानीय अधिकारियों के संपर्क में है और लापता भारतीय नागरिकों की तलाश की जा रही है। भारतीय दूतावास ने बताया कि 25 जुलाई को ओडेसा बंदरगाह पर हुए हमले के बाद स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। जहाज पर चार भारतीय नागरिक मौजूद थे, जिनमें से दो सुरक्षित मिल गए हैं और बाकी दो की तलाश जारी है।

यह घटना इसलिए भी चिंताजनक है क्योंकि इससे कुछ दिन पहले 19 जुलाई को ओडेसा बंदरगाह से रवाना हो रहे मालवाहक जहाज एमवी गोल्डन लियो पर हमला हुआ था, जिसमें चार भारतीय नाविकों की मौत हो गई थी। इसके बाद भारत ने इस मामले पर कड़ी आपत्ति जताई थी।

### शिक्षा मंत्री बनते ही प्रह्लाद जोशी एक्शन में

## अधिकारियों के साथ की पहली समीक्षा बैठक

एजेंसी



**नई दिल्ली :** केंद्रीय शिक्षा मंत्री का पदभार संभालने के तुरंत बाद प्रह्लाद जोशी ने मंत्रालय के कामकाज की समीक्षा शुरू कर दी है। रविवार को उन्होंने शिक्षा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ पहली उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में मंत्रालय की प्रमुख योजनाओं, लंबित मामलों और आगामी कार्ययोजना पर चर्चा की गई। बैठक में शिक्षा क्षेत्र से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर अधिकारियों से जानकारी ली गई। प्रह्लाद जोशी ने मंत्रालय की प्राथमिक योजनाओं और नीतिगत कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाने पर जोर दिया। पदभार संभालने के बाद पहली बैठक कर उन्होंने मंत्रालय के कामकाज को गति देने के संकेत दिए हैं।

गौरतलब है कि जंतर-मंतर पर प्रदर्शन और छात्र आंदोलन के बाद केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शनिवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने प्रह्लाद जोशी को नया केंद्रीय शिक्षा मंत्री नियुक्त किया। प्रह्लाद जोशी इससे पहले केंद्र सरकार में कई महत्वपूर्ण मंत्रालयों की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। उन्होंने 30 मई 2019 को पहली बार केंद्रीय मंत्रिमंडल में कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली थी। उस समय उन्हें संसदीय कार्य, कोयला और खान मंत्रालय का प्रभार सौंपा गया था।

### मीराबाई चानू ने राष्ट्रमंडल खेलों में जीता लगातार तीसरा स्वर्ण




**ग्लास्गो :** स्टार भारोत्तोलक मीराबाई चानू ने राष्ट्रमंडल खेल 2026 में भारत को पहला स्वर्ण पदक दिलाया। उन्होंने महिलाओं के 48 किलोग्राम भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए लगातार तीसरी बार राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। 31 वर्षीय मीराबाई चानू ने रविवार को ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेलों में स्नैच में 85 किलोग्राम वजन उठाया, जो राष्ट्रमंडल और राष्ट्रमंडल खेलों का नया रिकॉर्ड रहा। इसके बाद उन्होंने क्लीन एवं जर्क में 105 किलोग्राम वजन उठाकर एक और रिकॉर्ड बनाया। मीराबाई ने कुल 190 किलोग्राम वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीता। यह राष्ट्रमंडल खेलों में उनका लगातार तीसरा स्वर्ण पदक है। इससे पहले उन्होंने 2018 और 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में भी स्वर्ण पदक हासिल किया था। टोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता मीराबाई ने 2014 ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक जीता था। राष्ट्रमंडल खेल 2026 में भारत ने अब तक तीन पदक अपने नाम कर लिए हैं। ऋषिकांत सिंह ने 60 किलोग्राम भार वर्ग में भारोत्तोलन में रजत पदक जीता है, जबकि झंडू कुमार ने पुरुष हेवीवेट पैरा भारोत्तोलन में कांस्य पदक हासिल किया है। मीराबाई चानू ने 48 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर भारत के पदक अभियान को मजबूत किया है। राष्ट्रमंडल खेलों के इतिहास में भारोत्तोलन में भारत का प्रदर्शन शानदार रहा है। भारतीय भारोत्तोलकों ने 1990, 2002, 2018 और 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले देश का गौरव हासिल किया था। भारत ने भारोत्तोलन में अब तक कुल 133 पदक जीते हैं, जिसमें 46 स्वर्ण पदक शामिल हैं। इस उपलब्धि के साथ भारत ऑस्ट्रेलिया के बाद इस स्पर्धा में दूसरा सबसे सफल देश है। बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेल 2022 में भारत ने भारोत्तोलन में तीन स्वर्ण और तीन रजत सहित कुल 10 पदक जीते थे। मीराबाई चानू का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कुल 205 किलोग्राम है, जिसमें स्नैच में 89 किलोग्राम और क्लीन एवं जर्क में 116 किलोग्राम शामिल है।

# पीएम ने करगिल शहीदों को किया नमन, बोले बलिदान की अमर गाथा है विजय दिवस

एजेंसी

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने मासिक कार्यक्रम मन की बात के 136वें एपिसोड में करगिल युद्ध के शहीदों को याद किया। उन्होंने कहा कि करगिल विजय दिवस सिर्फ एक तारीख नहीं, बल्कि देश के वीर जवानों के बलिदान की अमर गाथा है।



पीएम मोदी ने कहा कि करगिल युद्ध में भारतीय सैनिकों ने कठिन परिस्थितियों के बावजूद साहस और दृढ़ संकल्प दिखाया और देश को विजय दिलाई। उन्होंने बताया कि वीर जवानों की याद में इस बार नई दिल्ली से द्रास तक विशेष शौर्य यात्रा निकाली जा रही है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि स्वदेशी रक्षा तकनीक भारतीय सेनाओं को लगातार मजबूत बना रही है। उन्होंने नौसेना में शामिल किए गए आईएनएस महेंद्रगिरि और पिनाका मिसाइल के सफल परीक्षण का भी जिक्र किया।

उन्होंने कहा कि देश रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है और भारतीय वैज्ञानिक व इंजीनियर इस क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।

पीएम मोदी ने जल संरक्षण को लेकर कैच द रेन अभियान का जिक्र करते हुए कहा कि देशभर में लोग जल बचाने के लिए अभियान चला रहे हैं। मध्य प्रदेश के सीधी जिले में चार हजार तालाब बनाए गए हैं, जबकि कई राज्यों में नदियों की सफाई और पुराने जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित करने का काम किया जा रहा है।

उन्होंने राष्ट्रमंडल खेलों में भारतीय खिलाड़ियों के प्रदर्शन और भारतीय महिला क्रिकेट टीम की उपलब्धियों की भी सराहना की। पीएम मोदी ने पीवी सिंधु समेत अन्य खिलाड़ियों का उल्लेख करते हुए कहा कि देश खेलों में लगातार आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने स्थानीय उत्पादों और पारंपरिक हुनर को बढ़ावा देने की अपील की। उन्होंने कश्मीर की पारंपरिक पाम्पोरी चटाई वागु का जिक्र करते हुए कहा कि इसे हाथों से तैयार किया जाता है और इसे नया जीवन देने के प्रयास किए जा रहे हैं।

# उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने विभागीय पदाधिकारियों संग बड़कागांव-केरेडारी क्षेत्र का किया व्यापक निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** उपायुक्त हेमन्त सती ने शनिवार को पुलिस अधीक्षक अमन कुमार एवं उप विकास आयुक्त रिया सिंह सहित जिले के विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों के साथ बड़कागांव एवं केरेडारी प्रखंड क्षेत्र का व्यापक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने चट्टी बारियातू कोल परियोजना से प्रभावित एवं विस्थापित परिवारों की समस्याओं का स्थलीय अवलोकन किया तथा संबंधित अधिकारियों एवं कंपनी प्रतिनिधियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने केरेडारी प्रखंड अंतर्गत पगार, चट्टी बारियातू एवं जोरदाग गांव के विस्थापित ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याओं से अवगत हुए। ग्रामीणों ने मुआवजा, भवन मूल्यांकन, पुनर्वास, सेल्फ सेटलमेंट सहित विभिन्न मुद्दों को जिला प्रशासन के समक्ष रखा। उपायुक्त ने कहा कि विस्थापित परिवारों को बिजली, सड़क, पेयजल सहित सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से जिला प्रशासन की पूरी टीम आज क्षेत्र में पहुंचकर समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करने का प्रयास कर रही है। इसके उपरांत उपायुक्त ने चट्टी बारियातू कोल परियोजना क्षेत्र में स्थानांतरित किए जाने वाले विद्यालय, आंगनबाड़ी केंद्र, उप स्वास्थ्य केंद्र, पंचायत भवन एवं पैक्स भवन के लिए चिन्हित स्थलों का निरीक्षण किया। उन्होंने कंसल्टेंट एवं संबंधित अधिकारियों को सभी आधारभूत संरचनाओं का निर्माण गुणवत्तापूर्ण, सुव्यवस्थित एवं स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही निर्माण कार्य से जुड़े विभिन्न तकनीकी पहलुओं पर विस्तार से आवश्यक मार्गदर्शन भी दिया। पगार स्थित एनटीपीसी कार्यालय में उपायुक्त ने एनटीपीसी एवं ऋत्विक कंपनी के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर विस्थापन, आर एंड आर कॉलोनी, भवन मूल्यांकन एवं सेल्फ सेटलमेंट से संबंधित शिकायतों की समीक्षा की। बैठक में कंपनी प्रतिनिधियों ने परियोजना एवं माइंस क्षेत्र से संबंधित विभिन्न जानकारियां साझा कीं। इसके पश्चात उपायुक्त ने चट्टी बारियातू कोल परियोजना क्षेत्र का भी भ्रमण कर प्रगति का जायजा लिया। भ्रमण के दौरान उपायुक्त ने नव प्राथमिक विद्यालय, बिरहोर टोला (पगार) का निरीक्षण किया। उन्होंने एनटीपीसी के संबंधित अधिकारियों को विद्यालय के बच्चों के लिए स्कूली ड्रेस, जूते एवं बैग उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही शिक्षकों को विद्यालय परिसर एवं बच्चों की नियमित साफ-सफाई तथा गुणवत्तापूर्ण पठन-पाठन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक एवं अन्य अधिकारियों ने विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण भी किया। इसके बाद उपायुक्त ने केरेडारी खपिया स्थित आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया।

## एक नजर

### बीएम मेमोरियल स्कूल में धूमधाम से मनाया गया विजय कारगिल दिवस



**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड के हजारीबाग रोड स्थित अंग्रेजी माध्यम से संचालित बी.एम मेमोरियल स्कूल में विजय कारगिल दिवस बड़े ही उत्साह, देशभक्ति और गरिमामय वातावरण में विद्यालय के उपनिदेशक दिनकर कुशवाहा की अध्यक्षता में मनाया गया। जिसका संचालन शिक्षक ऋषभ अग्रवाल एवं अभिषेक कश्यप ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य कैलाश कुमार, उप्राचार्य पूनम कुमारी एवं सभी शिक्षकों द्वारा शहीद वीर सैनिकों के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, कविता, भाषण एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से कारगिल युद्ध के वीर सैनिकों के अदम्य साहस, शौर्य और बलिदान को याद किया। छात्रों ने अपने जोशीले प्रस्तुतिकरण से उपस्थित लोगों में देशप्रेम की भावना का संचार किया।मौके पर विद्यालय के शिक्षिका अनिंदिता दास ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि कारगिल विजय दिवस भारत के उन अमर वीरों के अद्वितीय पराक्रम और सर्वोच्च बलिदान का प्रतीक है, जिन्होंने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। उन्होंने विद्यार्थियों से राष्ट्रप्रेम, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा को अपने जीवन का मूल मंत्र बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने शहीदों के सम्मान में दो मिनट का मौन रखकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की तथा देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा के प्रति सदैव समर्पित रहने का संकल्प लिया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं एवं सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम में देशभक्ति का उत्साह और राष्ट्र गौरव की भावना स्पष्ट रूप से देखने को मिली। मौके पर मुख्य रूप से विद्यालय शिक्षा अध्यक्ष रंजीत कुमार, आनंद राज,रेखा कुमारी, गंगा भारती,अफसाना परवीन,कुलदीप रंजन, सोनू कुमार,अंजली सोनी, नीलम बेदिया, सरिता बा सहित सैकड़ों छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

### एसआईआर अभियानः बूथ-100 पर मतदाता सत्यापन कार्य में बीएलओ के सहयोगी बने राजेश यादव

**चौपारण :** प्रखंड की पडरिया पंचायत अंतर्गत अंबाजीत गांव स्थित बूथ संख्या-100 पर चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के दौरान मतदाता सूची के अद्यतन कार्य में युवा समाजसेवी राजेश यादव ने बीएलओ के साथ मिलकर सक्रिय सहयोग किया। उन्होंने मतदाताओं के दस्तावेजों के सत्यापन, आवश्यक जानकारियां जुटाने तथा पात्र मतदाताओं को अभियान की जानकारी देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। राजेश यादव ने बताया कि बरही विधानसभा क्षेत्र में एसआईआर एवं एएसडीडी से जुड़े कार्यों को समयबद्ध और प्रभावी तरीके से पूरा करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची को त्रुटिरहित, पारदर्शी और अद्यतन बनाना निष्पक्ष एवं मजबूत लोकतांत्रिक व्यवस्था की आधारशिला है। उन्होंने क्षेत्र के सभी पात्र मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि वे अपने-अपने बूथ पर पहुंचकर आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराएं तथा पुनरीक्षण अभियान में सहयोग करें, ताकि किसी भी योग्य मतदाता का नाम सूची से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती तभी संभव है, जब प्रत्येक नागरिक अपने मतदान अधिकार के प्रति जागरूक होकर निर्वाचन संबंधी प्रक्रियाओं में सक्रिय भागीदारी निभाए।

## माँ विंध्यवासिनी कॉलेज में कबड्डी का रोमांच, गंगा हाउस ने जीता खिताब

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**पदमा :** पदमा प्रखंड स्थित माँ विंध्यवासिनी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में शनिवार को एमवीसीई स्पोर्ट्स क्लब के तत्वावधान में एक दिवसीय इंटर हाउस महिला कबड्डी चैंपियनशिप-2026 का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय की प्रशिक्षु छात्राओं ने पूरे उत्साह, अनुशासन और खेल भावना के साथ भाग लेते हुए दमदार प्रदर्शन किया। मुकाबलों के दौरान खिलाड़ियों ने अपनी फुर्ती, रणनीति और टीमवर्क का शानदार परिचय दिया, जिससे पूरे परिसर में खेल का उत्साह देखने को मिला। चैंपियनशिप में महाविद्यालय के चार हाउस, गंगा, सतलज, नीलगिरी और हिमालय की टीमों ने भाग लिया। रोमांचक मुकाबलों के बाद गंगा हाउस ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विजेता बनने का गौरव हासिल किया, जबकि नीलगिरी हाउस उपविजेता रहा। गंगा हाउस की टीम का मार्गदर्शन डॉ. नीतू उपाध्याय एवं डॉ. सरिका मेहता ने किया, वहीं नीलगिरी हाउस का नेतृत्व डॉ. तनूजा गुप्ता और टीम कप्तान प्रियंका कुमारी ने संभाला। प्रतियोगिता में अपने शानदार प्रदर्शन के लिए प्रशिक्षु शोभा कुमारी को 'प्लेयर ऑफ द चैंपियनशिप' घोषित किया गया। समापन समारोह में कॉलेज प्रबंधन के पदाधिकारी डॉ. अनूप कुमार मेहता एवं रवि प्रकाश ने विजेता, उपविजेता और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।

## कारगिल विजय दिवस : शहीदों के चरणों में नतमस्तक हुए विधायक प्रदीप प्रसाद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** कारगिल विजय दिवस के पावन अवसर पर पूरा हजारीबाग राष्ट्रभक्ति के रंग में सराबोर नजर आया। शहर स्थित शहीद स्मारक में आयोजित श्रद्धांजलि समारोह में हजारीबाग विधायक प्रदीप प्रसाद ने अमर शहीदों को पुष्पचक्र अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी और कहा कि कारगिल के रणबांकुरों का बलिदान केवल इतिहास का एक अध्याय नहीं, बल्कि भारत की अमर गौरवगाथा है, जो सदियों तक हर भारतीय के हृदय में देशभक्ति की लौ जलाती रहेगी। उन्होंने कहा कि 26 जुलाई का दिन भारत के स्वाभिमान, शौर्य और अदम्य साहस का प्रतीक है। वर्ष 1999 में कारगिल की दुर्गम, बर्फ से ढकी ऊंची चोटियों पर भारतीय सेना के वीर जवानों ने अपनी जान की परवाह किए बिना दुश्मनों को करारी शिकस्त देकर पूरी दुनिया को भारत की ताकत का एहसास कराया। मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर सपूतों की वीरता आने वाली पीढ़ियों को सदैव राष्ट्रसेवा, त्याग और समर्पण की प्रेरणा देती रहेगी। विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि देश आज चैन की नींद सोता है, क्योंकि हमारी सीमाओं पर भारतीय सेना के वीर जवान दिन-रात अपनी जान हथेली पर रखकर मातृभूमि की रक्षा कर रहे हैं। शहीदों का बलिदान कभी व्यर्थ नहीं जाएगा और पूरा देश उनके अद्वितीय साहस को सदैव नमन करता रहेगा। इस अवसर पर विधायक भगवा ध्वज समिति द्वारा आयोजित श्रद्धांजलि एवं वैदिक हवन कार्यक्रम में भी शामिल हुए। उन्होंने हवन में आहुति देकर अमर शहीदों की आत्मा की शांति तथा राष्ट्र की अखंडता, समृद्धि और सुरक्षा की कामना की।

## डीएवी पब्लिक स्कूल बरही में धूमधाम से मनाया गया कारगिल विजय दिवस

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही :** डीएवी पब्लिक स्कूल, बरही में शनिवार को कारगिल विजय दिवस देशभक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान कारगिल युद्ध के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके अदम्य साहस, त्याग और बलिदान को नमन किया गया।

इस अवसर पर कारगिल युद्ध में शहीद हुए कैप्टन सौरभ कालिया, परमवीर चक्र विजेता कैप्टन विक्रम बत्रा सहित अन्य वीर जवानों को याद किया गया। साथ ही परमवीर चक्र विजेता योगेंद्र यादव के शौर्य और पराक्रम का भी स्मरण किया गया। विद्यालय में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत एलकेजी से कक्षा द्वितीय तक के नन्हे विद्यार्थियों ने सैनिकों की वेशभूषा में आकर्षक प्रस्तुति देकर मातृभूमि के प्रति अपने प्रेम और समर्पण की भावना को प्रदर्शित किया। वहीं कक्षा आठवीं के छात्र-छात्राओं ने भाषण के माध्यम से कारगिल विजय दिवस के महत्व और देशभक्ति की भावना पर अपने विचार व्यक्त किए। विद्यालय के प्राचार्य पुष्प कुमार झा ने अपने संबोधन में कहा कि कारगिल की विजय गाथा सदैव भारतवासियों के उच्च मनोबल, साहस और राष्ट्रभक्ति का परिचायक रहेगी। उन्होंने कहा कि देश की सीमाओं पर तैनात सैनिकों के अथक परिश्रम और बलिदान के कारण ही देशवासी सुरक्षित और निश्चिंत जीवन जी पाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अपने जीवन में ईमानदारी, अनुशासन और राष्ट्रसेवा की भावना को अपनाएं तथा अपने कर्तव्यों का पूरी निष्ठा से पालन करें।

## श्रावणी मेले की तैयारियों को लेकर बुढ़वा महादेव सेवा समिति की हुई बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत बुढवा महादेव सेवा समिति कर्णपूरा क्षेत्र बड़कागांव के द्वारा श्रवणी मेला को लेकर बैठक किया गया बैठक कि अध्यक्षता बुढवा महादेव सेवा समिति कर्णपूरा क्षेत्र बड़कागांव के अध्यक्ष सुरेश महतो व्दारा किया गया इस बैठक में पंडरिया, खैरातरी, कांडतरी के ग्रामीणों ने भाग लिया बैठक में नया कमिटी का भी गठन किया गया जिसमें नया अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष के साथ अन्य पदो का भी चयन किया गया। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए योगेन्द्र महतो कांडतरी, सचिव पद सरजू महतो पंडरिया, कोषाध्यक्ष संजय महतो खैरातरी, उपाध्याय अजित कुमार, उप सचिव रमन कुमार, संगठन मंत्री अशोक कुमार को बनाया गया। सदस्य के रूप में जिला परिषद सुनिता देवी, उप प्रमुख वचनदेव कुमार, डॉ रघुनंदन कुमार, प्रेमचंद कुमार, सिकंदर महतो, रूपनारायण महतो, रणविजय कुमार, संतोष कुमार ,उमेश कुमार, मनोज कुमार ,दिनेश्वर महतो, भोला महतो, तुलेश्वर महतो, हितलाल महतो, अनिल कुमार राम, प्रभु दयाल ठाकुर, रामविलास महतो, जयपाल कुमार, आलोक कुमार नागमणि, प्रदीप कुमार, बालेश्वर राम, कीनू राम, धर्मनाथ महतो, कमलनाथ महतो, बेचन राणा, दशरथ महतो, राजकुमार राणा उपस्थित थे।

## पुलिस आपके द्वार कार्यक्रम के तहत परियोजना बालिका उच्च विद्यालय के छात्राओं को किया जागरूक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही :** बरही परियोजना बालिका उच्च विद्यालय में एसडीपीओ राधा प्रेम किशोर के नेतृत्व में पुलिस आपके द्वार कार्यक्रम के तहत छात्राओं के बीच कानूनी जागरूकता कार्यक्रम आयोजन किया गया। इस दौरान छात्राओं को उनकी सुरक्षा, कानूनी अधिकार तथा आपातकालीन परिस्थितियों में कैसे पुलिस सहायता प्राप्त करने के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी गया। मौके पर बरही थाना प्रभारी बिनोद कुमार, महिला थाना प्रभारी कुमारी राधा रागिनी, स्थानीय मुखिया यास्मीन तब्बसुम, महिला थाना से ब्यूटी कुमारी, विद्यालय प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष भारत निषाद सहित कई लोग मौजूद रहे। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को डायल-112 आपातकालीन सेवा, पॉक्सो एक्ट, महिला सुरक्षा साइबर सुरक्षा एवं गुड टच और बैड टच के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही ऑनलाइन ठगी, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग और किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर तत्काल पुलिस से संपर्क करने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान एसडीपीओ राधा प्रेम किशोर ने बताया कि छात्राओं को अपने अधिकारों और कानून की जानकारी होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, उत्पीड़न या अपराध की स्थिति में डरने के बजाय तुरंत पुलिस को सूचना दें। किसी भी परिस्थिति में पुलिस सुरक्षा के लिए तत्पर है। उन्होंने कहा कि आज के दौर में मोबाइल फोन शिक्षा, संचार और जानकारी का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। इसका सही तरीके से उपयोग किया जाए तो यह विद्यार्थियों के ज्ञान और व्यक्तित्व विकास में काफी सहायक साबित हो सकता है। छात्र-छात्राओं को मोबाइल का उपयोग पढ़ाई, ऑनलाइन शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और आवश्यक जानकारी प्राप्त करने के लिए करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मोबाइल का दुरुपयोग कई गंभीर समस्याओं को जन्म देता है। सोशल मीडिया का अत्यधिक उपयोग, फर्जी लिंक पर क्लिक करना, अजनबियों से बातचीत करना, निजी फोटो या जानकारी साझा करना तथा ऑनलाइन गेम और अनावश्यक इंटरनेट उपयोग से साइबर अपराध का खतरा बढ़ जाता है। इससे मानसिक तनाव, समय की बबार्दी और पढ़ाई पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने बताया कि छात्राओं से अपील की कि वे मोबाइल का उपयोग जिम्मेदारी और सावधानी के साथ करें। किसी भी संदिग्ध कॉल, मैसेज, लिंक या साइबर ठगी का शिकार होने पर तुरंत पुलिस या साइबर हेल्पलाइन पर सूचना दें। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में जागरूकता और सतर्कता ही सबसे बड़ी सुरक्षा है। पुनि सह थाना प्रभारी बिनोद कुमार ने कहा कि आपातकालीन स्थिति में डायल -112 सबसे तेज और प्रभावी पुलिस सहायता सेवा है। उन्होंने छात्राओं से अपील करते हुए कहा कि घटना को छिपाने के बजाय तुरंत पुलिस को सूचना दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। महिला थाना प्रभारी कुमारी राधा रागिनी ने छात्राओं को पॉक्सो एक्ट, गुड टच और बैड टच के बारे में सरल भाषा में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति अनुचित व्यवहार करता है तो छात्राएं बिना डरे अपने अभिभावकों, शिक्षकों या पुलिस को इसकी जानकारी दें।

## संक्षिप्त खबरें

### भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बरही में संस्कृति बोध प्रश्न मंच प्रतियोगिता आयोजित




**बरही :** बरही गया रोड स्थित भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में रविवार को संस्कृति बोध परियोजना के अंतर्गत विभिन्न विधाओं की प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पुष्पार्चन एवं वंदना के साथ हुआ। विद्यालय के प्रभारी राजू कुमार ने कार्यक्रम की प्रस्तावना प्रस्तुत करते हुए अतिथियों का परिचय कराया। स्थानीय विद्यालय की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का अभिनंदन किया। कार्यक्रम में संकुल प्रमुख एवं प्रधानाचार्य आनंद मोहन ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए संस्कृति, ज्ञान और प्रतियोगिताओं के महत्व पर प्रकाश डाला। विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के संरक्षक त्रिवेणी साहू, कोषाध्यक्ष रोहित कुमार तथा पदेन सदस्य सह साहू समाज के मुखिया सुरेश साहू की गरिमामयी उपस्थिति रही। संरक्षक त्रिवेणी साहू ने अपने आशीर्वचन में विद्यार्थियों को निरंतर अध्ययन एवं संस्कारयुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया। शिवतारा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, ब्लॉक रोड तिलैया के प्रधानाचार्य कृष्णकांत दुबे ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करती हैं तथा ₹हम से आगे हम₹ की सोच को प्रोत्साहित करती हैं। कार्यक्रम का संचालन आचार्या जूली कुमारी ने किया। प्रतियोगिता में कैलाश राय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर तिलैया, शिवतारा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, ब्लॉक रोड तिलैया तथा भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, बरही के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने विज्ञान, वैदिक गणित एवं संस्कृति बोध परियोजना के अंतर्गत मूर्तिकला, कथा-कथन, आशु भाषण सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा और ज्ञान का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पाण्डेय ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए सभी प्रतिभागियों, अतिथियों एवं आयोजन से जुड़े लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### जिला योग प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाया अद्भुत कौशल, हर्ष अजमेरा ने किया सम्मानित



**हजारीबाग :** हजारीबाग शहर स्थित आरोग्यम नर्सिंग इंस्टीट्यूट के सभागार में डिस्ट्रिक्ट योगा प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विद्यालयों एवं संस्थानों से आए प्रतिभागी बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर योग की विभिन्न विधाओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतिभागियों ने अपने संतुलन, लचीलेपन, अनुशासन और आत्मविश्वास से उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में युवासमाजसेवी हर्ष अजमेरा वही विशिष्ट अतिथि के रूप में हरीश श्रीवास्तव सहित कई लोग उपस्थित हुए। उन्होंने प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को मैडल, प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। अपने संबोधन में युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा ने कहा कि योग केवल एक व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवन जीने की वैज्ञानिक और भारतीय जीवनशैली है। उन्होंने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में बच्चों को नियमित रूप से योग अपनाना चाहिए, ताकि वे शारीरिक रूप से स्वस्थ, मानसिक रूप से एकाग्र और नैतिक रूप से मजबूत बन सकें। उन्होंने प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए आयोजकों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को स्वस्थ और संस्कारित समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम के दौरान विजेता प्रतिभागियों के साथ-साथ सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया गया। आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं का उद्देश्य बच्चों में योग के प्रति रुचि बढ़ाना, उनकी प्रतिभा को मंच प्रदान करना तथा स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करना है। प्रतियोगिता का समापन विजेताओं के सम्मान एवं सभी प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ हुआ। कार्यक्रम में अभिभावक, प्रशिक्षक, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में योग प्रेमी उपस्थित रहे।

### आईएफडब्लूजे से जुड़े पत्रकारों की बैठक, संगठन मजबूती पर चर्चा



**बरही :** इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट से जुड़े पत्रकारों की बैठक प्रखंड परिसर बरही स्थित स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय में हुई। अध्यक्षता अनुमंडल अध्यक्ष कमल शंकर पंडित एवं संचालन सचिव प्रभाकर पाठक ने किया। बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष कृष्णा प्रजापति एवं जिलाध्यक्ष बिपिन बिहारी पांडेय उपस्थित रहे। बैठक में संगठन की मजबूती, एकता तथा परस्पर सहयोग पर चर्चा की गई। प्रदेश उपाध्यक्ष कृष्णा प्रजापति ने सभी पत्रकारों को पत्रकारिता की नॉर्म्स की जानकारी दी। कहा कि वर्तमान समय में आंचलिक पत्रकारिता चुनौतीपूर्ण हो गया है। पत्रकार को पार्टी नहीं बननी चाहिए। ऐसा देखा जा रहा है कि कुछ पत्रकार नियम को ताक में रखकर सोशल मीडिया पर खबरें प्रसारित कर रहे हैं जो जनता को दिग्भ्रमित करता है। उन्होंने बचने की सलाह दी। जिलाध्यक्ष बिपिन बिहारी पांडेय ने कहा कि आपसी एकजुटता से किसी भी समस्या का समाधान हो सकता है। सचिव प्रभाकर पाठक ने कहा कि हमारी एकजुटता से एक दूसरे को सहयोग मिलेगा। कमल शंकर पंडित ने कहा कि हमलोग लोकतंत्र के चौथा स्तंभ कहे जाते है इसलिए हमलोगो को अपनी गरिमा बचाए रखना है। मौके पर कृष्णा प्रजापति, बिपिन बिहारी पांडेय, कमल शंकर पंडित, प्रभाकर पाठक, सोनू पंडित, योगेंद्र प्रजापति, विकास यादव, राकेश कुमार, मो उस्मान, सुजीत प्रधान सहित कई पत्रकार मौजूद रहे।

## एक नजर

### 70 लाख चोरी मामला: जिला बदर अपराधी समेत दो गिरफ्तार

**रांची :** मेसरा ओपी क्षेत्र स्थित पीपी ज्वेलर्स में हुई करीब 65 लाख रुपये के जेवर और नकदी चोरी के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने अंतरजिला चोर गिरोह के दो सदस्यों अमित सिंह और रजनीश लाल को गिरफ्तार किया है। दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। गिरफ्तार आरोपियों में पूर्वी सिंहभूम जिले के सुंदरनगर निवासी अमित सिंह और सीतारामडेरा निवासी रजनीश लाल शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, अमित सिंह पूर्वी सिंहभूम जिला प्रशासन की ओर से जिला बदर किया गया अपराधी है और वह रिश्तेदार के घर छिपकर रह रहा था। पुलिस ने दोनों की निशानदेही पर मानगो-पुरुलिया रोड स्थित मनसा ज्वेलर्स से करीब सवा तीन किलो चांदी जैसे धातु के जेवर बरामद किए हैं। हालांकि, पीपी ज्वेलर्स संचालक ने सोने के जेवर और नकदी चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई थी।

### फर्जी टीटीई गिरोह का भंडाफोड़, चार गिरफ्तार

**रांची :** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने ऑपरेशन ₹रक्षकर₹ के तहत रांची रेलवे स्टेशन पर कार्रवाई करते हुए फर्जी टीटीई और रेलवे अधिकारी बनकर यात्रियों से ठगी करने वाले गिरोह का खुलासा किया है। आरपीएफ ने गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से ठगी की 2 हजार रुपये नकद राशि, सात मोबाइल फोन और अन्य सामान बरामद किया गया है। बरामद मोबाइल में दो फोन संदिग्ध चोरी के बताए जा रहे हैं। सभी आरोपियों को आगे की कार्रवाई के लिए जीआरपी रांची को सौंप दिया गया है। आरपीएफ के अनुसार, 25 जुलाई को सूचना मिली थी कि कुछ लोग रांची रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को कन्फर्म टिकट दिलाने का भरोसा देकर उनसे पैसे ठग रहे हैं। सूचना के आधार पर स्टेशन परिसर में निगरानी अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान यूटीएस बुकिंग कार्यालय के पास दो संदिग्धों को पकड़ा गया। पूछताछ में उनकी पहचान महेश साहनी और चंदन कुमार के रूप में हुई।

### झारखंड में मौसम साफ, बढ़ी उमस और गर्मी

**रांची :** झारखंड की राजधानी रांची समेत राज्य के कई जिलों में शनिवार से मौसम साफ बना हुआ है। बादलों के छंटने और तेज धूप निकलने से तापमान के साथ-साथ उमस में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की गई है। रविवार को रांची में पिछले 24 घंटे के दौरान आर्द्रता (ूमिडिटी) 93 प्रतिशत रिकॉर्ड की गई, जिससे लोगों को दिनभर चिपचिपी गर्मी का सामना करना पड़ा। हालांकि, भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने 30 जुलाई तक राज्य के विभिन्न हिस्सों में गर्जन, वज्रपात और हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताते हुए येलो अलर्ट जारी किया है।

# राज्यपाल ने कारगिल शहीदों को दी श्रद्धांजलि, बोले सेना का साहस देश की ताकत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने रांची के इटकी रोड स्थित आगमन बैंक्वेट हॉल में आयोजित समारोह में कारगिल युद्ध के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का आयोजन वेटरन ऑर्गेनाइजेशन ऑफ झारखंड की ओर से किया गया था। इस दौरान राज्यपाल ने वीर सैनिकों, पूर्व सैनिकों और उनके परिजनों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की।



राज्यपाल ने कहा कि कारगिल विजय दिवस केवल सैन्य विजय का स्मरण नहीं, बल्कि भारतीय सेना के अदम्य साहस, पराक्रम, राष्ट्रनिष्ठा और सर्वोच्च बलिदान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि वर्ष 1999 में कारगिल की दुर्गम पहाड़ियों पर भारतीय सैनिकों ने विपरीत परिस्थितियों में जिस वीरता का परिचय दिया, उसने दुनिया को भारत की सैन्य क्षमता और संकल्प का संदेश दिया।

उन्होंने कहा कि वीर जवानों ने अपने प्राणों की चिंता किए बिना राष्ट्रधर्म निभाया और मातृभूमि की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। उनका त्याग और समर्पण आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्रप्रेम और कर्तव्यनिष्ठा की प्रेरणा देता रहेगा।

राज्यपाल ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके कार्यकाल में भारत ने अपनी संप्रभुता और स्वाभिमान से समझौता नहीं करने का संदेश दिया था।

उन्होंने कहा कि सीमाओं पर तैनात सैनिकों की सतर्कता और समर्पण के कारण ही देशवासी सुरक्षित वातावरण में जीवन जी पाते हैं। जब लोग अपने परिवारों के साथ त्योहार मनाते हैं, तब सैनिक देश की सुरक्षा के लिए सीमाओं पर डटे रहते हैं।

राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश रक्षा क्षमताओं को लगातार मजबूत कर रहा है। स्वदेशी रक्षा उत्पादन, आधुनिक सैन्य उपकरण और सशस्त्र सेनाओं के आधुनिकीकरण से देश की सुरक्षा व्यवस्था को नई मजबूती मिल रही है।

राज्यपाल ने युवाओं से राष्ट्रप्रेम, अनुशासन, सेवा भावना और कर्तव्यनिष्ठा को जीवन का आधार बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण में हर नागरिक की सक्रिय और जिम्मेदार भागीदारी जरूरी है।

कार्यक्रम में वीर सैनिकों और शहीद जवानों के परिजनों को सम्मानित किया गया। इस दौरान देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति भी दी गई, जिसकी राज्यपाल ने सराहना की।

## राज्यपाल से मिले नौसेना प्रमुख एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन



**रांची :** राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से आज लोक भवन, रांची में भारतीय नौसेना प्रमुख एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन ने शिष्टाचार भेंट की। एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन झारखंड प्रवास के क्रम में राज्यपाल से मिलने पहुंचे थे। इस दौरान दोनों के बीच विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई।

## झारखंड संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा शुरू, केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद की ओर से आयोजित झारखंड संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा (कृषि एवं अन्य समवर्गी पाठ्यक्रम-2028) रविवार को रांची समेत राज्य के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर शुरू हुई। परीक्षा को निष्पक्ष और कदाचारमुक्त कराने के लिए जिला प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं।



राज्य के अलग-अलग जिलों से बड़ी संख्या में अभ्यर्थी परीक्षा देने रांची पहुंचे। कई अभ्यर्थियों के साथ उनके अभिभावक भी परीक्षा केंद्रों तक पहुंचे। परीक्षा केंद्रों पर प्रवेश से पहले सभी परीक्षार्थियों की जांच की गई और निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन कराया गया।

परीक्षा के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सदर अनुमंडल दंडाधिकारी कुमार रजत ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा-163 के तहत परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में निषेधाज्ञा लागू की है। यह आदेश रविवार सुबह 7:30 बजे से शाम 6 बजे तक प्रभावी रहेगा।

निषेधाज्ञा के तहत परीक्षा केंद्रों के आसपास पांच या उससे अधिक लोगों के एकत्र होने, ध्वनि विस्तारक यंत्र के उपयोग, हथियार लेकर चलने और किसी भी प्रकार की सभा या प्रदर्शन पर रोक लगाई गई है। हालांकि सरकारी कार्य में लगे अधिकारियों, कर्मचारियों और आवश्यक सेवाओं को इससे छूट दी गई है।

रांची के सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस बरियातू, सेंट जॉन्स हाई स्कूल, सेंट पॉल्स कॉलेज, छोटानागपुर पब्लिक स्कूल, योगदा सत्संग विद्यालय, मारवाड़ी प्लस टू हाई स्कूल, उसुर्लाइन इंटर कॉलेज, गोस्नर कॉलेज समेत अन्य निर्धारित केंद्रों पर सुबह से ही अभ्यर्थियों की भीड़ रही।

परीक्षा देने पहुंचे अभ्यर्थियों ने केंद्रों पर व्यवस्था को संतोषजनक बताया। उन्होंने कहा कि प्रवेश प्रक्रिया व्यवस्थित रही और उम्मीद है कि परीक्षा निष्पक्ष तरीके से संपन्न होगी।

जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के अधिकारी लगातार परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करते रहे। सभी केंद्रों पर दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी और पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है, ताकि परीक्षा के दौरान किसी भी तरह की गड़बड़ी को रोका जा सके।

## रांची में भाजपा नेताओं ने सुनी मन की बात, बताया प्रेरणादायक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मन की बात के 136वें संस्करण के जरिए देशवासियों को संबोधित किया। रांची स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में पार्टी नेताओं और कार्यकताओं ने भी प्रधानमंत्री का कार्यक्रम सुना और इसे प्रेरणादायक बताया।



भाजपा प्रदेश महामंत्री अमर बाउरी, गणेश मिश्रा, मुख्य प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव, प्रवक्ता संदीप वर्मा, शोभा यादव, अशोक बड़ाइक समेत कई नेताओं और बड़ी संख्या में कार्यकताओं ने मन की बात कार्यक्रम में भाग लिया।

कार्यक्रम के बाद भाजपा प्रदेश महामंत्री अमर बाउरी ने कहा कि मन की बात कोई राजनीतिक कार्यक्रम नहीं है, फिर भी यह लंबे समय से लोकप्रिय है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री इस कार्यक्रम के माध्यम से देश के उन लोगों और समूहों को सामने लाते हैं, जिनके छोटे-छोटे प्रयास समाज में बड़ा बदलाव ला रहे हैं।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता शोभा यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का मन की बात कार्यक्रम हमेशा प्रेरणा देने वाला होता है। उन्होंने कहा कि इस बार करगिल विजय दिवस, पर्यावरण संरक्षण और युवाओं की उपलब्धियों को लेकर प्रधानमंत्री की बातें काफी प्रेरक रहीं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कार्यक्रम में करगिल युद्ध के वीर जवानों को नमन किया। उन्होंने बारिश के पानी को बचाने के लिए कैच द रेन अभियान का जिक्र करते हुए जल संरक्षण की अपील की।

उन्होंने राष्ट्रमंडल खेलों में भारतीय खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना की और अंतरिक्ष क्षेत्र में निजी कंपनियों द्वारा विकसित रॉकेट विक्रम-1 के सफल प्रक्षेपण को देश के लिए गौरव का क्षण बताया। प्रधानमंत्री ने विज्ञान ओलंपियाड में भारतीय छात्रों के प्रदर्शन की भी प्रशंसा की।

## संक्षिप्त खबरें

### जेएसएससी-जेपीएससी की सीबीआई जांच की मांग को लेकर छात्रों का सत्याग्रह जारी



**रांची :** जेपीएससी और जेएसएससी की भर्ती परीक्षाओं में कथित धांधली और अनियमितताओं की सीबीआई जांच की मांग को लेकर छात्रों का आंदोलन लगातार जारी है। मोरहाबादी मैदान स्थित बापू वाटिका में चल रहे अनिश्चितकालीन सत्याग्रह धरना दूसरे दिन रविवार को भी जारी रहा। बड़ी संख्या में छात्र और अभ्यर्थी धरनास्थल पर जुटे और सरकार से विवादित भर्ती परीक्षाओं पर शीघ्र निर्णय लेने की मांग की। धरनास्थल पर छात्रों ने झारखंड सरकार होश में आओ, भ्रष्टाचार बंद करो और सीबीआई जांच कराओ, परीक्षा रद्द करो जैसे नारे लगाए। प्रदर्शनकारियों ने हाथों में तख्तियां लेकर भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्ष जांच की मांग उठाई। जेएसएससी की ओर से विवादित परीक्षा एजेंसी को लेकर स्पष्टीकरण जारी किए जाने के बावजूद अभ्यर्थियों में नाराजगी बनी रही। इस अवसर पर छात्र नेता देवेंद्र नाथ महतो ने कहा कि जांच टीम के समक्ष भर्ती परीक्षाओं में धांधली और अनियमितताओं से जुड़े कई तथ्य सामने आ चुके हैं। इसके बावजूद अबतक विवादित परीक्षाओं को रद्द नहीं किया जाना सरकार की मंशा पर सवाल खड़े करता है। उन्होंने पूरे मामले की सीबीआई से निष्पक्ष जांच कराने, जेपीएससी और जेएसएससी की कार्यप्रणाली में व्यापक सुधार करने तथा विवादित भर्ती परीक्षाओं को पूरी पारदर्शिता के साथ पुनः आयोजित करने की मांग की। धरना में दीनबंधु मंडल, रामावतार महतो, दीप्ति पांडे, रिहान अंसारी, महावीर साहू, शिल्पी कुमारी, अंकित कुमार, आलिया नाज सहित बड़ी संख्या में छात्र और अभ्यर्थी मौजूद थे।

### अभाविप ने शहीदों की स्मृति में दीप प्रज्जवलित कर अर्पित की श्रद्धांजलि

**रांची :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् (एबीवीपी) की ओर से कारगिल विजय दिवस पर रविवार को शहीद चौक, रांची में 'एक दीप शहीदों के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर परिषद् के कार्यकताओं एवं विद्यार्थियों ने शहीदों की स्मृति में दीप प्रज्जवलित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की तथा भारत माता के जयघोष और वीर जवानों के सम्मान में देशभक्ति के नारे लगाए। उपस्थित सभी लोगों ने राष्ट्र की रक्षा के लिए अपने सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर सैनिकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। कार्यक्रम का उद्देश्य कारगिल युद्ध में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करना तथा युवाओं में राष्ट्रभक्ति एवं देशसेवा की भावना को जागृत करना था। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए परिषद् के वक्ताओं ने कहा कि कारगिल विजय दिवस भारतीय सेना के अदम्य साहस,पराक्रम और राष्ट्र के प्रति समर्पण का प्रतीक है। देश के वीर जवानों के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। आज का युवा उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। कार्यक्रम में राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य शुभम पुरोहित,महानगर मंत्री तुषार दूबे, प्रदेश सोशल मीडिया सह संयोजक कुमकुम गुप्ता,प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य तुषार शर्मा,महानगर संगठन मंत्री उज्जवल तिवारी,प्रियांशु तिवारी,अंकित राज,हर्षित पांडे,हर्ष यादव,श्वेता कुमारी, नीतीश यादव, दिव्यांशु कुमार,मिथिलेश गुप्ता,आकाश कुमार,रोहित शर्मा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। अंत में सभी ने राष्ट्र की एकता,अखंडता और सुरक्षा के लिए सदैव समर्पित रहने का संकल्प लिया।

## झारखंड में इंटर्न और रेजिडेंट डॉक्टरों की निजी प्रैक्टिस पर रोक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड सरकार ने राज्य के सभी सरकारी मेडिकल कॉलेजों में कार्यरत इंटर्न, जूनियर रेजिडेंट और सीनियर रेजिडेंट की निजी प्रैक्टिस पर रोक लगा दी है। स्वास्थ्य विभाग ने इस संबंध में सभी मेडिकल कॉलेजों को निर्देश जारी कर दिए हैं।

सरकार के निर्देश के अनुसार इंटर्न, जूनियर रेजिडेंट और सीनियर रेजिडेंट को शपथ पत्र देना होगा कि वे किसी भी प्रकार की निजी प्रैक्टिस नहीं कर रहे हैं। शपथ पत्र जमा करने के बाद ही उनका मानदेय जारी किया जाएगा।

सरकार का कहना है कि इस निर्णय का उद्देश्य मेडिकल कॉलेजों और संबद्ध अस्पतालों में डॉक्टरों की नियमित उपलब्धता सुनिश्चित करना तथा मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। लंबे समय से शिकायत मिल रही थी कि कुछ रेजिडेंट डॉक्टर निजी प्रैक्टिस के कारण अस्पताल में पर्याप्त समय नहीं दे रहे थे।

धनबाद मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल समेत सभी सरकारी मेडिकल कॉलेजों में इस आदेश का पालन शुरू हो गया है। अस्पताल प्रशासन निर्धारित प्रारूप में शपथ पत्र भरवा रहा है।

धनबाद मेडिकल कॉलेज के अधीक्षक डॉ. डी.के. गिन्दौरिया ने बताया कि राज्य सरकार के निदेशों का अक्षरशः पालन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यदि कोई डॉक्टर निजी प्रैक्टिस करते हुए पाया जाता है या शपथ पत्र में गलत जानकारी देता है तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## रांची एयरपोर्ट पर इंडिगो विमान की उड़ान टली, तकनीकी खराबी के बाद यात्री सुरक्षित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर शनिवार रात इंडिगो के एक विमान में तकनीकी खराबी मिलने के बाद उसकी उड़ान रोक दी गई। विमान को एहतियातन ग्राउंड कर दिया गया और उसमें सवार सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। घटना में किसी यात्री या चालक दल के सदस्य को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है।



जानकारी के अनुसार, इंडिगो का विमान भुवनेश्वर से निर्धारित समय पर रांची पहुंचा था। रांची पहुंचने के बाद इंजीनियरिंग टीम ने विमान की नियमित जांच की। इसी दौरान तकनीकी समस्या सामने आई, जिसके बाद सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विमान को आगे की उड़ान के लिए रोक दिया गया।

भुवनेश्वर जाने वाले यात्रियों की बोर्डिंग पूरी हो चुकी थी और वे विमान में बैठ चुके थे। तकनीकी जांच की रिपोर्ट मिलने के बाद एयरलाइन ने उड़ान रद्द करने का फैसला लिया। इसके बाद यात्रियों को जानकारी देकर सुरक्षित तरीके से विमान से बाहर निकाला गया। उड़ान रद्द होने के बाद यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की गई।

एयरपोर्ट प्रशासन के अनुसार, रांची से कोलकाता जाने वाली इंडिगो की एक अन्य उड़ान को रद्द कर उसके विमान का इस्तेमाल भुवनेश्वर जाने वाले यात्रियों के लिए किया गया। एयरपोर्ट प्रशासन ने बताया कि तकनीकी टीम विमान की विस्तृत जांच कर रही है। सभी सुरक्षा मानकों को पूरा करने के बाद ही विमान को दोबारा उड़ान की अनुमति दी जाएगी।

### क्षत्रिय महासंघ की बेड़ो कमेटी गठित, लाल सेवक नाथ शाहदेव बने प्रखंड अध्यक्ष

**रांची :** झारखंड क्षत्रिय महासंघ की ओर से संगठन विस्तार अभियान के तहत रविवार को इटाचिलद्री स्थित जगन्नाथ स्वामी मंदिर परिसर में बैठक हुई। इसके साथ ही प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने बैठक के बाद बेड़ो प्रखंड की नई कमेटी की घोषणा की गई। जिसके तहत बेड़ो प्रखंड समिति की नई कार्यकारिणी कमेटी में लाल सेवक नाथ शाहदेव को प्रखंड अध्यक्ष बनाया गया। कार्यकारी अध्यक्ष नवल किशोर सिंह,सचिव लाल ब्रजकिशोर नाथ शाहदेव,कोषाध्यक्ष बिहारी सिंह और कार्यकारिणी सदस्य लाल सुमन कुमार शाहदेव,आनन्द सिंह,ललन सिंह,कालिन्दर सिंह,रामलखन सिंह,लाल कमलेश कुमार, लाल विश्वनाथ शाहदेव, कृष्णा सिंह,जितेन्द्र सिंह,लाल संजय नाथ शाहदेव,रामराज सिंह बनाए गए। इस अवसर पर सबों ने संगठन की मजबूती और बेहतर तरीके से समाज के लिए कार्य करने का संकल्प लिया। प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने कहा कि समाज को शिक्षा,सामाजिक सेवा,युवा नेतृत्व और आपसी सहयोग की भावना के साथ संगठित होना होगा। उन्होंने कहा कि मजबूत संगठन ही समाज के अधिकारों की रक्षा करने के साथ नई पीढ़ी के लिए बेहतर अवसर सुनिश्चित कर सकता है। नवनियुक्त प्रखंड अध्यक्ष लाल शेवक नाथ शाहदेव ने समाज की एकता, संगठन विस्तार और जनकल्याण के लिए सक्रियता से कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया। बैठक में विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे समाज के प्रतिनिधियों ने महासंघ के पंजीकरण,संगठन विस्तार,कोष संग्रह,सामाजिक एकजुटता तथा शिक्षा, रोजगार और आर्थिक सशक्तीकरण जैसे मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। बैठक की अध्यक्षता नवल किशोर सिंह तथा संचालन लाल संजय नाथ शाहदेव ने किया। बैठक में महासंघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राधा चरण सिंह,महासचिव हरि शंकर सिंह,प्रवक्ता राजेश नाथ शाहदेव,कोषाध्यक्ष रूद्रेश्वर राय,संरक्षक दयानन्द राय सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं समाज के गणमान्य सदस्य मौजूद थे।

# एसआईआर को सफल बनाने की अपील : वोट की शुद्धता के लिए सही मतदाता सूची जरूरी : रानी कुमारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** शहर की जानी-मानी समाजसेविका रानी कुमारी ने कहा है कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के प्रति मतदाताओं को जागरूक होना जरूरी है।

उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की नींव वोट है और वोट की शुद्धता के लिए सही मतदाता सूची जरूरी है। इसी उद्देश्य से चुनाव आयोग द्वारा समय-समय पर विशेष गहन पुनरीक्षण (स्पेशल इंटेंसिव रिविजन) कार्यक्रम संचालित किया जाता है।

वर्तमान में मतदाता सूची का घर-घर जाकर गहन सत्यापन कराया जा रहा है। इसमें बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) हर घर जाकर मतदाता सूची में नाम, पता, उम्र और फोटो की जांच करते हैं। इसमें मतदाताओं को सहयोग करने की जरूरत है।

उन्होंने बताया कि साधारण पुनरीक्षण में सिर्फ ऑनलाइन/ऑफलाइन आवेदन लिए जाते हैं, लेकिन एसआईआर में फिजिकल वेरिफिकेशन जरूरी होता है। एसआईआर का उद्देश्य एक व्यक्ति का नाम दो जगह न हो, मृत मतदाताओं का नाम हटाया जा सके,ताकि फर्जी वोटिंग रुके, स्थानांतरित लोगों का नाम



जोड़ना/हटाना,जो लोग नए आए या चले गए।

18 वर्ष से अधिक आयु के नए युवाओं को जोड़ना, हर योग्य नागरिक का नाम सूची में हो, गलत जानकारी सुधारना, नाम, उम्र, लिंग, फोटो में त्रुटि ठीक करना है। इससे निष्पक्ष, पारदर्शी और त्रुटिरहित चुनाव संभव होते हैं।

रानी कुमारी ने कहा कि मतदाता के रूप में हमारी जिम्मेदारी है कि एसआईआर

के दौरान जब बीएलओ आपके घर आएं तो फॉर्म जरूर भरें, सत्यापन फॉर्म में जानकारी दें, दस्तावेज साथ रखें, आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, पता प्रमाण,नए 18+ युवा फॉर्म-6 भरकर नाम जुड़वाएं, स्थान बदलने पर फॉर्म-8ए से पता अपडेट करवाएं, मृत/स्थानांतरित लोगों की सूचना दें, ताकि उनका नाम हटाया जा सके। उन्होंने कहा कि एसआईआर के लिए किसी को पैसे नहीं देने हैं। ये पूरी तरह मुफ्त है।

अफवाहों पर ध्यान न दें। सिर्फ चुनाव आयोग की आधिकारिक सूचना मानें।

अंतिम सूची प्रकाशित होने के बाद दावा-आपत्ति का समय भी मिलता है।

रानी कुमारी ने कहा कि एक वोट तय करता है कि सरकार किसकी बनेगी। लेकिन वो वोट तभी मायने रखेगा जब आपका नाम सही सूची में होगा।

एसआईआर सिर्फ कागजी काम नहीं, लोकतंत्र को मजबूत करने का अभियान है।

इसलिए जब बीएलओ आएं तो सहयोग करें। उन्होंने विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को शत-प्रतिशत सफल बनाने की मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि निर्धारित समय सीमा 29 जुलाई, 2026 तक आवश्यक रूप से इम्यूनरेशन फॉर्म भरकर जमा कर दें।

## एक नजर

### डीएपी-यूरिया की मनमानी कीमतों पर भाकपा माले का विरोध

**कोडरमा :** जयनगर माले प्रखंड सचिव मुंना यादव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा पूरे कोडरमा जिला में और खासकर जयनगर प्रखंड क्षेत्र में डीएपी खाद , यूरिया फर्टिलाइजर मनमानी दाम पर बेचा जा रहा है। डीएपी 1900 से लेकर 2200 रुपए बोरी तक बेचा जा रहा है यूरिया का खाद 400 से लेकर 450बोरी बेचा जा रहा है। दुकानदार हवाला देते हैं जीएसटी लागू हो गया और 2700 रुपया का बिल डीएपी खाद पर निकलता है मनमाने दाम पर डीएपी यूरिया खाद बिक रहा है। लेकिन कोडरमा जिला प्रशासन को किसानों को सरकार द्वारा निर्धारित दाम पर डीएपी, एवं यूरिया खाद उपलब्ध करवाया जाए जिला प्रशासन फर्टिलाइजर विक्रेता के ऊपर लगाम लगावे नियमित रूप से दुकानों का जांच किया जाए। किसानों के द्वारा जोरदार आंदोलन किया जाएगा जिसकी जवाब देही जिला प्रशासन होगा।

### कंझियाडीह निवासी युवक भागीरथ साव लापता



**जयनगर:** थाना क्षेत्र अंतर्गत डंडाडीह पंचायत के ग्राम कंझियाडीह निवासी द्वारिका साव का 22 वर्षीय पुत्र भागीरथ साव 20 जुलाई की संध्या 5:30 बजे से लापता है। परिजनों व रिश्तेदारों के यहां खोजबीन के बाद भी उसका कोई पता नहीं चल पाया है। लापता युवक का मोबाइल नंबर 6207489741 है। इस संबंध में लापता युवक के पिता द्वारिका साव ने जयनगर थाना में एक सन्हा दर्ज कराते हुए अपने पुत्र के खोजबीन का आग्रह किया है।

### मानव तस्करी मामले में तीन आरोपित गिरफ्तार

**पश्चिमी सिंहभूम :** पश्चिमी सिंहभूम जिले के चर्चित चक्रधरपुर मानव तस्करी मामले में पुलिस ने कार्रवाई तेज करते हुए तीन और आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इन गिरफ्तारियों के साथ अब तक इस मामले में कुल पांच आरोपितों को न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है। पुलिस का कहना है कि मानव तस्करी के इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच की जा रही है। रविवार को चक्रधरपुर थाना प्रभारी अवधेश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपितों में सांगाजाटा निवासी बुधराम गोप, गुडासाई निवासी दुर्योधन कुमार उर्फ बिरजू तथा बिन्दीरांगरई निवासी तुराम कांडेयांग उर्फ अरुण शामिल हैं। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि तीनों अपने-अपने इलाके के ग्रामीणों और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को बेहतर रोजगार और अधिक मजदूरी का झांसा देकर अपने संपर्क में लाते थे। इसके बाद उन्हें दूसरे राज्यों में काम दिलाने के नाम पर भेजा जाता था, जिससे आरोपियों को आर्थिक लाभ मिलता था। यह मामला 17 मई 2026 की रात सामने आया था, जब पोड़ाहाट के एसडीपीओ डॉ. सैयद मुस्तफा हासमी को सूचना मिली थी कि चक्रधरपुर स्थित एक होटल में कई लोगों को अवैध रूप से रोककर रखा गया है। सूचना के बाद पुलिस अधीक्षक अमित रेणु के निर्देश पर विशेष टीम गठित की गई। चक्रधरपुर थाना पुलिस ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार, श्रम विभाग, कर्रा सोसाइटी फॉर रूरल एक्शन तथा चाइल्डलाइन के साथ संयुक्त छापेमारी कर होटल से 30 महिला-पुरुष मजदूरों और छह नाबालिग बच्चों को सुरक्षित मुक्त कराया था।

## राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन कोडरमा जिला इकाई की बैठक संपन्न

# संगठन मानवाधिकार हनन के खिलाफ हमेशा खड़ी रहेगी : राष्ट्रीय अध्यक्ष

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**झुमरी तिलैया :** राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन कोडरमा जिला इकाई की बैठक झुमरी तिलैया स्थित साहू धर्मशाला में की गई। बैठक के नेता जिला अध्यक्ष धीरज कुमार ने किया। जबकि संचालन महासचिव उदय चंद्र किशोर ने किया। बैठक में मुख्य रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविंद कुमार, प्रदेश अध्यक्ष कृष्णा प्रजापति, प्रदेश संयोजक भरत यादव तथा प्रदेश कल्याण सचिव दिलीप गुप्ता मौजूद थे। बैठक में नव चयनित सदस्यों के बीच मनोनयन पत्र तथा पहचान पत्र वितरण किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविंद कुमार ने कहा कि आज जिस अनुपात में मानवाधिकार का हनन हो रहा है और लोगों को न्याय मिल पाना मुश्किल हो रहा है ऐसे वक्त में राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन पीड़ित परिवार के साथ खड़े होकर उन्हें न्याय दिलाने का काम करेगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन पूरे देश में सक्रिय रूप से कम कर रहा है और झारखंड में इसका मजबूत आधार तैयार हो चुका है। उन्होंने जिला अध्यक्ष धीरज कुमार को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कोडरमा जिला में मानवाधिकार के मामले को उचित मंच पर ले जाने के लिए ये सक्षम है।

वहीं प्रदेश अध्यक्ष कृष्णा प्रजापति ने कहा कि अब किसी भी दशा में मानवाधिकार का हनन नहीं होगा। इसके लिए, संगठन हर स्तर पर झारखंड में तेजी से कम कर रहा है और कोडरमा में भी इसी कड़ी में संगठन को विस्तार किया जा रहा है। वहीं प्रदेश संयोजक भरत यादव ने कहा कि संगठन से जुड़कर लोगों को भलाई करना ही संगठन का मुख्य उद्देश्य है। वहीं जिला अध्यक्ष धीरज कुमार ने कहा कि कोडरमा में बहुत जल्द सभी प्रखंड में संगठन का विस्तार किया जाएगा और मानवाधिकार के मामले उचित मंच पर उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि गरीबों, वंचितों एवं पीड़ितों को न्याय दिलाना उनका प्रमुख उद्देश्य होगा। बैठक में जिला महासचिव उदयचंद्र किशोर, कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रकाश रजक, बीरेंद्र पासवान, सुजीत नायक, बीना उरांव, जिला सचिव दीपेश अग्रवाल, जिला कार्यक्रम सचिव आनंद कुमार, कुमार रवि उर्फ प्रदीप रजक, जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र ठाकुर, दशरथ पासवान, चंदवारा प्रखंड अध्यक्ष ओम शरण उर्फ मनोज दास, जयनगर प्रखंड अध्यक्ष कुंदन प्रसाद यादव, कोडरमा प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद कयूम उद्दीन, सत्यम कुमार पंडित, प्रहलाद कुमार मोदी, प्रखंड संगठन सचिव मो. सद्दाम अंसारी सहित कई लोग मौजूद थे।

## राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश एम. जैन का झुमरीतिलैया में भव्य स्वागत

# सेवा कार्यों की सराहना कर संगठन को मजबूत बनाने का दिया मंत्र

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**झुमरीतिलैया :** अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश एम. जैन का झुमरीतिलैया आगमन पर मारवाड़ी युवा मंच, झुमरीतिलैया शाखा की ओर से गर्मजोशी और पारंपरिक तरीके से भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ने शाखा के सेवा कार्यों की सराहना करते हुए संगठन को राष्ट्रीय सोच के साथ और अधिक सशक्त बनाने का आह्वान किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ झारखंड प्रांतीय अध्यक्ष विशाल पाड़िया, झारखंड मंडल-1 के उपाध्यक्ष आशीष अग्रवाल तथा झारखंड प्रांतीय कोषाध्यक्ष विकास झाझरिया भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ हुआ। शाखा अध्यक्ष मोहित संघई एवं सचिव अतुल खेतान ने सभी अतिथियों का अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ एवं दिव्य गौ स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मान किया। कार्यक्रम का संचालन उपाध्यक्ष प्रतीक संघई एवं युवा भवन संयोजक राज पच्चीसिया ने किया। इस दौरान बड़े पर्दे पर वीडियो प्रस्तुति के माध्यम से झुमरीतिलैया शाखा द्वारा किए गए सेवा कार्यों, सामाजिक गतिविधियों एवं संगठनात्मक उपलब्धियों का विस्तृत प्रदर्शन किया गया, जिसकी अतिथियों ने सराहना की। कार्यक्रम के दौरान शाखा के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों का राष्ट्रीय एवं प्रांतीय पदाधिकारियों से परिचय कराया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश एम. जैन ने एक-एक सदस्य से आत्मीयता के साथ मुलाकात कर उनके कार्यों की जानकारी ली तथा संगठन की मजबूती के लिए सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। बैठक में शाखा द्वारा संचालित सेवा कार्यों, सदस्यता अभियान, रक्तदान शिविर, शिक्षा सहयोग, सामाजिक गतिविधियों तथा आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से चर्चा हुई।

## सैनिकों के अदम्य साहस एवं बलिदान की तुलना किसी और कार्य से नहीं हो सकती : उपायुक्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़ :** रामगढ़ शहर के बिजुलिया तालाब रोड स्थित अशेश्वर सिंह ब्रह्मर्षि धर्मशाला में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के तत्वाधान में कारगिल विजय दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डीसी ऋतुराज,कैंटोनमेंट बोर्ड के सीईओ विवेक सिंह एवं विंग कमांडर संजीव शर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। साथ ही अतिथियों ने शहीद जवानों को अमर जवान ज्योति पर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किया एवं मां भारती के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया। इस मौके पर डीसी ऋतुराज ने कहा कि सैनिकों के अदम्य साहस एवं बलिदान की तुलना किसी और कार्य से नहीं हो सकती, इनकी शहादत के बदौलत ही आज भारतवर्ष का प्रत्येक नागरिक अपना सीना गौरव से ऊंचा करके रहता है। कार्यक्रम का अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के प्रांतीय संगठन मंत्री रंजन फौजी रामगढ़ जिला के पूर्व महासचिव राम टहल महतो ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के दौरान ममता सिंह के नेतृत्व में आकर्षक झांकी प्रस्तुत किया गया एनसीसी कैडेट्स ने मार्चिंग पास किया। जबकि,एसबीएम पब्लिक स्कूल भुरकुंडा के बच्चों ने भी काफी आकर्षक प्रस्तुति पेश किया। इसके अलावा इंडिविजुअल परफॉर्मेंस में भी अनेक कलाकारों ने अपना कल का प्रदर्शन किया। राहुल महतो पवन पॉप और लाइन पॉप ने व्यक्तिगत आकर्षक कला प्रस्तुत किया।

## रोटरी क्लब कोडरमा ने जैन संत सुयश सागर एवं कौशल्य सागर का किया स्वागत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कोडरमा :** जैन धर्म के परम तपस्वी संत मुनि श्री 108 सुयश सागर महाराज एवं मुनि श्री कौशल्य सागर महाराज के झुमरी तिलैया आगमन पर रोटरी क्लब कोडरमा की ओर से उनका श्रद्धापूर्वक स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। स्थानीय पाजी होटल के समीप रोटरी क्लब के सदस्यों ने जैन संतों के चरणों का पूजन कर चरणोदक को श्रद्धापूर्वक अपने मस्तक पर लगाया तथा पुष्पवर्षा कर उनका अभिनंदन किया। इस दौरान सदस्यों ने संतों से आशीर्वाद प्राप्त कर समाज में शांति, सद्भाव एवं मानव सेवा के संदेश को आत्मसात करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर रोटरी क्लब कोडरमा के अध्यक्ष नवीन आर्य, सुरेश जैन, धर्मेंद्र प्रसाद, सुरेश सेठी, आकाश खेतान, संदीप सिन्हा, मनीष गंगवाल, ईशान सेठी सहित क्लब के कई सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक वातावरण के बीच संपन्न हुआ।

# शिल्पकार मेले की सफलता को लेकर विश्वकर्मा समाज ने बनाई रणनीति

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कोडरमा :** झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज कोडरमा जिला इकाई की बैठक ध्वजाधारी धाम में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज के प्रदेश महा सचिव हीरामन मिस्त्री, प्रदेश उपाध्यक्ष बाकोबूलाल राणा, जिला अध्यक्ष सुभाष राणा मौजूद थे। बैठक में आगामी सितंबर माह में रांची में आयोजित विश्वकर्मा शिल्पकार मेला को सफल बनाने, सदस्यता अभियान चलाने, कोष संग्रह करने तथा सदस्य शुल्क निर्धारित करने, समाज की ओर से विवाह प्रमाण पत्र निर्गत करने एवं नगर पंचायत का गठन करने पर विचार विमर्श किया गया। मौके पर प्रदेश महासचिव हीरामन मिस्त्री ने कहा कि शिक्षा व संस्कार से समाज का विकास होता है, हम सभी समाज के लोग अपने अधिकार के लिए संगठित होना होगा तभी हम किसी भी सरकार से अपने समाज के अधिकार मांग सकते हैं। वहीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए,जिला अध्यक्ष सुभाष राणा ने कहा कि स्वच्छ समाज निर्माण के लिए समाज की हर कुरीतियां को दूर करना होगा तभी हम एक प्लेटफार्म आकर समाज को विकसित कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि आगामी सितंबर माह में रांची में आयोजित शिल्पकार मेला में हर प्रखंड से समाज के सैकड़ो लोग शामिल होंगे। इसके लिए झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज हर प्रखंडों में निर्धारित समय के अनुसार बैठक कर सदस्य शुल्क के कोष संग्रह आदि किया जाएगा ताकि कोडरमा जिले से हजारों की संख्या में शिल्पकार मेला में भाग ले सके। उन्होंने कहा कि शिल्पकार मेला में अधिक से अधिक भाग लेने के लिए पंचायत स्तर से लेकर जिला स्तर तक प्रचार प्रसार किया जाएगा। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष सह अधिवक्ता बाबूलाल राणा, प्रखंड अध्यक्ष रामचंद्र राणा, गंगाधर राणा, मनोज राणा, भुनेश्वर राणा, द्वारिका राणा आदि ने भी संबोधित कर समाज के संगठन को मजबूत एवं समाज के विकास पर अपने-अपने विचार दिए।

# जीएस पब्लिक स्कूल में उत्साहपूर्वक मनाया गया कारगिल विजय दिवस

## कारगिल के वीरों का बलिदान हमारी सबसे बड़ी प्रेरणा है : नितेश कुमार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कोडरमा :** डोमचांच स्थित जी. एस. पब्लिक स्कूल में कारगिल विजय दिवस बड़े ही सम्मान, गर्व एवं देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीतों पर भाव-विभोर कर देने वाली आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। बच्चों के जोश, उत्साह और देशप्रेम से ओत-प्रोत प्रदर्शन ने उपस्थित सभी शिक्षकों, अभिभावकों एवं अतिथियों का मन मोह लिया। पूरा विद्यालय राष्ट्रभक्ति के रंग में रंगा हुआ दिखाई दिया। उपस्थित विद्यालय के निदेशक नितेश कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि कारगिल विजय दिवस केवल एक विजय का पर्व नहीं, बल्कि हमारे वीर सैनिकों के अदम्य साहस, त्याग और राष्ट्रभक्ति को नमन करने का दिन है। उन्होंने विद्यार्थियों से देशप्रेम, अनुशासन एवं ईमानदारी के मार्ग पर चलने तथा देश के जिम्मेदार नागरिक बनने का आह्वान किया। विद्यालय के उपनिदेशक नीरज सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि हमारे वीर सैनिकों का त्याग और बलिदान प्रत्येक भारतीय के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने विद्यार्थियों से राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए जीवन में अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा एवं सेवा-भाव अपनाने का संदेश दिया। वहीं कार्यक्रम में उपस्थित विद्यालय की प्राचार्या प्रतिमा कुमारी ने अपने संबोधन में कहा कि कारगिल विजय दिवस केवल इतिहास का एक गौरवशाली अध्याय नहीं, बल्कि देश के प्रति समर्पण, साहस और बलिदान की अमर गाथा है। हमें अपने वीर सैनिकों के त्याग से प्रेरणा लेकर राष्ट्रप्रेम, अनुशासन और नैतिक मूल्यों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में देशभक्ति की भावना जागृत करने के साथ-साथ उन्हें अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक भी बनाते हैं। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों को कारगिल युद्ध के वीर सैनिकों के शौर्य, पराक्रम एवं बलिदान की प्रेरणादायक गाथा से अवगत कराया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ, जिसमें सभी ने देश की एकता, अखंडता और गौरव की रक्षा के लिए सदैव समर्पित रहने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही।

## संक्षिप्त खबरें

### भव्य मंगल प्रवेश के साथ झुमरी तिलैया में शुरू हुआ मुनि श्री सुयश सागर महाराज का चातुर्मास




**झुमरी तिलैया :** रविवार को जैन धर्म के परम तपस्वी संत मुनि श्री 108 सुयश सागर महाराज का भव्य मंगल प्रवेश श्रद्धा, भक्ति और धार्मिक उल्लास के बीच संपन्न हुआ। इसके साथ ही नगर तक चलने वाले चातुर्मास के दौरान मुनि श्री के अमृतमय प्रवचन एवं उपदेशों से पूरे जिले में धार्मिक एवं आध्यात्मिक वातावरण बना रहेगा। प्रातःकाल हजारों की संख्या में जैन समाज के महिला, पुरुष एवं बच्चे श्वेत एवं पारंपरिक परिधान में सुभाष चौक पहुंचे और गुरुदेव की अगवानी की। श्रद्धालुओं ने मुनि श्री के चरणों का प्रक्षालन कर आशीर्वाद प्राप्त किया तथा स्वयं को सौभाग्यशाली माना। सुभाष चौक से निकली भव्य शोभायात्रा पूरे शहर में आकर्षण का केंद्र रही। शोभायात्रा में झारखंड की ताशा पार्टी, बैंड-बाजा, जैन स्कूल के विद्यार्थियों की बैंड पार्टी, महिलाओं की कलश यात्रा, जैन धर्म के ध्वज लेकर जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। छोटे-छोटे बच्चे सैन्य वेशभूषा, साइकिल एवं छोटी गाड़ियों के साथ आकर्षण का केंद्र बने, जबकि बालिकाओं ने डांडिया नृत्य प्रस्तुत किया। महिलाओं ने हाथों में जैन धर्म का ध्वज लेकर अपनी आस्था का प्रदर्शन किया। नगर भ्रमण के बाद शोभायात्रा बड़ा मंदिर, स्टेशन रोड पहुंची, जहां सैकड़ों श्रद्धालुओं ने मुनि श्री सुयश सागर एवं मुनि श्री कौशल्य सागर के चरणों का प्रक्षालन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। आचार्य श्री 108 विशुद्ध सागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि श्री 108 सुयश सागर जी के स्वागत में न केवल जैन समाज बल्कि विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के लोगों ने जगह-जगह आरती उतारकर एवं पुष्पवर्षा कर उनका अभिनंदन किया। मंगल प्रवेश को ऐतिहासिक बनाने के लिए शहर के प्रमुख मार्गों को रंगोली, स्वागत द्वार एवं पंचरंगा ध्वजों से सजाया गया, जिससे पूरी नगरी धर्ममय वातावरण में रंगी नजर आई। इस अवसर पर छत्तीसगढ़, हजारीबाग, कोलकाता, राउरकेला, रांची, गिरिडीह, बोकारो, इटखोरी, चतरा, पेटरवार, पारसनाथ, धनबाद, गया, पटना एवं रफीगंज सहित विभिन्न शहरों से सैकड़ों श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने बूथों पर जनभागीदारी से सुनी पीएम मोदी का 'मन की बात'



**रामगढ़ :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'मन की बात' की 136वीं कड़ी का प्रसारण रविवार को किया गया। इस दौरान जिले के सभी बूथों पर पूरे उत्साह और जनभागीदारी के साथ सुना गया। भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष संजीव कुमार सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में जिला, मंडल और बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं, बूथ अध्यक्षों, समिति सदस्यों एवं स्थानीय नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कई महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने कारगिल विजय दिवस के अवसर पर देश के वीर जवानों के बलिदान को याद करते हुए उन्हें नमन किया। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कई विशेष बातों पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि दुनिया का भरोसा आज भारत की रक्षा प्रणाली और नई तकनीक पर लगातार मजबूत हो रहा है, जो 'आत्मनिर्भर भारत' की ओर बढ़ते कदमों का प्रत्यक्ष प्रमाण है। साथ ही प्रधानमंत्री ने पर्यावरण संरक्षण और 'एक पेड़ मां के नाम' प्राकृतिक संसाधनों को बचाने के लिए बरसात के पानी का संरक्षण (कैच द रेन) करने और सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल पूरी तरह से बंद करने का आह्वान किया। साथ ही, उन्होंने सभी देशवासियों को प्रकृति के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए 'एक पेड़ मां के नाम' लगाने की अपील की। वहीं, उन्होंने महिला क्रिकेट टीम की सराहना की। उन्होंने महिला क्रिकेट में मिली बड़ी सफलता और विश्व स्तर पर भारत का नाम रोशन करने के लिए खिलाड़ियों की जमकर तारीफ भी की। वहीं कार्यक्रम के बाद जिलाध्यक्ष संजीव कुमार सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'मन की बात' कार्यक्रम देश के हर नागरिक में राष्ट्र सेवा, पर्यावरण संरक्षण और समाज के प्रति जिम्मेदारी का भाव जगाता है। महिला सशक्तिकरण और स्थानीय बुनकर हस्तकला सहित कई प्रेरक विषय को जानने का अवसर प्रदान करता है। प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम से वे आम जनता के मन से जुड़ते हैं। जिलाध्यक्ष ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम आज जनांदोलन बन गया है। रामगढ़ जिला का एक-एक कार्यकर्ता प्रधानमंत्री के आह्वान पर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान को जन-जन तक पहुंचाएगा और जल संरक्षण एवं प्लास्टिक मुक्त समाज के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएगा। इस अवसर पर जिले के विभिन्न मंडलों और बूथों पर दर्जनों कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद थे।

### अवैध भरठुवा बंदूक सफाई करने में अचानक चली गोली, बुजुर्ग की मौत



**पलामू :** पलामू जिले के रामगढ़ थाना क्षेत्र के नावाडीह हुटार गांव में अवैध भरठुवा बंदूक की सफाई करने के क्रम में अचानक गोली चल गई। गोली 75 वर्षीय श्याम लाल भुइयां के सीने में लगी, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। श्याम लाल बंदूक की सफाई कर रहे थे, इसी क्रम में घटना हुई। घटना की जानकारी मिलने पर रामगढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल कर रविवार सुबह शव को पोस्टमार्टम के लिए मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। घटना शनिवार रात की बताई जा रही है। श्याम लाल के बेटे वीरेंद्र भुइयां के अनुसार उनके पिता 40 साल से अधिक समय से भरठुवा बंदूक घर में रखे हुए थे। पहले कभी-कभी जंगली जानवर का शिकार करते थे। बंदूक में बारूद भरा हुआ था। शनिवार रात श्यामलाल बंदूक की सफाई कर रहे थे। अचानक गोली चल गई और श्याम लाल के सीने में लग गई। घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। श्यामलाल बढ़ई मिस्त्री का काम करते थे। बेटे वीरेंद्र ने बताया कि उसके जन्म के पहले से बंदूक घर में था। पिताजी बंदूक कहां से लाए थे इसकी जानकारी उन्हें नहीं है। रामगढ़ के थाना प्रभारी ओमप्रकाश शाह ने रविवार को बताया कि थाना से 10 किलोमीटर दूर नावाडीह हुटार गांव में भरठुवा बंदूक से गोली चलने की जानकारी मिली। सूचना पर मौके पर पहुंचे। यहां उन्होंने श्याम लाल भुइयां को मृत पाया। परिवार के लोगों ने बताया कि श्याम लाल द्वारा अवैध बंदूक की सफाई एवं अन्य कार्य करने के क्रम में अचानक गोली चल गई थी। मामले में जांच की जा रही है। इसके बाद मामला दर्ज किया जाएगा।

# जमशेदपुर में 7.8 किलो गांजा के साथ मुख्य सप्लायर समेत दो तस्कर गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पूर्वी सिंहभूम :** पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए गांजा के मुख्य सप्लायर सहित दो शातिर तस्करों को शनिवार की देर रात गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों के कब्जे से कुल 7.8 किलोग्राम गांजा,गांजा से भरे 60 प्री-रोल्ड सिगरेट,पैकिंग सामग्री,इलेक्ट्रॉनिक वजन मशीन,दो मोबाइल फोन, 8,900 रुपये नकद,बड़ी मात्रा में प्लास्टिक पैकेट और गांजे के बीज बरामद किए हैं। जब्त गांजे की अनुमानित बाजार कीमत करीब चार लाख रुपये आंकी गई है। ग्रामीण एसपी शुभम खंडेलवाल ने रविवार को प्रेस वार्ता में बताया कि 25 जुलाई की शाम वरीय पुलिस अधीक्षक को सूचना मिली थी कि एमजीएम थाना क्षेत्र के सिपुलडांगा (देव) एनएच-33 स्थित काली मंदिर के समीप एक गुमटी में गांजा छिपाकर रखा गया है और उसकी छोटी-छोटी पुड़िया बनाकर आसपास के लोगों को बेचा जा रहा है। सूचना के सत्यापन के बाद पाटमदा के पुलिस उपाधीक्षक दयानंद कुमार और एमजीएम थाना प्रभारी सचिन कुमार दास के नेतृत्व में विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। छापेमारी के दौरान पुलिस ने गुमटी से रौशन कुमार (21) को गिरफ्तार किया। उसकी तलाशी में 130 ग्राम गांजा, गांजा से भरे 60 प्री-रोल्ड सिगरेट,गांजा पैक करने की सामग्री, इलेक्ट्रॉनिक वजन मशीन, 3,060 रुपये नगद, एक एंड्रॉयड मोबाइल फोन और बड़ी मात्रा में प्लास्टिक पैकेट बरामद किए गए। पूछताछ में रौशन कुमार ने बताया कि वह सप्ताह में दो से तीन बार बोड़ाम थाना क्षेत्र के जोबा गांव निवासी शंभू महतो से गांजा लाकर शहर के विभिन्न इलाकों में बेचता था। इसके बाद पुलिस ने उसकी निशानदेही पर 26 जुलाई को जोबा गांव स्थित शंभू महतो के घर पर छापेमारी की। वहां से करीब 7.67 किलोग्राम गांजा, गांजे के बीज, 5,840 रुपये नकद, एक मोबाइल फोन और पैकिंग सामग्री बरामद की गई। दोनों स्थानों से जब्त गांजे का कुल वजन 7.8 किलोग्राम पाया गया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान रौशन कुमार (21) और शंभू महतो (62) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार रौशन कुमार पहले भी एनडीपीएस एक्ट के एक मामले में जेल जा चुका है। इस मामले में एमजीएम थाना में मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।




## एक नजर

### विधिक सेवा सशक्तिकरण शिविर आयोजित

**खूंटी :** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (झालसा), रांची के निर्देश पर रविवार को खूंटी जिले के सभी छह प्रखंडों में विधिक सेवा सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया।
शिविर का आयोजन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) के अध्यक्ष रसिकेश कुमार की अध्यक्षता में न्यायिक पदाधिकारियों एवं प्रखंड विकास पदाधिकारियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। शिविर का उद्देश्य सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को मुख्यधारा से जोड़ना तथा उन्हें अपने निकटवर्ती प्रखंड कार्यालयों के माध्यम से विभिन्न सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुलभ कराना था। इस दौरान विभिन्न विभागों की योजनाओं की जानकारी देने के साथ पात्र लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम के तहत खूंटी, तोरपा, अड़की, कर्रा और रनिया प्रखंडों में न्यायिक पदाधिकारियों, पैनल अधिवक्ताओं, एलएडीसी, प्रखंड विकास पदाधिकारियों एवं अंचल अधिकारियों की मौजूदगी में लाभुकों को विभिन्न योजनाओं से जोड़ा गया। शिविर में जिलेभर से कुल 517 लाभुकों ने भाग लिया। विभिन्न सरकारी योजनाओं के तहत लाभुकों के बीच तीन करोड़ 49 लाख 95 हजार 490 रुपये की परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। इस अवसर पर जेएसएलपीएस के अधिकारी, सभी प्रखंडों के बीडीओ, सीडीपीओ, बीपीओ, केसीसी, बीटीएम, पारा विधिक स्वयंसेवक (पीएलवी), महिला स्वयं सहायता समूहों की सदस्याएं तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। अधिकारियों ने लोगों से सरकारी योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाने और किसी भी विधिक समस्या के समाधान के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार से संपर्क करने की अपील की।

### पलामू में डेढ़ करोड़ के गांजा के साथ चालक गिरफ्तार

**पलामू:** पलामू पुलिस ने नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए हुसैनाबाद थाना क्षेत्र में करीब 320 किलोग्राम गांजा से लदा एक ट्रक जब्त किया है। इस संबंध में पुलिस ने रविवार को प्रेस वार्ता कर जानकारी दी। बरामद गांजे की खुदरा बाजार में अनुमानित कीमत करीब डेढ़ करोड़ रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने मौके से ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया है। प्रारंभिक जांच में मामला अंतरराज्यीय तस्करी गिरोह से जुड़ा सामने आया है। पुलिस अधीक्षक कपील चौधरी को 25 जुलाई की रात गुप्त सूचना मिली थी कि यूपी-14 एफटी-6583 नंबर का एक ट्रक बिहार की ओर से जपला होते हुए छतरपुर की तरफ भारी मात्रा में अवैध गांजा लेकर जा रहा है।

## युवक का शव तालाब से बरामद, हत्या की आशंका

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पश्चिमी सिंहभूम :** जिले के मंझारी थाना क्षेत्र के कुंदरुगुटू गांव में चार दिनों से लापता एक युवक का शव रविवार की सुबह महाली तालाब से मिलने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान लक्ष्मण बिरुआ (२८) के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही मंझारी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए चाईबासा सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस पूरे मामले की जांच विभिन्न पहलुओं से कर रही है।
परिजनों ने घटना के पीछे पारिवारिक विवाद और कथित अवैध संबंधों को वजह बताया है। मृतक के छोटे भाई राकेश बिरुआ का आरोप है कि लक्ष्मण ने कुछ दिन पहले अपनी पत्नी और अपने चाचा गंगाराम बिरुआ को कथित रूप से आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया था। इस घटना के बाद गांव में विवाद को सुलझाने के लिए ग्रामसभा भी बुलाई गई थी, लेकिन पंचायत के बावजूद तनाव समाप्त नहीं हुआ। परिजनों के अनुसार, ग्रामसभा के अगले ही दिन लक्ष्मण अचानक लापता हो गया था। काफी तलाश के बावजूद उसका कोई सुराग नहीं मिला और चार दिन बाद उसका शव तालाब में मिला। मृतक के परिजनों और ग्रामीणों का दावा है कि शव के गले और शरीर पर धारदार हथियार से वार के निशान दिखाई दे रहे हैं। उनका आरोप है कि लक्ष्मण की हत्या कर शव को तालाब में फेंक दिया गया, ताकि साक्ष्य मिटाए जा सकें। लगातार बारिश के कारण पानी बढ़ने से शव सतह पर आ गया और घटना का खुलासा हुआ। घटना के बाद मृतक की पत्नी और आरोपी बताए जा रहे चाचा गंगाराम बिरुआ गांव छोड़कर फरार हैं।

## श्रीराम मंदिर विकास समिति की बैठक संपन्न, मंदिर निर्माण के लिए व्यापक जनसहयोग जुटाने का निर्णय

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चौपारण :** प्रस्तावित भव्य श्रीराम मंदिर निर्माण को जनसहयोग से साकार करने के उद्देश्य से श्रीराम मंदिर विकास समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार को साहू भवन परिसर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष सुनील साहू ने की, जबकि संचालन बीरबल साहू ने किया। बैठक में मंदिर निर्माण को जन-जन का अभियान बनाने तथा पूरे प्रखंड से व्यापक सहयोग जुटाने पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि प्रस्तावित श्रीराम मंदिर का निर्माण चौपारण की जनता के सहयोग से भव्य, आकर्षक एवं धार्मिक आस्था के अनुरूप किया जाएगा। इसके लिए गांव-गांव जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों से तन, मन और धन से सहयोग करने की अपील की जाएगी। समिति ने कहा कि यह केवल मंदिर निर्माण का कार्य नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र की आस्था और सामाजिक सहभागिता का प्रतीक बनेगा। अभियान को सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करने के लिए पूरे प्रखंड को पांच जोन में विभाजित किया गया तथा प्रत्येक जोन के लिए अलग-अलग प्रभारियों की जिम्मेदारी तय की गई। ये प्रभारी अपने-अपने क्षेत्रों में बैठकें आयोजित कर लोगों को मंदिर निर्माण अभियान से जोड़ेंगे और सहयोग जुटाने का कार्य करेंगे। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि जिस पंचायत में समिति की बैठक होगी, वहां स्थानीय पदाधिकारी, कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि एवं श्रद्धालु सक्रिय भागीदारी निभाएंगे। प्रत्येक पंचायत में जनजागरण अभियान चलाकर अधिक से अधिक लोगों को मंदिर निर्माण से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। बैठक के दौरान उपस्थित सदस्यों ने संकल्प लिया कि प्रस्तावित श्रीराम मंदिर निर्माण को जनभागीदारी का ऐतिहासिक अभियान बनाया जाएगा, ताकि समाज के प्रत्येक वर्ग की सहभागिता सुनिश्चित हो सके।



## विधायक की पहल पर गंभीर बीमारी व सड़क दुर्घटना से पीड़ित जरूरतमंदों को मिली आर्थिक मदद



प्रत्युष नवबिहार संवाददाता

**ईचागढ़ :** ईचागढ़ की विधायक सविता महतो के प्रयास से गंभीर बीमारी एवं सड़क दुर्घटना में घायल ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के चार जरूरतमंद मरीजों को मुख्यमंत्री राहत कोष से एक एक लाख रुपए कि आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। इस संबंध में विधायक सविता महतो ने मुख्यमंत्री को गंभीर रूप से बीमार एवं आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों के बेहतर इलाज के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष से सहायता राशि उपलब्ध कराने का आग्रह किया था। कपाली इस्लाम नगर निवासी मो. सालिक अनवर का इलाज बेंगलुरु के न्यूरो प्लेक्स हॉस्पिटल में अंत वासी रोगी के रुप में इलाजरत है, बीमारी के कारण वे कोमा जैसी स्थिति में हैं, चांडिल प्रखंड अंतर्गत चैनपुर गांव निवासी कृतिवास प्रमाणिक हृदय संबंधी गंभीर बीमारी से पीड़ित थे और उनका इलाज जमशेदपुर के ब्रह्मानंद अस्पताल में चल रहा हैं, नीमडीह प्रखंड के पितकी गांव निवासी तीन वर्षीय बच्चा मास्टर करण गोप सिर में ट्यूमर जैसी गंभीर बीमारी से पीड़ित थे और रांची स्थित रिम्स में उनका इलाज चल रहा हैं, तथा नीमडीह प्रखंड के रघुनाथपुर निवासी मितेन महली सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए थे और उनका इलाज सीएमसी वेल्लोर में चल रहा हैं। आर्थिक तंगी को देखते हुए विधायक ने मुख्यमंत्री राहत कोष से चारों ईलाजरत मरीजों के परिजनों को ईलाज में सहायता हेतु एक एक लाख की सहायता की अनुशंसा की थी। उक्त बात की जानकारी विधायक के आप्त सचिव सह झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलू महतो ने दिया।

## बुढ़वा महादेव श्रावणी मेले की समस्या को लेकर एजेसीएस ने विधायक को सौपा ज्ञापन



प्रत्युष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत महुदी पहाड़ स्थित सुप्रसिद्ध पर्यटन स्थल बुढ़वा महादेव मंदिर में लगने वाले एक माह का श्रावणी मेले में होने वाली समस्या एवं स्वच्छता को लेकर गैर सरकारी संस्था- 'आजाद जागृति छात्र संघ '(एजेसीएस) ने 26 जुलाई को बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी के पतरातू आवास जाकर लिखित ज्ञापन देकर श्रावणी मेले में चलंत शौचालय एवं कूड़ेदान की व्यवस्था कराने की मांग करने के साथ-साथ मंदिर परिसर में स्थाई शौचालय निर्माण एवं कूड़ेदान लगवाने की मांग की है। एजेसीएस द्वारा ज्ञापन पत्र में मंदिर पुजारी, मेला प्रबंधन से जुड़े लोग, यहां आने वाले श्रद्धालुओं, वन्य जीव - जंतुओं, सहित पेड़ पौधों एवं वातावरण की समस्या तथा मंदिर परिसर की स्वच्छता की जिक्र की गई है। एजेसीएस के अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि विधायक ने मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिए हैं। बीते वर्ष श्रावणी मेले में प्रत्येक सोमवारी के बाद एजेसीएस के द्वारा सफाई अभियान चला कर मंदिर परिसर एवं आसपास सफाई करते हुए लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक कराने का प्रयास किया गया था।

## एनटीपीसी कार्य में लगे हाईवे वाहन पर कई राउंड फायरिंग प्रिंस खान के नाम का छोड़ा पर्चा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव :** पकरी-बरवाडीह कोयला खनन परियोजना में कोयला परिवहन कार्य में लगे हाईवा वहान को एक बार फिर अज्ञात अपराधियों ने निशाना बनाते हुए ताबड़तोड़ फायरिंग की है।शनिवार की रात लगभग 11:00 बजे 13 माईल से करीब 200 मीटर आगे पुलिया के समीप घात लगाकर बैठे अज्ञात अपराधियों ने हाईवे वाहनों पर ताबड़तोड़ फायरिंग की। प्रत्यक्षदर्शी चालक के अनुसार 3 अपराधी सफेद शर्ट पहने हुए घटनास्थल पर मौजूद थे। जिन्होंने हाईवे वहान पर गोलीबारी कर घटना को अंजाम दिया। और फिर अपराधियों ने लोहे की रड से हाईवे के शीशे पर जोरदार हमला किया। जिससे वहान को नुकसान पहुंचा। ड्राइवर के द्वारा बताया गया कि अज्ञात अपराधियों ने एनटीपीसी कोयला परिवहन कार्य में लगे हाईवा वाहन जेएच 02 ए एक्स 1480 व एक और अन्य हाईवा वाहन पर 8 से 9 राउंड फायरिंग की। गोलीबारी की इस घटना के बाद अपराधी मौके पर पर्चा भी छोड़ गए। छोड़े गए पर्चा पर प्रिंस खान ड.र.र का नाम लिखा हुआ है। ड्राइवर ने आगे कहा कि मैं लेट कर सीट पर मोबाइल देख रहा था। जिससे हमारा जान बच गया अन्यथा मुझे गोली लग सकती थी। वहीं खौफ पैदा करने के लिए प्रिंस खान के द्वारा एक ऑडियो जारी किया गया है। जिसमें कहा गया है कि 30 से 40 राउंड फायरिंग की गई है और 5 वाहनों को निशाना बनाया गया है। और 8 से 9 पर्चे छोड़े गए हैं। हालांकि इस ऑडियो की पुष्टि नहीं करते हैं। प्रशासन इसकी जांच कर रही है। ऐसे जब से बड़कागांव एवं केरेडारी क्षेत्र में एनटीपीसी सहित कई कोल खनन कंपनियां आई है। तब से लगातार कई गैंग अपना दबदबा बनाने का कोशिश कर रहे हैं। जिस पर प्रशासन की कार्रवाई भी होती है। राहुल दुबे गैंग और अब प्रिंस खान गैंग की भी एंट्री हो चुकी है। अब देखना यह है कि प्रशासन की जांच में क्या कुछ निकलकर आता है। इस घटना की सूचना मिलने पर स्वयं घटनास्थल एसपी अमन कुमार दलबल के साथ पहुंचकर घटना का जायजा लिया। मौके पर एसपी अमन कुमार ने कहा कि बड़कागांव थाना क्षेत्र में 13 माईल के पास कल देर रात हाईवे पर ट्रांसपोर्टिंग के दौरान फायरिंग की गई। जिसमें तीन लड़कों की आने की बात है।दो लड़कों के द्वारा फायरिंग की गई। और बताया जा रहा है कि एक लड़का साइड में खड़ा था। पूछताछ कर रहे हैं। जो भी हाईवा है,उसे जप्त कर रखा गया है। इसमें छोटे हथियार का प्रयोग किया गया है। और प्रिंस खान के नाम का पर्चा छोड़ा गया है। जांच कर रहे हैं। और जो भी अपराधी इसमें शामिल है उसकी गिरफ्तारी हम लोग जल्द करेंगे।और उसपर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करेंगे।वायरल ऑडियो को लेकर पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि ऑडियो में प्रिंस खान ने 40 गोली फायरिंग की बात कही है,इस तरह की बात घटनास्थल पर देखी नहीं जा रही है। पांच खोखा मिला है वर्तमान में, अभी हमलोग पूछताछ कर रहे हैं। हो सके 7 से 8 राउंड फायरिंग की गई हो , पर खोखा पांच ही बरामद हुआ है।



## संक्षिप्त खबरें

### चोरी का हाइवा लेकर भाग रहे दो नाबालिग सताकी में दबोचे

**अनगड़ा :** गोंदलीपोखर से हाइवा (JH01DB 5634) चोरी कर भाग रहे दो नाबालिगों को पुलिस ने सताकी के पास धर दबोचा। पुलिस ने गाड़ी मालिक राजकुमार महतो के आवेदन पर मामला दर्ज कर रविवार को दोनों को बाल सुधार गृह भेज दिया है। शुक्रवार रात 12 बजे दोनों नाबालिगों ने गोंदलीपोखर बाजार में खड़े हाइवा को चोरी कर टाटीसिलवे-राहे मार्ग से राहे की ओर भाग निकले। सूचना मिलने पर अनगड़ा व राहे पुलिस ने सताकी में संयुक्त घेराबंदी कर हाइवा को रोका और दोनों को हिरासत में लिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

### तुंगबुरु में करोड़ो से निर्मित खेल स्टेडियम में भारी अनियमितता, गेलेरी निर्माण के दौरान हुआ ध्वस्त



**पटमदा :** पटमदा प्रखंड के बंगाल सीमावर्ती क्षेत्र में जोड़सा पंचायत के तुंगबुरु पिकेट के पास करोड़ों की लागत से निर्मित खेल स्टेडियम का गैलरी भष्टाचार का भेट चढ़ता दिखा। ग्रामीणों ने जिस आशा के साथ स्टेडियम निर्माण के लिए जमीन दान किया था।वह ध्वस्त होता मालूम पड़ रहा हैं। ग्रामीणों का कहना हैं कि सुदूरवर्ती क्षेत्र में खेल की प्रतिभा को उड़ान देने के उद्देश्य से निर्माण की स्वीकृति प्रदान किया गया था।लेकिन संवेदक के द्वारा कार्य में अनदेखी और लापरवाही,निर्माण सामग्री में गड़बड़ी,सामग्री के गुणवत्ता में कमी के कारण निर्माण के दौरान ही खेल स्टेडियम के गैलरी की दिवाल ढह जाने के कारण पूरी गैलरी निर्माण पूर्ण होने के बाद बारिश का पानी लगते ही गिर गई। जिससे पूरा दिवाला मिट्टी भराई के बाद भरक गया। ग्रामीणों ने स्टेडियम निर्माण के गुणवत्ता पर सवाल खड़े करते हुए जांच की मांग की हैं। इस विषय में संवेदक विवेक जायसवाल ने बताया कि निर्माण कार्य के दौरान मिट्टी भराई का काम शुरू किया गया था। मिट्टी की भराई की मात्रा अधिक होने के कारण दीवार और गैलरी ढह गया। उस निर्माण को जल्द से जल्द तोड़कर पुन: निर्माण किया जाएगा। बालू का प्रयाप्त उपलब्धता नहीं होने के कारण काम में देरी आ रही हैं। निर्माण के गुणवत्ता पर पूरा ध्यान देते हुए जल्द गुणवत्ता पूर्ण निर्माण कार्य पूरा किया जाएगा। वही मामले की जानकारी होने पर भाजपा नेता मुचीराम बाउरी और महावीर महतो ने मामले को संज्ञान में लेते हुए स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य के गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए निर्माण कार्य में गुणवत्ता लाने की मांग की ताकि ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों के लिए करोड़ो की लागत से बन रही स्टेडियम का गुणवत्तापूर्ण निर्माण हो सके। वही मैटिरियल को भी गुणवता पूर्ण लगाने की भी मांग की गई हैं।

### टाटीझरिया पुलिस और आरपीएफ रांची की संयुक्त कार्रवाई, घर से लापता 2 नाबालिग सकुशल बरामद

**हजारीबाग :** टाटीझरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम डूमर से दिनांक 15 जुलाई को बिना बताए घर से निकली 2 नाबालिग लड़कियों को टाटीझरिया थाना पुलिस ने आरपीएफ रांची के सहयोग से सकुशल बरामद कर लिया है। जानकारी के अनुसार दोनों लड़कियां घर से अचानक कहीं चली गई थीं, जिसके बाद परिजनों द्वारा टाटीझरिया थाना में सूचना दी गई थी। सूचना मिलते ही पुलिस सक्रिय हुई और फ्द्धक्र रांची के सहयोग से दोनों को खोज निकाला गया।
बरामदगी के बाद दोनों नाबालिग लड़कियों को नियमानुसार उह्र्उ, रांची में प्रस्तुत किया गया। वहां से आवश्यक कागजी कार्रवाई पूर्ण होने के बाद दोनों को सही-सलामत उनके परिजनों को सौंप दिया गया।
टाटीझरिया थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस द्वारा परिजनों को बच्चों की सुरक्षा को लेकर जागरूक किया गया है। उन्होंने अपील की कि नाबालिग बच्चों पर विशेष ध्यान दें और कोई भी संदिग्ध गतिविधि दिखे तो तुरंत पुलिस को सूचना दें।

### आजसू के मिलन समारोह में सैकड़ों युवाओं ने ग्रहण की सदस्यता




**पूर्वी सिंहभूम :** आजसू पार्टी के संगठन विस्तार के तहत रविवार को मानगो के कुंवर बस्ती में आयोजित आजसू यूथ मिलन समारोह में बड़ी संख्या में युवाओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम के दौरान नवसदस्यों ने पार्टी के संविधान,सिद्धांत और विचारधारा के प्रति निष्ठा व्यक्त करते हुए झारखंड के जनहित और संगठन को मजबूत बनाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। समारोह को संबोधित करते हुए आजसू पार्टी के जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह ने कहा कि युवाओं का बढ़ता विश्वास इस बात का संकेत है कि राज्य में जनसरोकारों की राजनीति के प्रति लोगों का रुझान बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि युवा किसी भी संगठन की सबसे बड़ी ताकत होते हैं और मानगो से बड़ी संख्या में युवाओं का पार्टी से जुड़ना पूर्वी सिंहभूम में संगठन की मजबूत होती पकड़ को दशार्ता है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में और अधिक युवा आजसू से जुड़कर झारखंड के अधिकारों और विकास के मुद्दों पर पार्टी की आवाज को मजबूत करेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और केंद्रीय सचिव चंद्रगुप्त सिंह ने कहा कि आजसू हमेशा युवाओं को नेतृत्व देने और उन्हें सामाजिक और राजनीतिक रूप से सक्रिय करने का कार्य करती रही है। उन्होंने कहा कि संगठन से जुड़ने वाला प्रत्येक युवा झारखंड के सम्मान,विकास और जनहित के संघर्ष का सहभागी बने एवं अनुशासन तथा समर्पण के साथ पार्टी की विचारधारा को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाए। कार्यक्रम की अध्यक्षता मानगो मंडल अध्यक्ष अजय उपाध्याय ने की। इस अवसर पर जिला प्रवक्ता अप्पू तिवारी, जिला उपाध्यक्ष चंद्रेश्वर पांडेय, युवा आजसू जिला प्रभारी मंटू शुक्ला और विकास महतो ने भी नवसदस्यों का स्वागत करते हुए संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। समारोह में निर्भय पांडेय, रोहित तिवारी, नितेश तिवारी, राहुल गुप्ता, आस्तिक कुमार, सूरज कुमार, स्वस्तिक सोनी, अंकित कुमार शर्मा, मनोहर कुमार, राजन कुमार, दीपेश पांडेय, सुमित सिंह सहित सैकड़ों युवाओं ने आजसू पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और स्थानीय लोग भी उपस्थित रहे।

## स्वामी सहजानंद सरस्वती : किसान सभा आंदोलन के प्रणेता और भारतीय किसान चेतना के महानायक

भारत का स्वतंत्रता संग्राम केवल अंग्रेजी शासन से राजनीतिक मुक्ति का आंदोलन नहीं था, बल्कि यह सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक परिवर्तन का भी विराट अभियान था। इस आंदोलन में अनेक ऐसे महापुरुष हुए जिन्होंने समाज के वंचित और शोषित वर्गों की आवाज बनकर उनके अधिकारों के लिए संघर्ष किया। इन्हीं महान विभूतियों में एक नाम है स्वामी सहजानंद सरस्वती, जिन्होंने भारतीय किसान आंदोलन को नई दिशा, नई चेतना और नया नेतृत्व प्रदान किया। उन्होंने किसानों को संगठित कर सामंती शोषण और जमींदारी व्यवस्था के विरुद्ध ऐसा जनांदोलन खड़ा किया जिसने स्वतंत्रता संग्राम को जनाधार प्रदान किया और स्वतंत्र भारत की भूमि सुधार नीतियों की नींव रखी।स्वामी सहजानंद सरस्वती का जन्म 22 फरवरी 1889 को उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले के देवा गाँव में हुआ था। उनका मूल नाम नौरंग राय था। बाल्यावस्था से ही वे मेधावी, जिज्ञासु और आध्यात्मिक प्रवृत्ति के थे। कम आयु में ही माता का निधन हो गया, जिससे उनका मन सांसारिक जीवन से विरक्त हो गया। आगे चलकर उन्होंने संन्यास ग्रहण किया और स्वामी सहजानंद सरस्वती के नाम से प्रसिद्ध हुए। यद्यपि उन्होंने संन्यास धारण किया, परंतु उनका जीवन केवल आध्यात्मिक साधना तक सीमित नहीं रहा। उन्होंने समाज की वास्तविक समस्याओं को समझा और किसानों, मजदूरों तथा गरीबों के अधिकारों की रक्षा को ही अपना जीवन लक्ष्य बना लिया।

बीसवीं शताब्दी के प्रारंभिक दशकों में बिहार और पूर्वी भारत के अधिकांश किसान अत्यंत कठिन परिस्थितियों में जीवन व्यतीत कर रहे थे। जमींदारी व्यवस्था के कारण किसानों को अत्यधिक लगान देना पड़ता था। बेगारी, अवैध वसूली, जबरन बेदखली, सूदखोरों का अत्याचार और प्रशासन की उदासीनता ने किसानों का जीवन संकटपूर्ण बना दिया था। खेतों में मेहनत करने वाला किसान स्वयं भूखा रहता था, जबकि उसकी मेहनत का लाभ जमींदार और महाजन उठाते थे। स्वामी सहजानंद ने इन परिस्थितियों को निकट से देखा और अनुभव किया कि राजनीतिक स्वतंत्रता तभी सार्थक होगी जब किसानों को आर्थिक और सामाजिक न्याय मिलेगा। इसी सोच के साथ उन्होंने किसानों को संगठित करने का अभियान प्रारंभ किया। वर्ष 1927 में उन्होंने वेस्ट पटना किसान सभा की स्थापना की। यह संगठन किसानों को उनकी समस्याओं पर एकजुट करने वाला पहला प्रभावी मंच बना। इस सभा के माध्यम से किसानों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया तथा उन्हें संगठित होकर अन्याय का विरोध करने की प्रेरणा दी गई। स्वामी सहजानंद गाँव-गाँव जाकर किसानों से संवाद करते थे, उनकी समस्याएँ सुनते थे और उन्हें संगठित संघर्ष का मार्ग बताते थे। उन्होंने किसानों में यह विश्वास जगाया कि यदि वे संगठित रहेंगे तो किसी भी प्रकार के शोषण का मुकाबला कर सकते हैं।वेस्ट पटना किसान सभा की सफलता ने पूरे बिहार में किसान संगठन की आवश्यकता को स्पष्ट कर दिया। इसी क्रम में 1929 में सोनपुर मेले के अवसर पर बिहार प्रांतीय किसान सभा की स्थापना हुई। इस संगठन के निर्माण में स्वामी सहजानंद की भूमिका निर्णायक थी। बिहार प्रांतीय किसान सभा ने किसानों की आवाज को व्यापक स्तर पर उठाया। इस संगठन की प्रमुख माँगों में अत्यधिक लगान की समाप्ति, उचित काश्तकारी अधिकार, बेदखली पर रोक, अवैध करों का अंत और किसानों को सम्मानजनक जीवन उपलब्ध कराना शामिल था। धीरे-धीरे यह संगठन बिहार के हजारों गाँवों तक पहुँच गया और किसानों में नई राजनीतिक चेतना का संचार हुआ। स्वामी सहजानंद सरस्वती का मानना था कि किसान केवल आर्थिक इकाई नहीं, बल्कि राष्ट्र की शक्ति हैं। वे कहते थे कि जिस देश का किसान कमजोर होगा, वह देश कभी समृद्ध नहीं हो सकता। इसलिए उन्होंने किसान आंदोलन को राष्ट्रीय स्वतंत्रता संग्राम से जोड़ने का प्रयास किया।

### सूडोकु नवताल- 7868

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | 6 | | | | |
| | | | | | 5 | | | |
| | | 9 | | | | 7 | | 3 |
| | 1 | | | 8 | | | | 2 |
| | | | 7 | | 4 | | | |
| 6 | | | | 3 | | | 8 | |
| 5 | | 7 | | | | 4 | | |
| | | | 8 | | | | | |
| | | | | 1 | | | 6 | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7867 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 7 | 6 | 2 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 | 9 | 3 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 4 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 6 | 3 | 9 | 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 8 |
| 5 | 2 | 4 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 6 | 5 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 4 | 6 | 7 | 5 | 8 | 1 | 3 | 2 | 9 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 7 | 5 | 4 | 6 |
| 3 | 5 | 2 | 4 | 6 | 9 | 1 | 8 | 7 |

# सीजेपी प्रोटेस्ट और युवा : जेन जी को शिक्षा के साथ संस्कार आवश्यक



प्रो. मनीषा शर्मा



सीजेपी आंदोलन खत्म हो गया, शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा भी हो गया लेकिन इस पूरे घटनाक्रम में मुझे सबसे ज्यादा चिंता हुई इस युवा पीढ़ी की जो वहाँ उपस्थित थी। उनके आचरण, व्यवहार और प्रयोग की जा रही भाषा सबने एक पालक और शिक्षक होने के नाते मुझे झकझोर कर रख दिया। क्या यह पीढ़ी हमारे देश का भविष्य है? उनकी शिक्षा के विषय में क्या ही बात की जाए। कोई आईएएस की तैयारी कर रहा है, कोई मेडिकल की, कई उच्च शिक्षित थे, कई विद्यार्थी प्रसिद्ध और नामी विवि के थे।

मतलब हम इन्हें उच्च शिक्षित कह सकते हैं लेकिन जब सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो, रील, मीम्स देखते हैं तो दिमाग जवाब दे जाता है।

क्या यह वाकई शिक्षित है? यदि हां तो हम कैसी शिक्षा व्यवस्था चला रहे जो इस पीढ़ी को यह तक ना सिखा पाई कि एक शिक्षित और सभ्य इंसान की भाषा का स्तर क्या होता है। हमारे यहां कहा जाता है कि जब आप बोलते हो तो सिर्फ आप नहीं बोलते बल्कि आपका पूरा खानदान बोलता है। अर्थात आपके मुंह खोलते ही आपकी परवरिश सामने आ जाती है जो बताती है आपके घर का माहौल कैसा है। लेकिन यह बात सो कूल कहलाने वाली जेनरेशन नहीं जानती। एक पालक और शिक्षक होने के नाते में पूरी जिम्मेदारी से बोल रही हूं कि बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कारित करने की बहुत ज्यादा आवश्यकता है।

यह भाषा जो जंतर-मंतर पर बोली जा रही थी गालियों और नारों के रूप में उस व्यक्ति के लिए जो आपके पिता या दादा की उम्र का है, ये किसी भी कीमत पर स्वीकार्य नहीं है। मैं जो सुन भी नहीं पा रही थी वो 18- 19 साल की लड़कियां बोल रही थी। ये युवा वो है जिनके कंधों पर देश की जिम्मेदारी है। मैं ही क्यों मेरे जैसे अनेक लोग जो आज भी भाषा की मयार्दा और संयम जानते हैं वह भी यही मान रहे हैं। सीजेपी आंदोलन के दौरान कुछ युवाओं द्वारा किए गए प्रदर्शन में अभद्र भाषा, गाली-गलौज और अराजक व्यवहार की घटनाओं ने पूरी युवा पीढ़ी और समाज के सामने एक गंभीर प्रश्न खड़ा किया है। भारत एक लोकतांत्रिक देश है और किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में नागरिकों का शीर्ष नेतृत्व से प्रश्न पूछने का अधिकार है। लेकिन उस अधिकार के साथ कर्तव्य और जिम्मेदारी भी जुड़ी है। अधिकार का प्रयोग पूर्ण मयार्दा और जिम्मेदारी के साथ होना चाहिए। यदि कोई भी विरोध अपनी गरिमा और संयम और अनुशासन खो देता है तो उसका उद्देश्य कमजोर हो जाता है। इस सीजेपी आंदोलन में पूरे समय शालीनता के स्थान पर अपशब्द, अभद्रता तथा हिंसक प्रवृत्ति हावी दिखी।

यह घटना इस बात पर विचार करने के लिए प्रेरित करती है कि युवा का केवल उच्च शिक्षा प्राप्त कर लेना पर्याप्त नहीं है। विद्या ददाति विनयम अर्थात विद्या विनम्रता प्रदान करती है। शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य व्यक्ति को विवेकशील, संवेदनशील और अनुशासित बनाना है। यदि शिक्षित होने के बावजूद किसी व्यक्ति के आचरण और व्यवहार में संयम, सम्मान, विनम्रता और नैतिकता का अभाव दिखता है तो यह बताता है कि शिक्षा के साथ संस्कार प्रदान नहीं किए गए। संस्कारों का समुचित विकास नहीं हो पाया।

संस्कार देना किसी एक व्यक्ति का काम नहीं। यह परिवार, समाज और विद्यालय तीनों के संयुक्त प्रयासों से ही विकसित होते हैं। यही संस्कार हमें सिखाते हैं कि किसी बात को कैसे रखा जाए। किसी से यदि मतभेद हो तब भी संवाद की भाषा सभ्य होनी चाहिए। असहमति को तर्क से व्यक्त किया जाना चाहिए। लोकतांत्रिक मूल्यों का सम्मान करना हमारा प्रथम कर्तव्य होना चाहिए। अपशब्दों और अराजकता से न तो कभी विचारों को मजबूती मिली है और न ही समाज को।

हालाँकि मैं यह भी समझती हूं कि एक आंदोलन में शामिल कुछ युवाओं के व्यवहार के आधार देश के सभी युवाओं को कठघरे में खड़ा करना उचित नहीं होगा। इससे पूर्व कई आंदोलन हुए जहां शांतिपूर्ण तरीके से लोगों ने अपनी बात रखी हैं। लेकिन चिंता की बात तो यह है कि सो कूल कहलाने के लिए, बनने के लिए युवा पीढ़ी किस स्तर पर आ रही है।

आज आवश्यकता इस बात की है कि शिक्षा के साथ युवा के चरित्र निर्माण और नैतिक मूल्यों के विकास पर भी समान रूप से बल दिया जाए। यहां माता-पिता की भूमिका भी अति महत्वपूर्ण हो जाती है। ज्ञान के साथ संस्कार अति आवश्यक है। संस्कार, अनुशासन और संयम से ही समाज और देश को जिम्मेदार नागरिक मिलते हैं। सभ्य भाषा, अनुशासित आचरण और लोकतांत्रिक मयार्दाओं का पालन ही किसी भी मांग को, आंदोलन को प्रभावी और सम्मानजनक बनाता है। बात कहने का सलीका हो हो हर बात सुनी जाती है।

आज आवश्यकता है कि युवाओं को सो कूल के नाम पर अमर्यादित और असभ्य और असंयमित होने से बचाने के लिए माता-पिता को घर में, शिक्षक को स्कूल और विश्वविद्यालयों में आगे आना होगा। युवा से संवाद कर उन्हें आचरण की शिक्षा भी देनी होगी। शिक्षा किसी भी मनुष्य को योग्य बनाती है लेकिन संस्कार ही उसे श्रेष्ठ बनाते हैं। इसलिए एक सशक्त और सभ्य समाज के निर्माण के लिए शिक्षा और संस्कार, दोनों का संतुलित और समन्वय आवश्यक है

# नैतिकता नहीं, भारी युवा आक्रोश के चलते हुआ शिक्षा मंत्री का इस्तीफा

तनवीर जाफरी

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर दिल्ली के जंतर मंतर पर चल रहा छात्रों व युवाओं का आंदोलन अभी लगभग पूरे देश में फैलता ही जा रहा था कि गत शनिवार सरकार को उन्हें पद से हटाना ही पड़ गया। आंदोलित छात्रों को केवल विपक्ष या अन्य तमाम सेलेब्रिटीज का ही समर्थन नहीं मिला बल्कि उन्हें भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय शिक्षा मंत्री मुरली मनोहर जोशी का भी समर्थन हासिल हुआ। जोशी ने छात्र आंदोलन को अपना समर्थन देते हुये कहा था कि 'महिलाओं और कम उम्र की लड़कियों के साथ बेरहमी से बुरा व्यवहार किया गया, जिससे उन्हें गहरा दुख हुआ। उन्होंने कहा कि छात्र कई दिनों से नई दिल्ली की सड़कों पर हैं और उनकी चिंताएँ वाजिब हैं, जिनका समाधान सहानुभूति और संवाद के माध्यम से होना चाहिए था, न कि केवल कानून-व्यवस्था का मामला मानकर बल प्रयोग से'। परन्तु अहंकारी सत्ता ने समय रहते शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को हटाने की उनकी मांग पूरी करने के बजाय पुलिस बल का प्रयोग कर उन्हें भयभीत करने की रणनीति अपनाई। और आखिरकार पुलिस की दमनकारी नीति सरकार को और भारी पड़ गयी।

सवाल यह है कि जिस धर्मेंद्र प्रधान के जुलाई 2021 से जुलाई 2026 तक के शिक्षा मंत्री के कार्यकाल के दौरान देश में अलग-अलग स्तरों पर लगभग 70 से 80 बार पेपर लीक के मामले सामने आए हैं। जिस धर्मेंद्र प्रधान के शिक्षा मंत्री मंत्री रहते विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं (विशेषकर NEET और UGC-NET) में हुई पेपर लीक की घटनाओं और उनके मानसिक तनाव के कारण और उसके बाद उनके भविष्य को लेकर पैदा हुई अनिश्चितता के चलते पिछले कुछ हफ़्तों में ही 21 छात्रों ने आत्महत्या कर ली। और देश के करोड़ों छात्रों का भविष्य सीधे तौर पर प्रभावित हुआ, केवल NEET परीक्षा के पेपर लीक, परिणाम रद्द होने और री-टेस्ट (Re-exam) के कारण अकेले 22 लाख से अधिक (2.2 मिलियन) छात्रों का भविष्य अधर में लटक गया और उन्हें दोबारा भीषण मानसिक तनाव में परीक्षा की तैयारी करनी पड़ी। इसी तरह UGC-NET परीक्षा,डार्क नेट पर पेपर लीक होने की वजह से रातों-रात परीक्षा रद्द होने के कारण 9 लाख से अधिक छात्रों का कैरियर सीधे प्रभावित हुआ। ऐसे शिक्षा मंत्री को हटाने में सरकार को आखिर इतना समय क्यों लगा?

दरअसल धर्मेंद्र प्रधान बचपन से ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की विचारधारा और उसकी सामाजिक-सांस्कृतिक गतिविधियों से गहराई से जुड़े रहे हैं। उनका पूरा राजनीतिक और सामाजिक आधार संघ से ही प्रेरित रहा है। धर्मेंद्र प्रधान के पिता डॉ. देबेंद्र प्रधान ओडिशा में भाजपा के शुरूआती नेताओं में से थे और स्वयं संघ के आजीवन कार्यकर्ता रहे। डॉ. देबेंद्र प्रधान 1998-2004 के मध्य वाजपेयी सरकार में केंद्रीय राज्य मंत्री भी रहे । जुलाई 2021 में जब धर्मेंद्र प्रधान को केंद्रीय शिक्षा मंत्री के पद की जिम्मेदारी दी गई, तो उन्होंने देश की राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP 2020) को लागू करने पर अपना पूरा ध्यान केंद्रित किया। इस दौरान उन्होंने पाठ्यपुस्तकों की समीक्षा कर भारतीय महापुरुषों और स्वदेशी इतिहास को प्रमुखता से शामिल करने का कार्य किया, जिसे संघ के सांस्कृतिक और शैक्षिक दृष्टिकोण के अनुकूल माना जाता है।

धर्मेंद्र प्रधान के शिक्षा मंत्री रहते हुए, राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP 2020) और नए नेशनल Curriculum फ्रेम वर्क (NCF-SE 2023) के तहत स्कूली पाठ्यक्रमों (विशेषकर NCERT किताबों) में व्यापक बदलाव किए गए। इसमें वेदों, प्राचीन भारतीय ग्रंथों, पारंपरिक ज्ञान, प्राचीन खगोल विज्ञान और भारत की समृद्ध गणितीय विरासत (जैसे प्राचीन गणितज्ञों के योगदान) से जुड़े संदर्भों को पाठ्यक्रम में शामिल किया गया। कक्षा 6 से ही कोडिंग, वित्तीय साक्षरता, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, और स्थानीय शिल्पकला (जैसे मिट्टी के बर्तन बनाना, बागबानी आदि) जैसे व्यावहारिक विषयों को मुख्य पाठ्यक्रम में जोड़ा गया। स्कूली स्तर पर स्वास्थ्य, कल्याण और योग को शारीरिक शिक्षा के अनिवार्य और मुख्य मूल्यांकन का हिस्सा बनाया गया। इसी तरह NCERT की कक्षा 6 से 12वीं तक की किताबों से पाठ्यक्रम का लगभग 30% हिस्सा हटा दिया गया, जिसे लेकर काफी विवाद भी हुआ। इतिहास की किताबों (विशेषकर कक्षा 12वीं) से 'मुगल दरबार', मुगल शासकों के इतिहास और उनके प्रशासनिक तौर-तरीकों से जुड़े कुछ विस्तृत अध्यायों और अंशों को हटाया या छोटा किया गया। सामाजिक विज्ञान की किताबों से 2002 के गुजरात दंगे, देश में लागू हुआ आपातकाल, नक्सली आंदोलन और शीत युद्ध के दौर से जुड़े कई महत्वपूर्ण संदर्भों और अध्यायों को पूरी तरह हटा दिया गया। कक्षा 9वीं और 10वीं की विज्ञान की किताबों से जीवों के विकास के सिद्धांत यानी 'डार्विन का सिद्धांत' और आवर्त सारणी (Periodic Table) के कुछ बुनियादी अध्यायों को मुख्य पाठ्यक्रम से हटाया गया। कक्षा 10वीं के नागरिक शास्त्र से 'लोकतंत्र और विविधता', 'लोकप्रिय संघर्ष और आंदोलन' तथा 'लोकतंत्र की चुनौतियां' जैसे अध्यायों को पाठ्यक्रम से बाहर किया गया। उस समय शिक्षा मंत्रालय और NCERT ने इन बदलावों पर स्पष्टीकरण देते हुए कहा था कि यह बदलाव विशेषज्ञों की राय, विभिन्न स्तरों पर पाठों के दोहराव को रोकने और छात्रों को आधुनिक समय की जरूरतों के अनुरूप तैयार करने के लिए किए गए हैं, न कि किसी राजनीतिक एजेंडे के तहत। शायद यही वजह थी कि संघ के एजेंडे को लागू करने वाली नई शिक्षा नीति के कार्यान्वन के मध्य सरकार प्रधान को हटाना नहीं चाह रही थी। परन्तु अब राजनीतिक गलियारों में अपुष्ट रूप से यह चर्चा भी हो रही है कि युवा आंदोलन के मध्य संघ प्रमुख मोहन भागवत द्वारा सरकार को युवाओं के साथ 'संवाद और संवेदनशीलता' बरतने के दिए गए हालिया सुझाव के बाद ही सरकार ने उन्हें मंत्रिमंडल से हटाने का फैसला किया है। बहरहाल शिक्षा मंत्री के इस्तीफे के बाद देश भर में युवाओं में दौड़ती खुशी के लहर इस बात का सुबूत है कि धर्मेंद्र प्रधान ने नैतिकता के चलते नहीं बल्कि भारी युवा आक्रोश के चलते शिक्षा मंत्री के पद से इस्तीफा देना पड़ा है जिसे देश की युवा शक्ति अपनी बड़ी सफलता और जीत के रूप में देख रही है।

# कुशल प्रशासन आधुनिक भारत की महत्वपूर्ण आवश्यकता

हृदयनारायण दीक्षित

प्रशासन तंत्र लोक कल्याणकारी कामों का लाभ आमजनों तक ले जाता है। प्रधानमंत्री मोदी ने प्रशासन तंत्र को सक्रिय किया है। प्रधानमंत्री नीति व निर्णयों में तेज रफ्तार गतिशील हैं। वे सारी कार्य संस्कृति बदल रहे हैं। आखिरकार सभी सुधारों का अंतिम उपकरण प्रशासन तंत्र है। नीतियों और कार्यक्रमों का क्रियान्वयन प्रशासन तंत्र द्वारा ही होता है। नौकरशाही और प्रशासनिक तंत्र में जड़ता है। जिम्मेदार अधिकारी भी अपने कर्तव्यों के निर्वाहन में जनता से दूरी बनाए रखते हैं। देश में अधिकारी तंत्र और जनप्रतिनिधियों के मध्य अच्छे सम्बंध नहीं हैं। जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक तंत्र में तनाव रहता है। मारपीट की नौबत तक आ जाती है। आदर्श लोकतंत्र के लिए यह अच्छी स्थिति नहीं है।

सो उत्कृष्ट, निष्ठावान और कार्यकुशल प्रशासन आधुनिक भारत की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। हमारे संविधान तंत्र में सरकारें संसद व विधानमण्डलों के सामने जवाबदेह हैं। जनप्रतिनिधि भी प्रत्येक 5 वर्ष के बाद आम जनता के समक्ष होते हैं। लेकिन प्रशासन तंत्र की कोई जवाबदेही नहीं। प्रशासन तंत्र संवेदनहीन और निष्क्रिय है और सरकारें सक्रिय। भारतीय प्रशासन का इतिहास पुराना है। प्राचीन प्रशासन की प्रशंसा फाहयान ने भी शासन प्रबंध सुव्यवस्थित, उदार व सौम्य बताकर की है। मौर्यकाल (340 ई0पूर्व) में भी सुगठित राष्ट्रनिष्ठ शासन तंत्र था। कौटिल्य के अर्थशास्त्र में प्रशासन तंत्र का खूबसूरत विवरण है। सिंधु घाटी सभ्यता (2200 ई0पूर्व से 1750 ई0पूर्व तक) के प्रशासन को ि्हलर व पिगाट जैसे विद्वानों ने भी सुगठित बताया है। उत्तर वैदिक काल व वैदिक काल का प्रशासन समाज के साथ एकताबद्ध और उत्तरदायी था। अंग्रेजी शासकों ने अपने साम्राज्य को मजबूत करने का प्रशासन तंत्र बनाया था। अंग्रेज सरकारों ने भी प्रशासनिक सुधारों के लिए कई आयोग बनाए थे। प्रशासन ही सत्ता चलाने का उपकरण था। वे स्वाभाविक ही प्रशासनिक सुधारों पर सजग थे लेकिन स्वतंत्र भारत में लम्बे समय तक सत्ता में रही कांग्रेस ने प्रशासनिक सुधारों पर कोई ठोस काम नहीं किया। प्रशासन परम स्वतंत्र होने की स्थिति का उपभोग करता आया है।

भारतीय संविधान की उद्देशिका व नीति निदेशक तत्व सरकार व प्रशासन तंत्र के मार्गदशक हैं। वे सुस्थापित विधि नहीं बल्कि सरकार व प्रशासन के कामकाज की आत्मा है। प्रशासन तंत्र इन सूत्रों से नहीं जुड़ता। स्वतंत्र भारत (1951) में प्रशासन की कार्यशैली पर एन0डी0 गोरेवाला की रिपोर्ट लोक प्रशासन पर प्रतिवेदन नाम से आई। रिपोर्ट के अनुसार कोई भी लोकतंत्र स्पष्ट, कुशल व निष्पक्ष प्रशासन के अभाव में सफल नियोजन नहीं कर सकता। इस रिपोर्ट में अनेक उपयोगी सुझाव थे लेकिन क्रियान्वयन नहीं हुआ। 1952 में केन्द्र ने प्रशासनिक सुधारों पर विचार करने के लिए पाल एपिलबी की नियुक्ति की। उन्होंने पूरे देश का भ्रमण किया और लोक प्रशासन सर्वेक्षण का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। रिपोर्ट में अनेक महत्वपूर्ण सुझाव थे। लेकिन जड़ता नहीं टूटी। स्वाधीनता के 19 बरस बाद पहला प्रशासनिक सुधार आयोग (1966) बना। मोरारजी देसाई अध्यक्ष थे, वे मंत्री हो गए। आयोग ने हनुमंतैया की अध्यक्षता में काम बढ़ाया। आयोग का पहला प्रतिवेदन नागरिकों की व्यथा दूर करने की समस्या शीर्षक से 20 अक्टूबर 1966 में आया। प्रशासन बनाम आमजन की व्यथा से पूरा देश पीड़ित है लेकिन इस महत्वपूर्ण बिन्दु की उपेक्षा हुई। आयोग ने केन्द्रीय प्रशासन व राज्य प्रशासन पर अलग-अलग सुझाव दिये। रिपोर्ट में आर्थिक नियोजन को आर्थिक प्रशासन के रूप में पहचानने के भी उल्लेख थे।

प्रशासन का रूप-रंग और कार्य व्यवहार जस का तस बना रहा। पहले प्रशासनिक सुधार आयोग की रिपोर्ट (1970) के 35 साल बाद सितम्बर 2005 में वीरप्पा मोइली की अध्यक्षता में दूसरा प्रशासनिक सुधार आयोग बना। मोइली ने 2009 में पद त्यागा। इस आयोग ने भी केन्द्रीय प्रशासन के ढांचे के साथ राज्य प्रशासन पर भी सिफारिशें की। जिला प्रशासन को सक्षम बनाने की भी महत्वपूर्ण संस्तुतियां की। इस रिपोर्ट में आतंकवाद की चुनौती पर भी सुझाव थे। मनरेगा के क्रियान्वयन की भी शल्य परीक्षा थी। समूची रिपोर्ट पर मंत्रियों के समूह को विचार का काम सौंपा गया। आयोग की सिफारिशों के अंत में कहा गया था सरकार के दृष्टिकोण में आवंटन आधारित विकास कार्यक्रमों से पात्रता आधारित विकास कार्यक्रमों की ओर अन्तरण हुआ है। सभी क्षेत्रों में विकास पर जोर है। केन्द्रीय बजट बढ़ा है। इस सबके कारण संस्थागत प्रशासनिक व वित्तीय प्रबंधन का सुदृढ़ीकरण जरूरी है। यहां विकास के सभी कार्यक्रमों के क्रियान्वयन के लिए प्रशासनिक प्रबंधन पर जोर है। लेकिन असली दिक्कत दूसरी है। सभी कार्यक्रमों को अंतिम परिणिति तक पहुंचाने वाले प्रशासन तंत्र की प्रथम वरीयता परिणाम देना नहीं अपितु अपनी सेवा सुरक्षा है। संविधान विशेषज्ञ मंत्रिपरिषद को अस्थाई और प्रशासन को स्थाई सरकार कहते हैं। यह उचित भी है। सरकार का कार्यकाल पांच वर्ष है और प्रशासन का कार्यकाल सतत चलता है। लेकिन वास्तविक क्रियान्वयन की शक्ति प्रशासन में निहित है। सरकारें पेयजल की समस्या पर बजट देती हैं। व्यवस्था प्रशासन के हाथ में है। बजट का बड़ा भाग प्रायाः खर्च नहीं हुआ। प्रशासन तंत्र चाहता तो खर्च हो जाता।

## दैनिक पंचांग

**27 जुलाई 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कर्क में | सिंह | 07.04 बजे से |
| चंद्र | धनु में | कन्या | 09.16 बजे से |
| मंगल | वृष में | तुला | 11.26 बजे से |
| बुध | मिथुन में | वृश्चिक | 13.41 ब.से |
| गुरु | कर्क में | धनु | 15.57 बजे से |
| शुक्र | सिंह में | मकर | 18.02 बजे से |
| शनि | मीन में | कुंभ | 19.49 बजे से |
| राहु | कुंभ में | मीन | 21.21 बजे से |
| केतु | सिंह में | मेष | 22.52 बजे से |
| राहुकाल 7.30 से 9.00 बजे तक | | वृष | 00.32 बजे से |
| | | मिथुन | 02.30 बजे से |
| | | कर्क | 04.44 बजे से |

**सोमवार** 2026 वर्ष का 208 वा दिन
**दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** वर्षा।
**विक्रम संवत्** 2083 **शक संवत्** 1948
**मास** आषाढ़ **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** त्रयोदशी 16.15 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** मूल 10.29 बजे को समाप्त।
**योग** वैधृति 22.55 बजे को समाप्त।
**करण** तैतिल 16.15 बजे तदनन्तर गर 05.19 बजे प्रातः को समाप्त।
**चन्द्रायु** 12.6 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 19° 15'
**सूर्य** दक्षिणायन
**कलि अहर्गण** 1872783
**जूलियन दिन** 2461248.5
**कलियुग संवत्** 5128
**कल्पारंभ संवत्** 1972949128
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1448
**महीना** सफर **तारीख** 12
**विशेष** जयापावर्ती व्रत, मंगला तेरस, डॉ.ए.पी.जे. अब्दुल कलाम पुण्यतिथि।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 05.53 से | 07.22 बजे तक | चर | 05.43 से | 07.14 बजे तक |
| काल | 07.22 से | 08.50 बजे तक | रोग | 07.14 से | 08.45 बजे तक |
| शुभ | 08.50 से | 10.19 बजे तक | काल | 08.45 से | 10.17 बजे तक |
| रोग | 10.19 से | 11.48 बजे तक | लाभ | 10.17 से | 11.48 बजे तक |
| उद्वेग | 11.48 से | 01.17 बजे तक | उद्वेग | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| चर | 01.17 से | 02.45 बजे तक | शुभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| लाभ | 02.45 से | 04.14 बजे तक | अमृत | 02.51 से | 04.2 बजे तक |
| अमृत | 04.14 से | 05.43 बजे तक | चर | 04.22 से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## एक नजर

### आरपीएफ टीम ने रेलवे के लाल कोठी भवन का किया निरीक्षण

**साहिबगंज** : आरपीएफ इंस्पेक्टर बरहरवा संजीव कुमार के नेतृत्व में टीम ने शाम को रेलवे के लाल कोठी भवन पहुंचकर निरीक्षण किया। मौके पर देखा कि भवन को खाली किया गया या नहीं। शहर के वार्ड नंबर 7 स्थित अनुमंडल अस्पताल के पीछे एवं मलखा बाबा थान से सटे रेलवे के लाल कोठी भवन को बीते 13 जुलाई को रेलवे ने सात दिनों में खाली करने का नोटिस दिया था। आरपीएफ इंस्पेक्टर ने बताया कि जारी नोटिस के आधार पर कोठी को खाली कर दिया गया है। जल्द ही प्रक्रिया पूरी कर रेल प्रशासन और आइओडब्ल्यू की मौजूदगी में भवन में तालाबंदी किया जाएगा। मौके पर स्टेशन प्रबंधक दिलीप साहा, अनिल कुमार साहा, नवीन, जेपी यादव आदि मौजूद थे।

### उपासना मरांडी की पहल से सिलेमपुर में लगा नया ट्रांसफार्मर

**महेशपुर** : पाकुड़ जिले के महेशपुर प्रखंड के सिलेमपुर गांव स्थित मुस्लिम टोला के पश्चिमी हिस्से में लंबे समय से बिजली संकट झेल रहे ग्रामीणों को राहत मिल गई है। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की केंद्रीय समिति सदस्य उपासना मरांडी के प्रयास से यहां 25 केवीए का नया विद्युत ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया। ट्रांसफार्मर लगने के बाद क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बहाल होने पर ग्रामीणों ने खुशी जताते हुए उपासना मरांडी और विद्युत विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों ने बताया कि पुराना ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण मुस्लिम टोला के दर्जनों परिवार कई दिनों से अंधेरे में रहने को मजबूर थे। बिजली नहीं रहने से घरेलू कार्यों के साथ-साथ विद्यार्थियों की पढ़ाई, पेयजल आपूर्ति और छोटे-छोटे व्यवसाय भी प्रभावित हो रहे थे। मामले की जानकारी झामुमो प्रखंड उपाध्यक्ष एनामुल हक ने दूरभाष के माध्यम से उपासना मरांडी को दी। उन्होंने गांव की गंभीर स्थिति से अवगत कराते हुए जल्द नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। इसके बाद उपासना मरांडी ने तत्काल विद्युत विभाग के अधिकारियों से संपर्क कर आवश्यक पहल की, जिसके परिणामस्वरूप गांव में नया 25 केवीए ट्रांसफार्मर स्थापित कर दिया गया। ट्रांसफार्मर लगने के बाद ग्रामीणों ने कहा कि उपासना मरांडी क्षेत्र की जनसमस्याओं के समाधान के लिए हमेशा सक्रिय रहती हैं और आम लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता देती हैं। वहीं, एनामुल हक ने भी उपासना मरांडी एवं विद्युत विभाग का धन्यवाद देते हुए कहा कि समय पर की गई पहल से गांव के लोगों को बड़ी राहत मिली है।

### 10 एमवीए पावर ट्रांसफार्मर लगाया गया, उपभोक्ताओं को मिलेगी बेहतर बिजली

**साहिबगंज**: शहर के विद्युत सब-स्टेशन में रविवार को पुराने खराब 10 एमवीए क्षमता के पावर ट्रांसफार्मर को हटाकर उसकी जगह नया 10 एमवीए पावर ट्रांसफार्मर देर शाम तक सफलतापूर्वक स्थापित किया गया। सुबह करीब 9:30 बजे से विद्युत आपूर्ति बंद कर ट्रांसफार्मर बदलने का कार्य शुरू किया गया। कार्य का संचालन अधीक्षण अभियंता राजकुमार के निर्देशन में कार्यपालक अभियंता शंभूनाथ चौधरी के देखरेख में किया गया। डीबीएल कंपनी के 80 टन वजनी वाले क्रेन की सहायता से 10 एमवीए ट्रांसफार्मर को स्थापित किया गया। वही कार्यपालक अभियंता शंभूनाथ चौधरी ने बताया कि पुराना ट्रांसफार्मर कई माह से खराब था, नया ट्रांसफार्मर मिलते ही इसे स्थापित किया गया, अब उपभोक्ताओं को निर्बाध ओर बेहतर विद्युत आपूर्ति की जाएगी। वही दूसरी ओर ट्रांसफार्मर बदलने के दौरान शहर में विभिन्न क्षेत्रों में रोटेशन के आधार पर विद्युत आपूर्ति की गई। इससे उपभोक्ताओं को उमस भरी गर्मी से कुछ राहत मिली।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साहेबगंज के युवाओं से किया वर्चुअल संवाद

# 'विकसित जीवंत ग्राम' कार्यक्रम में युवाओं का आह्वान आत्मनिर्भर गांव ही विकसित भारत की मजबूत नींव

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज** : युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन मेरा युवा भारत, साहेबगंज के तत्वावधान में रविवार को जिला समाहरणालय स्थित एनआईसी सभागार में 'विकसित जीवंत ग्राम कार्यक्रम' के अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ युवाओं का सीधा वर्चुअल संवाद आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए प्रधानमंत्री के विचारों को सुना तथा विकसित भारत के संकल्प को साकार करने का संकल्प लिया। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य तभी पूरा होगा, जब देश का युवा अपनी ऊर्जा, नवाचार, कौशल और सकारात्मक सोच के साथ राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएगा। उन्होंने युवाओं से आत्मनिर्भर भारत, ग्रामीण विकास, डिजिटल सशक्तिकरण, सामाजिक उत्तरदायित्व, पर्यावरण संरक्षण तथा जनभागीदारी को बढ़ावा देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विकसित और आत्मनिर्भर गांव ही विकसित भारत की सबसे मजबूत नींव हैं। कार्यक्रम में शामिल युवाओं ने प्रधानमंत्री के विचारों को प्रेरणादायी बताते हुए कहा कि इस संवाद ने उन्हें राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका को और अधिक जिम्मेदारी के साथ निभाने की प्रेरणा दी है। युवाओं ने अपने गांव, समाज और देश के विकास के लिए सक्रिय रूप से कार्य करने का संकल्प भी लिया। जिला युवा अधिकारी सौरभ पांडे ने कहा कि, आज का यह संवाद साहिबगंज के युवाओं के लिए अत्यंत प्रेरणादायी रहा। प्रधानमंत्री ने युवाओं को कौशल विकास, नवाचार और सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। माई भारत का उद्देश्य युवाओं को राष्ट्र निर्माण की मुख्यधारा से जोड़ना है और आगे भी ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से अधिक से अधिक युवाओं को देश की विकास यात्रा में सहभागी बनाया जाएगा।₹ कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं ने कहा कि प्रधानमंत्री से सीधे संवाद करना उनके लिए गर्व का विषय रहा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन से उन्हें नई ऊर्जा, आत्मविश्वास और समाज के लिए कार्य करने की प्रेरणा मिली है। इस अवसर पर चंदन कुमार, राहुल कुमार यादव, कौशर अंसारी, अजय कुमार मंडल, गौरव कुमार सुमन, बिशाल ठाकुर, कृष्णा कुमार यादव, रितेश कुमार, विनय टुडू, बेटालाल मुर्मू, जोसेफ सोरेन, हरिओम गुप्ता, सौरभ कुमार गुप्ता, लक्ष्मी कुमारी, सुहागनी मुर्मू, मोहन कुमार, ऋषभ कुमार सिंह तथा नतुवा मुर्मू सहित बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे। साथ ही जिला प्रशासन के पदाधिकारी, माई भारत के प्रतिनिधि एवं स्वयंसेवकों ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को सरकार की विकासोन्मुखी योजनाओं से जोड़ते हुए उन्हें राष्ट्र निर्माण की मुख्यधारा में सहभागी बनाना था।

## बरहरवा-पाकुड़ मुख्य मार्ग पर बांस लदी जुगाड़ गाड़ी पलटी, चालक घायल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज**: जिले के बरहरवा-पाकुड़ मुख्य मार्ग पर रविवार को दुलूमपुर के समीप एक बांस लदी जुगाड़ गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में पलट गई। दुर्घटना में जुगाड़ गाड़ी का चालक घायल हो गया, जिसे स्थानीय लोगों की सहायता से सुरक्षित बाहर निकाला गया। हालांकि इस हादसे में किसी अन्य व्यक्ति के हताहत होने की सूचना नहीं है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जुगाड़ गाड़ी दुलूमपुर के पास चालक का वाहन से संतुलन बिगड़ गया, जिससे गाड़ी सड़क से नीचे उतरकर खेत में पलट गई। दुर्घटना के बाद कुछ समय के लिए घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई।स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में जुगाड़ गाड़ियों का संचालन लगातार जारी है। प्रशासन द्वारा समय-समय पर इन वाहनों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने के बावजूद इसका कोई खास असर देखने को नहीं मिल रहा है। बिना पंजीकरण और सुरक्षा मानकों के विपरीत चलने वाली ये जुगाड़ गाड़ियां आए दिन दुर्घटनाओं का कारण बन रही हैं, जिससे आम लोगों की सुरक्षा भी खतरे में पड़ रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से अवैध रूप से संचालित जुगाड़ गाड़ियों पर प्रभावी और नियमित कार्रवाई करने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। वहीं, दुर्घटना के बाद क्षतिग्रस्त जुगाड़ गाड़ी को खेत से निकालने का प्रयास किया जा रहा था।

## पृथ्वीनगर अग्निकांड : निसात आलम ने पीड़ित परिवारों से मिलकर बांटी राहत सामग्री

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पाकुड़** : जिले के सदर प्रखंड की पृथ्वीनगर पंचायत अंतर्गत पृथ्वीनगर गांव में बिजली के शॉर्ट सर्किट से लगी भीषण आग में एक परिवार के पांच मकान जलकर राख हो गए। घटना में घर का सामान, अनाज, कपड़े, बर्तन, आवश्यक दस्तावेज सहित दैनिक उपयोग की अधिकांश वस्तुएं नष्ट हो गईं, जिससे परिवार के सामने गंभीर संकट खड़ा हो गया। घटना की सूचना मिलने पर पंचायत के मुखिया पति सेलिम हुसैन ने पाकुड़ की विधायक निसात आलम को मामले से अवगत कराया। सूचना मिलते ही विधायक रविवार को पृथ्वीनगर गांव पहुंचीं और अग्निपीड़ित परिवारों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। उन्होंने पीड़ितों को ढांढस बंधाते हुए हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाया। इस दौरान विधायक ने प्रभावित परिवारों के बीच आर्थिक सहायता, राशन, कपड़े तथा अन्य आवश्यक राहत सामग्री का वितरण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से शीघ्र सर्वे कराकर पीड़ितों को नियमानुसार मुआवजा एवं सरकारी राहत उपलब्ध कराने की मांग की। साथ ही क्षतिग्रस्त मकानों के पुनर्निर्माण के लिए सरकारी योजनाओं के तहत आवश्यक कार्रवाई कराने का आश्वासन भी दिया। विधायक निसात आलम ने कहा कि इस कठिन समय में प्रभावित परिवार अकेले नहीं हैं और हरसंभव सहयोग के लिए वे लगातार प्रयास करती रहेंगी। उन्होंने प्रशासन से राहत कार्य में तेजी लाने की भी अपील की। मौके पर कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष मानसारुल हक, पूर्व कोषाध्यक्ष असद हुसैन सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे और पीड़ित परिवारों को हरसंभव सहयोग का भरोसा दिया।

## समय पर चार्जशीट नहीं तो होगी कार्रवाई एसपी ने पुलिस अधिकारियों को दी चेतावनी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज** : इंजरी रिपोर्ट तैयार होने के बावजूद प्राथमिकी दर्ज नहीं करने तथा निर्धारित समय सीमा के भीतर चार्जशीट दाखिल नहीं करने वाले पुलिस पदाधिकारियों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई हो सकती है। यह चेतावनी पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह ने रविवार को पुलिस लाइन कार्यालय में आयोजित विशेष अपराध समीक्षा बैठक के दौरान दी। बैठक में तीनों अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, मुख्यालय डीएसपी, सभी थाना प्रभारी एवं अनुसंधान पदाधिकारी उपस्थित थे। एसपी ने बताया कि प्रारंभिक समीक्षा में पिछले कुछ महीनों के दौरान जिले के विभिन्न थानों में मारपीट एवं अन्य आपराधिक मामलों में इंजरी रिपोर्ट तैयार होने के बावजूद प्राथमिकी दर्ज नहीं किए जाने के कई मामले सामने आए हैं। इसके अलावा विसरा को समय पर फॉरेंसिक जांच के लिए नहीं भेजने, पोस्टमार्टम एवं इंजरी रिपोर्ट प्राप्त करने में देरी जैसी प्रक्रियागत खामियां भी पाई गई हैं। एसपी ने कहा कि पुलिस की पहली जिम्मेदारी पीड़ितों को न्याय दिलाना है। इंजरी रिपोर्ट के बाद भी प्राथमिकी दर्ज नहीं होना पुलिस के प्रति जनता के विश्वास को कमजोर करता है, वहीं समय पर चार्जशीट दाखिल नहीं होने से आरोपितों को कानूनी लाभ मिल सकता है। उन्होंने बताया कि 10 वर्ष या उससे अधिक सजा वाले मामलों में निर्धारित अवधि के भीतर चार्जशीट दाखिल करना अनिवार्य है। राज्यस्तरीय अपराध समीक्षा बैठक में दिए गए निदेशों के आलोक में फॉरेंसिक रिपोर्ट समय पर उपलब्ध कराने के लिए नोडल पदाधिकारियों की नियुक्ति की प्रक्रिया भी शुरू की गई है।

## कारगिल शहीद जोनाथन सुबोध मरांडी को दी गई श्रद्धांजलि

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज** : जिले के तालझारी प्रखंड में कारगिल दिवस के मौके पर रविवार को कारगिल शहीद जोनाथन सुबोध मरांडी के प्रतिमा पर पदाधिकारी एवं गण्यमान लोगों द्वारा माल्यर्पण किया गया। तालझारी स्टेशन चौक पर स्थापित शहीद जोनाथन सुबोध मरांडी की प्रतिमा पर जोनाथन सुबोध मरांडी की पत्नी रूथ टुडू, बीडीओ सह सीओ राम सुमन प्रसाद थाना प्रभारी नितेश कुमार पांडेय, रेंजर पंचम दुबे, पूर्व सीआई रविशंकर राम ने माल्यर्पण किया। बीडीओ राम सुमन प्रसाद के हाथो शहीद जोनाथन सुबोध मरांडी की पत्नी रूथ टुडू को शोल देकर सम्मानित किया। शहीद जोनाथन सुबोध मरांडी भारत पाकिस्तान की कारगिल युद्ध के बाद सीमा पर तैनात रह कर सीमा की रखवाली कर रहे थे, पाकिस्तानी दुश्मनों ने निशाना बनाकर शहीद कर दिया। कारगिल युद्ध के दौरान भारत के कई जवान शहीद हुए थे उन शहीदों में इनका नाम दर्ज है। इस दौरान ओम प्रकाश पंडित, अंचल नाजिर अवधेश कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

## एसआईआर अभियान को सफल बनाने में पूरी ताकत से जुटें कार्यकर्ता : आलमगीर आलम

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**पाकुड़** : विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को सफल बनाने को लेकर रविवार को जिला कांग्रेस कार्यालय, पाकुड़ में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री आलमगीर आलम ने कार्यकर्ताओं से अभियान में पूरी सक्रियता के साथ जुटने का आह्वान किया। बैठक में जिला एवं प्रखंड स्तर के पदाधिकारी, बूथ लेवल एजेंट , पंचायत अध्यक्ष तथा बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक को संबोधित करते हुए आलमगीर आलम ने कहा कि रक्क्र अभियान लोकतंत्र को मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में दर्ज होना लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूती के लिए आवश्यक है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपने-अपने क्षेत्रों में घर-घर जाकर लोगों से संपर्क करने तथा पात्र मतदाताओं के एन्यूमरेशन फॉर्म समय पर बीएलओ के पास जमा कराने में सहयोग करने की अपील की।

उन्होंने बताया कि फॉर्म जमा करने के लिए अब केवल दो-तीन दिन का समय शेष है। ऐसे में सभी कार्यकर्ता पूरी जिम्मेदारी के साथ अभियान को अंतिम चरण तक सफल बनाने में जुट जाएं, ताकि कोई भी पात्र मतदाता इस प्रक्रिया से वंचित न रह जाए। बैठक के दौरान पूर्व मंत्री ने ग्रामीण क्षेत्रों से आए कार्यकर्ताओं से एसआईआर अभियान की प्रगति की जानकारी भी ली। कार्यकर्ताओं ने बताया कि अधिकांश एन्यूमरेशन फॉर्म बीएलओ द्वारा अपलोड किए जा चुके हैं, जबकि कुछ फॉर्म अपलोड होना बाकी है। इस पर आलमगीर आलम ने निर्देश दिया कि 27 और 28 जुलाई तक शेष सभी फॉर्म प्राथमिकता के आधार पर अपलोड कराए जाएं, जिससे किसी भी मतदाता का नाम छूटने की संभावना न रहे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध रही है और प्रत्येक पात्र नागरिक तक पहुंच सुनिश्चित करना संगठन की जिम्मेदारी है। बैठक में संगठन की मजबूती, बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की सक्रियता बढ़ाने तथा एआईआर अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने पर भी विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने एसआईआर अभियान को सफल बनाने तथा प्रत्येक पात्र मतदाता तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करने का संकल्प लिया।

## संक्षिप्त खबरें

### राज्य स्तरीय लिटिल चैंप्स फुटबॉल चैंपियनशिप में पाकुड़ का शानदार प्रदर्शन, जीता कांस्य पदक



**पाकुड़** : जिले के लिए अत्यंत गर्व और हर्ष का विषय है कि मध्य विद्यालय जिंदातो की अंडर-12 बालक फुटबॉल टीम ने रांची के खेलगांव में आयोजित द्वितीय राज्य स्तरीय लिटिल चैंप्स फुटबॉल चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया है। झारखंड एजुकेशन प्रोजेक्ट काउंसिल के तत्वावधान में आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के कांस्य पदक मुकाबले में पाकुड़ की टीम ने लोहरदगा को 1-0 से पराजित कर तीसरा स्थान हासिल किया। पूरे टूर्नामेंट के दौरान टीम ने अनुशासित खेल, बेहतरीन तालमेल, उत्कृष्ट तकनीकी कौशल एवं अदम्य जुझारूपन का परिचय देते हुए राज्य स्तर पर जिले की प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर उपायुक्त मेघा भारद्वाज, जिला शिक्षा पदाधिकारी अनीता पुरती, जिला शिक्षा अधीक्षक प्रियाश्री भगत तथा जिला खेल पदाधिकारी राहुल कुमार ने खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं विद्यालय परिवार को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि जिले के उभरते खिलाड़ियों की प्रतिभा, कठिन परिश्रम और समर्पण का प्रतिफल है। यह सफलता अन्य बच्चों को भी खेलों के प्रति प्रेरित करेगी तथा विश्वास है कि पाकुड़ के खिलाड़ी भविष्य में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी प्रतिभा का परचम लहराकर जिले एवं राज्य का नाम रोशन करेंगे। पाकुड़ की इस गौरवपूर्ण उपलब्धि से पूरे जिले में उत्साह एवं हर्ष का वातावरण है। यह सफलता जिले में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने तथा नई प्रतिभाओं को आगे आने के लिए प्रेरित करने वाली उपलब्धि साबित होगी।

पाकुड़ में

### एमएसएमई मंत्रालय की उद्यमी जागरूकता कार्यशाला आज

**पाकुड़** : सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई), भारत सरकार द्वारा पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के सहयोग से 27 जुलाई 2026 को रविन्द्र भवन टाउन हॉल, पाकुड़ में उद्यमी जागरूकता एवं विक्रेता विकास कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य जिले के आकांक्षी एवं वर्तमान उद्यमियों को एमएसएमई मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं एवं पहलों की जानकारी प्रदान करना तथा उन्हें स्वरोजगार, उद्यम स्थापना एवं व्यवसाय विस्तार के लिए प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम में विशेष रूप से नेशनल एससी-एसटी हब योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी जाएगी, ताकि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के उद्यमी सरकारी खरीद प्रणाली में अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित कर सकें। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को उद्यम पोर्टल पर पंजीकरण के महत्व एवं प्रक्रिया की जानकारी दी जाएगी। साथ ही उद्यमों को औपचारिक स्वरूप प्रदान करने, सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने तथा व्यवसाय को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए उपलब्ध अवसरों से भी अवगत कराया जाएगा। मौजूदा उद्यमियों को विक्रेता पंजीकरण प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज, केंद्रीय मंत्रालयों एवं केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों द्वारा खरीदी जाने वाली वस्तुओं एवं सेवाओं, ई-टेंडरिंग प्रक्रिया, ऋण सुविधा, बैंकिंग सहायता तथा विभिन्न सब्सिडी योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी जाएगी। इसके अतिरिक्त सार्वजनिक खरीद नीति के अंतर्गत अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति उद्यमियों के लिए निर्धारित 4 प्रतिशत खरीद लक्ष्य से संबंधित प्रावधानों एवं अवसरों पर भी विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। जिले के इच्छुक युवा, स्टार्टअप, महिला उद्यमी, स्वयं सहायता समूह, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम संचालक तथा व्यवसाय प्रारंभ करने के इच्छुक सभी नागरिकों से कार्यक्रम में भाग लेकर उपलब्ध योजनाओं एवं सुविधाओं का लाभ उठाने की अपील की गई है।

### अमड़ापाड़ा साप्ताहिक हाट में बेलगाम टेंपो-टोटो का आतंक, जाम और अव्यवस्था से लोग परेशान



**अमड़ापाड़ा** : पाकुड़ जिले के अमड़ापाड़ा मुख्य बाजार में प्रत्येक शनिवार और मंगलवार को लगने वाले साप्ताहिक हाट के दौरान यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा जाती है। हाट के दिनों में ओवरलोड टेंपो और टोटो का बेधड़क परिचालन होता है, जिससे बाजार क्षेत्र में अक्सर जाम की स्थिति बन जाती है। कई बार अनियंत्रित वाहनों के कारण छोटी-मोटी दुर्घटनाएं भी होती रहती हैं, लेकिन इस गंभीर समस्या पर न तो स्थानीय प्रशासन की नजर पड़ रही है और न ही परिवहन विभाग द्वारा कोई प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बाजार में टेंपो और टोटो के लिए कोई निर्धारित स्टैंड नहीं है। चालक अपनी सुविधानुसार दुकानों के सामने और मुख्य सड़क पर वाहन खड़े कर देते हैं, जिससे सड़क संकरी हो जाती है और राहगीरों के साथ-साथ अन्य वाहन चालकों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। हाट के दिनों में यह समस्या और भी विकराल रूप ले लेती है। स्थानीय दुकानदारों के अनुसार, कई बार इस अव्यवस्था के कारण ग्राहकों को भी परेशानी होती है। बाजार की पोखरिया चौक, हनुमान मंदिर चौक और दुर्गा मंदिर के आसपास सबसे अधिक टेंपो और टोटो का जमावड़ा लगा रहता है। इसके कारण पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। बाजारवासियों ने प्रशासन से हाट के दिनों में विशेष ट्रैफिक व्यवस्था लागू करने, टेंपो-टोटो के लिए अलग स्टैंड चिन्हित करने तथा ओवरलोड और अव्यवस्थित परिचालन करने वाले चालकों के विरुद्ध नियमित कार्रवाई की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो भविष्य में कोई बड़ा हादसा भी हो सकता है।

### पुलिस की सक्रियता से लापता किशोर सकुशल बरामद

**साहिबगंज**: मॉर्निंग वॉक के लिए घर से निकले 14 वर्षीय छात्र के रहस्यमय ढंग से लापता हो जाने से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। परिवार की चिंता, पुलिस की लगातार छानबीन और सीसीटीवी फुटेज की मदद से करीब 24 घंटे बाद छात्र को भागलपुर रेलवे स्टेशन से सकुशल बरामद कर लिया गया। छात्र के मिलने के बाद परिजनों ने राहत की सांस ली, वहीं पुलिस अब उससे पूछताछ और काउंसलिंग कर पूरे घटनाक्रम की वास्तविक वजह जानने में जुटी है। जानकारी के अनुसार रांगा थाना क्षेत्र के कुम्हरिया गांव निवासी संदीप साह का 14 वर्षीय पुत्र गौरव उर्फ श्रीशांत शनिवार तड़के करीब साढ़े चार बजे रोजाना की तरह मॉर्निंग वॉक के लिए घर से निकला था। काफी देर तक वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने आसपास और रिश्तेदारों के यहां तलाश शुरू की, लेकिन उसका कहीं कोई पता नहीं चला। इसके बाद परिजनों ने रांगा थाना पहुंचकर लिखित आवेदन देकर पुत्र की बरामदगी की गुहार लगाई। मामले की गंभीरता को देखते हुए बरहरवा पुलिस निरीक्षक संतोष कुमार, रांगा थाना प्रभारी अखिलेश कुमार यादव तथा एसआई गौरव कुमार तत्काल सक्रिय हुए और छात्र के घर पहुंचकर पूरे मामले की जानकारी ली। जांच के दौरान पता चला कि गौरव बरहरवा स्थित होली फैमिली स्कूल में कक्षा 10 का छात्र है और उसी दिन विद्यालय में परीक्षा परिणाम घोषित हुआ था। पुलिस ने स्कूल पहुंचकर प्राचार्य से जानकारी ली।

# कोयला छापेमारी के बाद बवाल, सीआईएसएफ की गाड़ी पर हमला, जांच में जुटी पुलिस

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** गांधीनगर थाना क्षेत्र के चार नंबर एरिया में कोयला चोरी रोकने को लेकर चलाए गए कथित छापेमारी अभियान के बाद बड़ा विवाद खड़ा हो गया है. एक ओर घायल युवक और उसके परिजनों ने सीआईएसएफ पर बेरहमी से मारपीट का आरोप लगाया है, घायल युवक के मां का कहना है जलावन के लिए चार बोड़ा कोयला लेकर जा रहा था। इसी दौरान सीआईएसएफ के जवान ने रोका और बुरी तरह से पिटाई कर दिया। जिसके कारण उसका सिर फट गया है शरीर के कई जगहों पर गंभीर चोट लगी है। पुलिस मामले की जांच को लेकर अस्पताल पहुंच गई है। वहीं दूसरी ओर सीआईएसएफ ने इन आरोपों





से साफ इनकार किया है। सीआईएसएफ कमांडेंट (अतिरिक्त प्रभार) आशुतोष चौधरी का कहना है कि कानून के तहत जो मुझे पावर दिया गया है, क्षेत्र में हो रहे कोयला चोरी रोकने को लेकर हमारे जवान द्वारा कार्रवाई की जा रही थी इसी दौरान चार बाइक पर कोयला लोड किए हुए दो बाइक सवार भाग गए। इनको भी रोकने का प्रयास किया गया भागने के क्रम में गिर गये जिससे उसके सिर में थोड़ा खर्च आया है जिसे हमारे जवानों ने उठा कर ढोरी सेंट्रल हॉस्पिटल में एडमिट करा दिया। जहां घायल युवक के परिजन पहुंचकर हंगामा कर रहे हैं। कार्रवाई का कुछ लोगों ने विरोध किया और सीआईएसएफ की सरकारी गाड़ी को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना के बाद घायल युवक को सीसीएल ढोरी केंद्रीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां परिजनों और स्थानीय लोगों के पहुंचने से माहौल तनावपूर्ण हो गया।सुरक्षा के मद्देनजर अस्पताल परिसर में अतिरिक्त सीआईएसएफ बल तैनात किया गया है। वहीं पूरे मामले की जांच में बेरमो पुलिस जुट गई है। अब जांच के बाद ही यह स्पष्ट होगा कि घटना किन परिस्थितियों में हुई है। क्षेत्र में बड़ी संख्या में बाइक द्वारा कोयला का अवैध कारोबार संचालित होता है। सीआईएसफ के लगातार छापामारी से कोयला के अवैध कारोबारी मैं बौखलाहट शुरू हो गई है। मामले में आरोप-प्रत्यारोप में कितनी सच्चाई है।

## एक नजर

### जगन्नाथपुर में वज्रपात से दो महिलाओं की मौत

**चाईबासा** : पश्चिमी सिंहभूम जिले के जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के डेबरासाही गांव में शनिवार को आकाशीय बिजली गिरने से दो महिलाओं की मौत हो गई। मृतकों की पहचान 20 वर्षीय दशमाती हेंब्रम और 35 वर्षीय सुकुरमनी हेंब्रम के रूप में हुई है। बताया गया कि शनिवार दोपहर दोनों महिलाएं अपने घर के बरामदे में बैठकर बातचीत कर रही थीं। इसी दौरान मौसम ने अचानक करवट ली और तेज बारिश के साथ गरज-चमक शुरू हो गई। कुछ ही देर बाद जोरदार आवाज के साथ आकाशीय बिजली गिरी,जिसकी चपेट में आने से दोनों महिलाएं गंभीर रूप से झुलस गईं। हादसे के बाद परिजन और ग्रामीण तत्काल दोनों को इलाज के लिए चंपुआ अनुमंडल अस्पताल ले गए। वहां मौजूद चिकित्सकों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों का कहना था कि वज्रपात का असर इतना गंभीर था कि दोनों महिलाओं की मौत घटनास्थल पर ही हो चुकी थी। घटना की जानकारी मिलते ही जगन्नाथपुर थाना प्रभारी टिंकू दास पुलिस बल के साथ अस्पताल पहुंचे। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की। रविवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए।

### सड़क हादसे में एक किशोर की मौत

**पूर्वी सिंहभूम** : कदमा थाना क्षेत्र स्थित मरीन ड्राइव पर रविवार सुबह हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक किशोर की जान चली गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान गणेश पात्रो के रूप में हुई है। वहीं घायल निखिल साहू का इलाज अस्पताल में जारी है। पुलिस ने मामले में प्राथमिकी दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, गणेश पात्रो और निखिल साहू एक ही बाइक पर सवार होकर मरीन ड्राइव से गुजर रहे थे। इसी दौरान उनकी बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हालांकि हादसा किन परिस्थितियों में हुआ और इसके पीछे क्या वजह रही, इसका स्पष्ट खुलासा अभी तक नहीं हो पाया है। पुलिस घटनास्थल का निरीक्षण करने के साथ-साथ आसपास के लोगों से जानकारी जुटा रही है और दुर्घटना के हर पहलू की जांच कर रही है। हादसे के तुरंत बाद दोनों घायलों को इलाज के लिए ब्रह्मानंद अस्पताल पहुंचाया गया। गणेश पात्रो की हालत गंभीर होने के कारण चिकित्सकों ने उसे बेहतर इलाज के लिए टाटा मेन हॉस्पिटल (टीएमएच) रेफर कर दिया, लेकिन वहां पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। दूसरी ओर, निखिल साहू के हाथ में गंभीर फ्रैक्चर हुआ है और उसका उपचार चिकित्सकों की निगरानी में चल रहा है।

### महिला ने की खुदकुशी, जांच में जुटी पुलिस



**पूर्वी सिंहभूम** : आजाद नगर थाना क्षेत्र के ओल्ड पुरुलिया रोड नंबर-9 स्थित अल हबीबिया अपार्टमेंट, गौसिया मस्जिद के समीप रविवार को एक महिला के खुदकुशी करने का मामला सामने आया। घटना की सूचना मिलते ही इलाके में लोगों की भीड़ जुट गई और इसकी जानकारी पुलिस को दी गई। मृतका की पहचान जुगनू के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही आजाद नगर थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के साथ आवश्यक कानूनी प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। प्रारंभिक जांच में खुदकुशी के पीछे की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है।

# अज्ञात महिला का शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पूर्वी सिंहभूम :** परसुडीह थाना क्षेत्र के भुडरूडीह कैनाल किनारे रविवार सुबह एक अज्ञात महिला का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने की सूचना पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग घटनास्थल पर जुट गए। सूचना मिलते ही परसुडीह थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। समाचार लिखे जाने तक महिला की पहचान नहीं हो सकी थी। घटनास्थल पर मौजूद लोगों के अनुसार, सुबह कैनाल किनारे महिला का शव दिखाई देने के बाद आसपास के ग्रामीण और राहगीरों की भीड़ लग गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया और आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू की। साथ ही क्षेत्र से आवश्यक साक्ष्य भी जुटाए गए। स्थानीय लोगों ने शव की स्थिति को देखते हुए महिला के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या किए जाने की आशंका जताई। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि महिला के कपड़े अस्त-व्यस्त थे तथा शरीर का ऊपरी और निचला हिस्सा नग्न अवस्था में था। हालांकि पुलिस ने स्पष्ट किया है कि दुष्कर्म की पुष्टि फिलहाल नहीं हुई है और इस संबंध में कोई निष्कर्ष पोस्टमार्टम तथा फॉरेंसिक जांच रिपोर्ट आने के बाद ही निकाला जाएगा। मानवता के नाते स्थानीय लोगों ने शव को तौलिये से ढक दिया। महिला के हाथों में लगी ताजा मेहंदी है। मेहंदी पूरी तरह फीकी नहीं पड़ी थी, जिससे आशंका जताई जा रही है कि महिला हाल ही में किसी शादी या पारिवारिक समारोह में शामिल हुई होगी। पुलिस अब आसपास के थानों में दर्ज गुमशुदगी के मामलों का मिलान कर मृतका की पहचान करने का प्रयास कर रही है।

# दुमका में युवक की कुल्हाड़ी से हत्या, दोस्त पर आरोप, प्रेम प्रसंग के एंगल से जांच में जुटी पुलिस

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**दुमका :** दुमका जिले में एक युवक की कुल्हाड़ी से हमला कर हत्या कर दिए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मृतक के दोस्त पर हत्या का आरोप दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

प्रारंभिक जांच में घटना के पीछे कथित प्रेम संबंध का एंगल भी सामने आया है, हालांकि पुलिस का कहना है कि सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, मृतक शुक्रवार को दूसरे गांव स्थित अपने मित्र के घर गया था और रात वहीं रुका था। आरोप है कि शनिवार दिन में जब वह खटिया पर सो रहा था, तभी उसके मित्र ने कुल्हाड़ी से उस पर हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल युवक को तत्काल फूलो



झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के पिता ने आरोप लगाया है कि उनके पुत्र की हत्या उसके दोस्त ने ही की है। घटना के बाद आरोपित मौके से फरार हो गया, जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार, आरोपित की पत्नी और मृतक के बीच कथित रूप से नजदीकी संबंध थे। ग्रामीणों का अनुमान है कि इसी बात को लेकर विवाद हुआ, जिसके बाद यह घटना घटी। हालांकि पुलिस ने इन दावों की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है और मामले की जांच जारी है। थाना प्रभारी राजेश रंजन ने बताया कि पूछताछ के दौरान ऐसी जानकारी सामने आई है कि मृतक और आरोपित की पत्नी के बीच कथित नजदीकी संबंध थे। उन्होंने कहा कि हत्या के पीछे वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। आरोपित की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगातार कार्रवाई कर रही है। पुलिस के अनुसार, मृतक के विरुद्ध पूर्व में आर्म्स एक्ट और पॉक्सो एक्ट के मामलों में भी प्राथमिकी दर्ज थी तथा वह दो बार जेल जा चुका था। पुलिस का कहना है कि साक्ष्य एकत्र किए जा रहे हैं और जांच पूरी होने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# असाढ़ पूर्णिमा सह नगर महोत्सव का हुआ शुभारंभ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चास :** रविवार को कुशवाहा नगर विकास समिति द्वारा आयोजित असाढ़ पूर्णिमा सह नगर महोत्सव का शुभारंभ रविवार को कुशवाहा भवन, चास में श्रद्धा एवं उत्साह के साथ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन कुशवाहा नगर के संस्थापक एवं कुशवाहा समाज के पूर्व महामंत्री राम कुमार सिंह, राम विलास प्रसाद, महिला संयोजक आशा सिन्हा, राम गहन सिंह, कामेश्वर प्र. सिंह, रामाश्रय प्रसाद, नरेश सिंह, श्रीचंद प्रसाद सहित अन्य अतिथियों ने भगवान बुद्ध की प्रतिमा के समक्ष पंचशील दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया। उदधाटन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि माननीय राम कुमार सिंह ने कहा कि इस नगर का निर्माण सेवानिवृत लोगों को स्वास्थ्य सेवा, बच्चों की शिक्षा, यातायात, अपनापन आदि के बेहतर विकल्प देने के लिए किया गया था। कार्यक्रम के संयोजक संजय शान ने महोत्सव




के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह आयोजन शिक्षित, संगठित, संस्कारित एवं समृद्ध समाज के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि असाढ़ पूर्णिमा के अवसर पर तथागत बुद्ध का संदेश अप्प दीपो भव (स्वयं अपना दीपक बनो) आज भी समाज को आत्मनिर्भरता, ज्ञान और सदाचार की प्रेरणा देता है। समिति के अध्यक्ष सुनील गांधी ने सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि यह महोत्सव सामाजिक समरसता, आपसी प्रेम-भाईचारे तथा नगर के सर्वांगीण विकास के लिए सकारात्मक वातावरण तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। महोत्सव के प्रथम दिन आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को मेरी मां, अगर मैं पक्षी होता, बुद्ध की जीवन यात्रा एवं मेरा विकसित भारत विषयों में से किसी एक पर कलाकृति बनाने का अवसर दिया गया। प्रतियोगिता का मूल्यांकन प्रसिद्ध मूर्तिकार संजय शान, चित्रकार रंजीत कुमार एवं कला शिक्षक उमा कुमारी ने निर्णायक के रूप में किया। इस अवसर पर डा विद्या प्रकाश, अखिलेश कुमार सिंह, उपेन्द्र नाथ वर्मा, विजेता गुप्ता, निखिल कुशवाहा, अनिल कुमार सहित अनेक गणमान्य लोगों ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।

# शिक्षा विभाग में ट्रांसफर-पोस्टिंग में घूसखोरी का आरोप, सीपीआई ने की डीसी से जांच की मांग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पलामू :** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) के जिला सचिव एवं डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक प्रत्याशी रूचिर कुमार तिवारी ने रविवार को पलामू के उपायुक्त को पत्र सौंपकर जिला शिक्षा विभाग में व्यापक भ्रष्टाचार, ट्रांसफर-पोस्टिंग में कथित पैसे के खेल और शिक्षकों के शोषण का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है। रूचिर ने आरोप लगाया कि जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा सहायक शिक्षकों के स्थानांतरण में निर्धारित स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) का पालन नहीं किया जा रहा है। उनके अनुसार, मनमाने तरीके से ट्रांसफर-पोस्टिंग की जा रही है और प्रत्येक शिक्षक से 70 से 80 हजार रुपये तक की अवैध वसूली की जा रही है। जो शिक्षक पैसे देने में असमर्थ हैं, उन्हें दूरदराज के ग्रामीण क्षेत्रों में पदस्थापित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पलामू से सटे गढ़वा और लातेहार जिलों में दिव्यांग एवं महिला शिक्षकों को एसओपी के अनुरूप सुविधाजनक स्थानों पर पदस्थापित किया गया है, जबकि पलामू में नियमों की अनदेखी कर कथित रूप से धन उगाही का खेल चल रहा है। उन्होंने जिला शिक्षा पदाधिकारी संदीप कुमार, कुछ लिपिकों तथा विभाग में कार्यरत कुछ कर्मियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। भाकपा नेता ने यह भी आरोप लगाया कि पूर्व उपायुक्त एस. समीरा के कार्यकाल में भ्रष्टाचार पर काफी हद तक रोक लगी थी, लेकिन उनके स्थानांतरण के बाद कथित तौर पर फिर से घूसखोरी का सिलसिला शुरू हो गया है। उन्होंने एक महिला शिक्षक का उदाहरण देते हुए दावा किया कि गर्भावस्था के दौरान छुट्टी स्वीकृत करने के लिए पैसे की मांग की गई।

# साहिबगंज में पॉक्सो अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन पर जिला स्तरीय मल्टी स्टेकहोल्डर्स कंसल्टेशन आयोजित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निदेशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहिबगंज अखिल कुमार के मार्गदर्शन में व्यवहार न्यायालय परिसर स्थित लोक अदालत कक्ष में पॉक्सो अधिनियम, 2012 के प्रभावी क्रियान्वयन विषय पर जिला स्तरीय मल्टी स्टेकहोल्डर्स कंसल्टेशन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के साथ-साथ विधिक जागरूकता प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम-सह-विशेष न्यायाधीश



पॉक्सो गुलाम हैदर, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुशील कुमार, पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) रविकांत साव, जिला लोक अभियोजक अनुराग शुक्ला, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी पूनम कुमारी, स्वास्थ्य विभाग के डॉ. मुकेश कुमार एवं डॉ. मोहन मुर्मू, पुलिस पदाधिकारीगण, जिला बाल संरक्षण इकाई के प्रतिनिधि, लीगल एड डिफेंस काउंसिल, विधिक सहायता अधिवक्ता, पारा विधिक स्वयंसेवक - न्याय मित्र तथा विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम-सह-विशेष न्यायाधीश पॉक्सो गुलाम हैदर ने पॉक्सो अधिनियम, 2012 के उद्देश्य, उसकी आवश्यकता एवं प्रभावी क्रियान्वयन के विभिन्न पहलुओं पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह अधिनियम बच्चों को यौन अपराधों से संरक्षण प्रदान करने वाला एक विशेष एवं बाल हितैषी कानून है, जिसका उद्देश्य पीड़ित बच्चों को सुरक्षित वातावरण में त्वरित, निष्पक्ष एवं संवेदनशील न्याय उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि पुलिस, अभियोजन, स्वास्थ्य विभाग, जिला बाल संरक्षण इकाई, बाल कल्याण समिति, विधिक सेवा प्राधिकार तथा न्यायपालिका सहित सभी संबंधित विभागों की जिम्मेदारियां स्पष्ट रूप से निर्धारित हैं, जिनका समन्वित एवं समयबद्ध निर्वहन अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने पॉक्सो मामलों में अनुसंधान की विधि पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि प्रत्येक मामले में निष्पक्ष, वैज्ञानिक एवं गुणवत्तापूर्ण विवेचना होनी चाहिए। घटनास्थल का विधिवत निरीक्षण, भौतिक एवं डिजिटल साक्ष्यों का संरक्षण, पीड़ित एवं गवाहों के बयान का समय पर संकलन तथा फोरेंसिक साक्ष्यों का समुचित उपयोग न्यायिक प्रक्रिया की सफलता के लिए आवश्यक है। उन्होंने कहा कि अनुसंधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही न्याय को प्रभावित कर सकती है।

## संक्षिप्त खबरें

### सीबीएसई ईस्ट जोन जूडो प्रतियोगिता के लिए एमजीएम की 32 सदस्यीय बालिका टीम प्रयागराज रवाना



**बोकारो** : सीबीएसई ईस्ट जोन बालिका जूडो प्रतियोगिता गुरुकुल मोंटेसरी स्कूल प्रयागराज में दिनांक 26 जुलाई से 30 जुलाई तक सीबीएसई द्वारा आयोजित की जा रही है इस प्रतियोगिता में एमजीएम स्कूल बोकारो की 32 सदस्य टीम प्रयागराज के लिए रवाना हुई स्कूल के प्राचार्य फादर डॉक्टर जोशी वर्गीस ने बताया कि एमजीएम की टीम विगत दो वर्षों से ओवरऑल चैंपियन रही है इस बार भी खिलाड़ियों के मेहनत से तीसरी बार प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है खिलाड़ियों में 11 वर्ष आयु वर्ग में - रोशनी कुमारी, अंजली कुमारी,परी कुमारी, किसवा एवं धृति कुमारी। 14 वर्ष आयु वर्ग में- अर्पिता रानी,साक्षी सोलंकी,पीहू कुमारी,अनामिका,समृद्धि कुमारी, जया सिंह एवं हर्षिका कुमारी। 17 वर्ष आयु वर्ग में- दुर्गा टंडन,सृष्टि,आकृति कुमारी, आराध्या कुमारी,सौम्या,मानवी राय, सोनाक्षी कुमारी,अनन्या कुमारी एवं गौरवी शर्मा। 19 वर्ष आयु वर्ग में- झिनुक बनर्जी, स्नेहा कुमारी,आस्था पांडे, सुरभि कुमारी,जय श्री, कुमारी अदिति, स्वस्ति विजया, रिचा नंदा,पीहू उपाध्याय सभी खिलाड़ी ईस्ट जोन सीबीएसई जूडो बालिका वर्ग प्रतियोगिता में स्वर्ण एवं रजत पदक जीतने पर 29 सितंबर से 4 अक्टूबर तक हरियाणा में होने वाले राष्ट्रीय सीबीएसई जूडो प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

### बोकारो भाजपा नगर कमेटी ने किया उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलए-2 को सम्मानित



**बोकारो**: भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) बोकारो नगर कमेटी द्वारा आज सेक्टर 1/सी स्थित सांसद कार्यालय में एक विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में एस.आई.आर. में कार्य कर रहे सभी शक्ति केंद्रों और सभी बूथों के बीएलए-2 (बूथ लेवल एजेंट-2) को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं और संगठनात्मक मजबूती के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा बोकारो नगर अध्यक्ष विशाल गौतम ने की। मंच का कुशल संचालन नगर महामंत्री अमित कुमार सिंह द्वारा किया गया।वरिष्ठ नेताओं की गरिमामयी उपस्थिति इस सम्मान समारोह में मुख्य रूप से निम्नलिखित भाजपा पदाधिकारी और वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे। अनिल सिंह, विवेक सिंह (वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता व नेता, एवं 'बेहतर झारखंड' के संस्थापक), एंजेला सिंह (भाजपा जिला मंत्री), कृष्ण कुमार मुन्ना (वरिष्ठ भाजपा नेता), अशोक कुमार वर्मा (पूर्व सांसद प्रतिनिधि, प्रदेश कार्यकारिणी किसान मोर्चा), पार्टी की रीढ़ हैं बीएलए-2: सांसद कार्यालय में जुटे पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए नगर अध्यक्ष विशाल गौतम और वरिष्ठ नेता विवेक सिंह ने कहा कि बूथ स्तर के कार्यकर्ता और बीएलए-2 पार्टी की असली ताकत और रीढ़ हैं। चुनाव से लेकर संगठन के हर कार्यों को धरातल पर उतारने में इनकी भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है। इसी समर्पण को देखते हुए आज दर्जनों बीएलए-2 को अंगवस्त्र और सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सम्मानित होने वाले कार्यकताओं में भारी उत्साह देखा गया। मौके पर भाजपा के कई कार्यकर्ता, शक्ति केंद्र संयोजक और दर्जनों की संख्या में सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### भक्तों के स्वागत लिए सजधज कर तैयार है बाबा आम्रेश्वर धाम

**खूंटी** : खूंटी जिले का प्रसिद्ध और पवित्र धार्मिक स्थल बाबा आम्रेश्वर धाम एक बार फिर श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए तैयार है। इस वर्ष का श्रावणी मेला 30 जुलाई से शुरू होकर 28 अगस्त तक चलेगा। पूरे एक महीने तक चलने वाले इस धार्मिक आयोजन में प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक और पूजा-अर्चना करने पहुँचेंगे। श्रावण मास में निकलने वाली कांवर यात्रा के दौरान आम्रेश्वर धाम आस्था का मुख्य केंद्र बना रहता है, जहाँ जल चढ़ाने के लिए श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ता है। बाबा आम्रेश्वर धाम का यह श्रावणी मेला केवल स्थानीय लोगों तक सीमित नहीं है। इसमें झारखंड के अलावा बिहार, ओड़िशा और छत्तीसगढ़ सहित कई पड़ोसी राज्यों से श्रद्धालु बाबा के दर्शन के लिए आते हैं। भक्त बनई नदी से पवित्र जल उठाकर बाबा आम्रेश्वर का जलाभिषेक करते हैं, जिससे पूरा मंदिर परिसर हर-हर महादेव के जयघोष से गुंजायमान रहता है। यह मेला केवल धार्मिक आस्था का ही प्रतीक नहीं है, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ भी है। मेले के दौरान सैकड़ों अस्थायी दुकानें, झूले और मनोरंजन के साधन लगाए जाते हैं। पूजा सामग्री, खाने-पीने के सामान, खिलौने और कपड़ों की दुकानों के माध्यम से हजारों लोगों को रोजगार मिलता है। इस मेले की सबसे खूबसूरत बात यह है कि इसमें हिंदू, मुस्लिम, सिख और ईसाई—सभी समुदायों के लोग व्यापार और सेवाओं के जरिए अपनी आजीविका कमाते हैं, जो सामाजिक समरसता और सांप्रदायिक एकता की एक मिसाल पेश करता है। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बाबा आम्रेश्वर धाम प्रबंध समिति और जिला प्रशासन तैयारियों में जुट गए हैं। मेले में आने वाले भक्तों को किसी तरह की असुविधा न हो, इसके लिए पेयजल, चिकित्सा, साफ-सफाई, यातायात और कानून-व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। उपायुक्त मो जावेद हुसैन और पुलिस अधीक्षक ऋषभ गर्ग सहित कई प्रशासनिक अधिकारी लगातार तैयारियों का जायजा ले रहे हैं। बाबा आम्रेश्वर धाम प्रबंध समिति के महामंत्री मनोज कुमार ने बताया कि सभी तैयारियां पूरी कर लिए गई हैं। उन्होंने कहा कि बाबा के भक्तों को हट सम्भव सहयता उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि जर्जर डायवर्सन सबसे अधिक चिंता का विषय है। तैयारियों के बीच, इस वर्ष श्रद्धालुओं के आवागमन को लेकर एक बड़ी समस्या खड़ी हो गई है। खूंटी-सिमडेगा मुख्य मार्ग की स्थिति बेहद चिंताजनक बनी हुई है। लगभग एक वर्ष पहले (19 जून को) बनई नदी पर बना मुख्य पुल टूट गया था, जिसका पुनर्निर्माण कार्य अब तक पूरा नहीं हो सका है। आवागमन को सुचारु रखने के लिए करीब 1.80 करोड़ रुपये की लागत से एक डायवर्सन बनाया गया था, जो मात्र छह महीने के भीतर ही जर्जर हो चुका है। वर्तमान में हो रही लगातार बारिश के कारण डायवर्सन की हालत दिन-ब-दिन और बिगड़ती जा रही है। स्थानीय निवासियों और श्रद्धालुओं ने चिंता जताते हुए कहा है कि यदि सावन के महीने में तेज बारिश होती है और यह डायवर्सन बह जाता है या बंद हो जाता है, तो खूंटी-सिमडेगा मार्ग पर यातायात पूरी तरह ठप हो जाएगा। इसका सीधा असर मेले में आने वाले हजारों श्रद्धालुओं पर पड़ेगा। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से पुरजोर मांग की है कि श्रावणी मेले के विधिवत शुभारंभ से पहले डायवर्सन की मरम्मत कराकर उसे मजबूत किया जाए और पुल के निर्माण कार्य में तेजी लाई जाए, ताकि श्रद्धालुओं की यात्रा सुरक्षित और सुगम हो सके।

# एक नजर

## युवक का शव तालाब से बरामद, हत्या की आशंका

**पश्चिमी सिंहभूम :** जिले के मंझारी थाना क्षेत्र के कुंदरुगुटू गांव में चार दिनों से लापता एक युवक का शव रविवार की सुबह महाली तालाब से मिलने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान लक्ष्मण बिरुआ (२८) के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही मंझारी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए चाईबासा सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस पूरे मामले की जांच विभिन्न पहलुओं से कर रही है। परिजनों ने घटना के पीछे पारिवारिक विवाद और कथित अवैध संबंधों को वजह बताया है। मृतक के छोटे भाई राकेश बिरुआ का आरोप है कि लक्ष्मण ने कुछ दिन पहले अपनी पत्नी और अपने चाचा गंगाराम बिरुआ को कथित रूप से आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया था। इस घटना के बाद गांव में विवाद को सुलझाने के लिए ग्रामसभा भी बुलाई गई थी, लेकिन पंचायत के बावजूद तनाव समाप्त नहीं हुआ। परिजनों के अनुसार, ग्रामसभा के अगले ही दिन लक्ष्मण अचानक लापता हो गया था। काफी तलाश के बावजूद उसका कोई सुराग नहीं मिला और चार दिन बाद उसका शव तालाब में मिला। मृतक के परिजनों और ग्रामीणों का दावा है कि शव के गले और शरीर पर धारदार हथियार से वार के निशान दिखाई दे रहे हैं। उनका आरोप है कि लक्ष्मण की हत्या कर शव को तालाब में फेंक दिया गया, ताकि साक्ष्य मिटाए जा सकें। लगातार बारिश के कारण पानी बढ़ने से शव सतह पर आ गया और घटना का खुलासा हुआ। घटना के बाद मृतक की पत्नी और आरोपी बताए जा रहे चाचा गंगाराम बिरुआ गांव छोड़कर फरार हैं। पुलिस ने संदेह के आधार पर गंगाराम बिरुआ के एक करीबी शारदा बिरुआ को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। वहीं, फरार आरोपितों की तलाश में संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी की जा रही है। मंझारी थाना प्रभारी दिलीप मांझी का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट, फॉरेंसिक साक्ष्य और जांच के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने फिलहाल किसी निष्कर्ष पर पहुंचने से इनकार करते हुए कहा है कि मामले के सभी पहलुओं की गहन जांच की जा रही है।

## विधायक ने पीसीसी पथ का किया उद्घाटन



**खूंटी :** मुरहू प्रखंड के गोड़ाटोली गांव में गणराज के घर से मुरली साहू के घर तक विधायक मद से निर्मित पीसीसी पथ का उद्घाटन रविवार को खूंटी विधायक रामसूर्या मुंडा ने किया। सड़क निर्माण पूरा होने पर ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। उद्घाटन के अवसर पर विधायक रामसूर्या मुंडा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि गांवों में सड़क, बिजली और स्वास्थ्य से संबंधित योजनाओं को चरणबद्ध तरीके से धरातल पर उतारा जा रहा है, ताकि ग्रामीणों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। उन्होंने कहा कि इस पीसीसी पथ के निर्माण से ग्रामीणों की वर्षों पुरानी समस्या का समाधान हुआ है। विशेषकर बरसात के दिनों में आवागमन में होने वाली कठिनाइयों से लोगों को राहत मिलेगी और दैनिक आवागमन सुगम होगा। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि डिक्सन पूर्ति, अल्पसंख्यक प्रखंड अध्यक्ष अकील खान, आर्यन खान, फैज खान, सिब्लू खान, अखबर खान, खैप खान, अपसरा पप्पू खान, कराम सिंह ओड़िया, सुखराम सरूकद सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने सड़क निर्माण के लिए विधायक का आभार व्यक्त करते हुए क्षेत्र में विकास कार्यों को इसी तरह आगे भी जारी रखने का आग्रह किया।

# गिद्धौर में विधिक जागरूकता सह सेवा शिविर लाभुकों को मिली योजनाओं की सौगात

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**गिद्धौर :** गिद्धौर प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित सभागार में रविवार को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, चतरा द्वारा एक दिवसीय विधिक जागरूकता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर जेएसएलपीएस की महिला सदस्यों ने अतिथियों का तिलक-चंदन लगाकर एवं झारखंड की पारंपरिक फूल-पत्तों की टोपी पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव तारकेश्वर दास ने नशामुक्त समाज के निर्माण में सभी लोगों से सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि सती प्रथा जैसी कुप्रथा को भी राजा राममोहन राय के अथक प्रयासों से समाप्त किया गया। उन्होंने कहा कि आज प्रत्येक नागरिक के लिए कानून की जानकारी आवश्यक है। घर से निकलने से लेकर परिवार और समाज में सुरक्षित जीवन जीने तक कानूनी जागरूकता महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने दहेज प्रथा, एनडीपीएस अधिनियम सहित विभिन्न कानूनी प्रावधानों की भी विस्तार से जानकारी दी। शिविर में स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग, श्रम विभाग, जेएसएलपीएस, आंगनबाड़ी सहित विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाकर सरकारी योजनाओं की जानकारी दी तथा लाभुकों को योजनाओं का लाभ प्रदान किया। वहीं स्वास्थ्य विभाग की ओर से बीपी, शुगर सहित अन्य स्वास्थ्य जांच कर निःशुल्क दवाइयां वितरित की गईं। आंगनबाड़ी सेविकाओं ने गोदभराई की रस्म भी संपन्न कराई, जिसकी न्यायिक पदाधिकारियों ने सराहना की। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव, अंचल अधिकारी अनंत सयनम विश्वकर्मा, थाना प्रभारी पुरुषोत्तम अग्निहोत्री, सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार कुशवाहा, विधायक प्रतिनिधि कपिल कुमार, गिद्धौर पंचायत की मुखिया निर्मला देवी, जिला परिषद प्रतिनिधि बालेश्वर यादव, मुखिया प्रतिनिधि मुकेश साव, प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी चंदन कुमार, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी अभिषेक कुमार, बीपीओ बिनोद गुप्ता, प्रखंड समन्वयक नजीर अख्तर, जेएसएलपीएस के अधिकारी अनिल प्रजापति एवं सुनीता देवी, डीएलएसए के धनंजय कुमार, नीरज कुमार सिंह, अरविंद कुमार दास, पंचायत सचिव, जनसेवक, रोजगार सेवक सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में महिला-पुरुष ग्रामीण उपस्थित रहे।

## प्रेमी युगल ने जोरी काली मंदिर में रचाई शादी, शादी के बाद वीडियो वायरल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**चतरा :** चतरा जिले के हंटरगंज प्रखंड क्षेत्र में प्रेमी युगल द्वारा जोरी काली मंदिर में विवाह किए जाने का मामला इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है। शादी के बाद दोनों का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने का दावा किया जा रहा है। हालांकि, इस वीडियो की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो सकी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, हंटरगंज थाना क्षेत्र के कोबना गांव निवासी राहुल कुमार तथा बिहार के गया जिले के बाराचट्टी थाना क्षेत्र की रहने वाली सुमन कुमारी के बीच पिछले लगभग छह माह से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। बताया जाता है कि जब दोनों के संबंधों की जानकारी परिजनों को हुई तो उन्होंने युवती को समझाने का प्रयास किया, लेकिन दोनों अपने निर्णय पर कायम रहे। बताया जा रहा है कि इसके बाद दोनों ने हंटरगंज प्रखंड स्थित जोरी काली मंदिर में विधि-विधान के साथ विवाह कर लिया। विवाह के बाद यह मामला पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। स्थानीय स्तर पर इस घटना को लेकर लोग अलग-अलग राय व्यक्त कर रहे हैं। कुछ लोग इसे दोनों की व्यक्तिगत पसंद और अधिकार का सम्मान बता रहे हैं, जबकि कुछ इसे सामाजिक दृष्टि से अलग नजरिए से देख रहे हैं। इधर, सोशल मीडिया पर वायरल होने का दावा किए जा रहे वीडियो में युवती स्वयं को सुरक्षित बताते हुए अपने परिजनों से अपील करती हुई दिखाई और सुनाई दे रही है।

## मॉडल आंगनबाड़ी में एक माह से ठप चापाकल, पेयजल संकट से जूझ रहे नौनिहाल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**गिद्धौर :** गिद्धौर प्रखंड क्षेत्र के मॉडल आंगनबाड़ी सह नर्सरी स्कूल द्वारी पूर्वी-01 में लगभग एक माह से चापाकल खराब पड़ा है। इसके कारण आंगनबाड़ी में आने वाले छोटे-छोटे बच्चों को पेयजल के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। भीषण गर्मी और उमस के बीच बच्चों को स्वच्छ पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है, जिससे अभिभावकों और स्थानीय लोगों में नाराजगी है। आंगनबाड़ी की सेविका ने बताया कि खराब चापाकल की जानकारी संबंधित जनप्रतिनिधियों और विभागीय अधिकारियों को कई बार दी जा चुकी है, लेकिन अब तक उसकी मरम्मत नहीं कराई गई है। उन्होंने कहा कि पेयजल की व्यवस्था नहीं होने से बच्चों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सरकार बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए लाखों रुपये खर्च कर आधुनिक मॉडल आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण करा रही है, लेकिन यदि वहां पीने के पानी और शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं हों, तो ऐसे मॉडल केंद्रों की उपयोगिता पर सवाल उठना स्वाभाविक है। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग से अविलंब खराब चापाकल की मरम्मत कराने, पेयजल एवं शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने तथा बच्चों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है।

## श्रद्धा व सम्मान के साथ मनाया गया 27वां कारगिल विजय दिवस

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सिमरिया :** पूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट एसोसिएशन, चतरा इकाई की ओर से रविवार को सिमरिया के शहीद डाड़ी चौक स्थित शहीद राजेश साहा स्मारक पर 27वां कारगिल विजय दिवस पूरे सम्मान और श्रद्धा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं शहीद स्मारक पर माल्यार्पण कर किया गया। इसके बाद कारगिल युद्ध में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर सैनिकों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर पूर्व सैनिकों एवं उपस्थित लोगों ने कारगिल के अमर शहीदों के अदम्य साहस, वीरता और सर्वोच्च बलिदान को नमन करते हुए कहा कि उनकी शहादत देशवासियों के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष मोहन कुमार साहा ने कारगिल विजय दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय सेना ने विपरीत परिस्थितियों में अद्भुत शौर्य और पराक्रम का परिचय देकर देश की सीमाओं की रक्षा की। उन्होंने युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में भारतीय सेना में शामिल होकर राष्ट्र सेवा का संकल्प लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम में शहीद राजेश साहा के पिता सिवनारायण साव, मीडिया प्रभारी किशुन राम, सदस्य राजकुमार विश्वकर्मा, मिडिल स्कूल डाड़ी के शिक्षक, छात्र-छात्राएं तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। अंत में भारत माता की जयए और वंदे मातरम के गगनभेदी नारों के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## दो माह से फरार नाबालिग अपहरण कांड का आरोपी गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सिमरिया :** सिमरिया थाना पुलिस ने नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगाने के मामले में पिछले दो माह से फरार चल रहे आरोपी को रविवार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। गिरफ्तार आरोपी तुम्बापतरा गांव निवासी दिलीप कुमार पिता सुरेश भुइयां है। थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध गांव की एक नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगाने के आरोप में सिमरिया थाना कांड संख्या 104/2026 दर्ज किया गया था। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद से आरोपी लगातार फरार चल रहा था और गिरफ्तारी से बचने के लिए ठिकाने बदल रहा था। पुलिस उसकी तलाश में लगातार छापेमारी कर रही थी। रविवार को पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि आरोपी अपने गांव तुम्बापतरा आया हुआ है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गांव में छापेमारी की और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आवश्यक पूछताछ के बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई एवं अनुसंधान जारी है।

# डिग्री कॉलेज का 11वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**सिमरिया :** सिमरिया डिग्री महाविद्यालय का 11वां स्थापना दिवस रविवार को उत्साहपूर्ण माहौल में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) चंद्रदेव प्रसाद, जिला परिषद सदस्य देवनंदन साहू, महाविद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष बिनोद बिहारी पासवान, सचिव अखिलेश सिंह, सरयू राणा, राम गुलाब राम तथा प्राचार्य मिथलेश कुमार रजक ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम की शुरूआत छात्राओं द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत से हुई, जिसने उपस्थित अतिथियों और लोगों का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में सफलता पाने के लिए बड़ा लक्ष्य निर्धारित करना आवश्यक है। उन्होंने छात्रों से केवल पाठ्यक्रम तक सीमित न रहकर समाज, देश और अपने परिवेश की भी गहरी समझ विकसित करने का आह्वान किया। उन्होंने महाविद्यालय भवन निर्माण की मांग पर सकारात्मक पहल का आश्वासन देते हुए कहा कि इस संबंध में जिला प्रशासन के समक्ष गंभीरता से पहल की जाएगी। महाविद्यालय के प्राचार्य मिथलेश कुमार रजक ने अपने संबोधन में कॉलेज की उपलब्धियों की जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2024 में संस्थान को उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए ग्रेड बी प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि इंटर यूनिवर्सिटी तीरंदाजी प्रतियोगिता में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने पदक जीतकर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है, जो संस्थान के लिए गर्व की बात है। स्थापना दिवस समारोह के दौरान छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। देशभक्ति गीत, लोकनृत्य, समूह नृत्य एवं अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। पूरे कार्यक्रम के दौरान उत्सव जैसा माहौल बना रहा। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षकगण, शिक्षकेत्तर कर्मचारी, प्रबंधन समिति के सदस्य, अभिभावक तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त खबरें

## नदी में अवैध बालू खनन पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई, ट्रैक्टर जब्त

**गिद्धौर :** गिद्धौर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत चतरा-हजारीबाग सीमा स्थित बलबल नदी में अवैध बालू खनन एवं परिवहन के विरुद्ध रविवार को अंचलाधिकारी (सीओ) अनंत सयनम विश्वकर्मा एवं थाना प्रभारी पुरुषोत्तम अग्निहोत्री के नेतृत्व में संयुक्त छापेमारी अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान बलबल नदी के समीप अवैध बालू लदे एक ट्रैक्टर को जब्त कर गिद्धौर थाना लाया गया। अंचलाधिकारी अनंत सयनम विश्वकर्मा ने बताया कि लगातार गुप्त सूचना मिल रही थी कि बलबल नदी एवं आसपास के क्षेत्रों से अवैध रूप से बालू का उठाव कर उसका परिवहन किया जा रहा है। सूचना के सत्यापन के बाद प्रशासन ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए छापेमारी अभियान चलाया, जिसमें अवैध बालू लदा ट्रैक्टर पकड़ा गया। उन्होंने बताया कि जब्त ट्रैक्टर के विरुद्ध अग्रेतर कार्रवाई के लिए मामला जिला खनन पदाधिकारी को भेज दिया गया है, ताकि खनन अधिनियम के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जा सके। छापेमारी अभियान में थाना के सशस्त्र बल के जवान भी शामिल रहे। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि अवैध खनन एवं खनिजों के अवैध परिवहन के खिलाफ आगे भी लगातार कार्रवाई जारी रहेगी।

## कुंदा में विधिक जागरूकता शिविर, ग्रामीणों को बताए कानूनी अधिकार



**कुंदा :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार, चतरा के सचिव के निदेशानुसार रविवार को कुंदा थाना परिसर में निःशुल्क विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर को संबोधित करते हुए अधिकार मित्र अजीत कुमार ने ग्रामीणों से अपील की कि छोटी-छोटी बातों और आपसी विवादों में बिना वजह कोर्ट-कचहरी का चक्कर लगाने से बचना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों को आपसी बातचीत, समझौते और कानूनी सलाह के माध्यम से सुलझाने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार जरूरतमंद एवं पात्र लोगों को निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराता है। शिविर में उपस्थित लोगों को प्रखंड कार्यालय एवं पंचायत भवनों के माध्यम से कानूनी सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया की भी जानकारी दी गई। साथ ही विभिन्न सरकारी योजनाओं, महिला एवं बाल संरक्षण कानून, सामाजिक सुरक्षा से जुड़े प्रावधानों तथा आम नागरिकों के अधिकारों के संबंध में भी विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर अधिकार मित्र अमलेश यादव, संजय चौधरी, मुन्ना दास, किरण कुमारी सहित कई अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे। शिविर में ग्रामीणों ने कानूनी सहायता से संबंधित विभिन्न प्रश्न पूछे, जिनका अधिकार मित्रों द्वारा विस्तार से उत्तर दिया गया।

## दिव्या हत्याकांड के खुलासे पर थाना प्रभारी प्रभात कुमार सम्मानित




**हंटरगंज :** बहुचर्चित दिव्या हत्याकांड का सफल खुलासा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले हंटरगंज थाना प्रभारी प्रभात कुमार को रविवार को पासवान समाज की ओर से भव्य सम्मान दिया गया। आयोजित सम्मान समारोह में समाज के लोगों ने थाना प्रभारी को फूल-माला पहनाकर, अंगवस्त्र ओढ़ाकर एवं गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे और पुलिस की निष्पक्ष एवं प्रभावी कार्यशैली की सराहना की। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि दिव्या हत्याकांड जैसे संवेदनशील मामले में पुलिस ने गंभीरता से जांच करते हुए आरोपियों तक पहुंच बनाई और मामले का सफल उद्भेदन किया। इससे क्षेत्र के लोगों का कानून व्यवस्था और पुलिस प्रशासन पर विश्वास और मजबूत हुआ है। उन्होंने कहा कि थाना प्रभारी प्रभात कुमार के नेतृत्व में अपराधियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है, जिससे अपराधियों में कानून का भय बढ़ा है और आम लोगों को न्याय मिलने की उम्मीद मजबूत हुई है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक प्रतिनिधि जगरनाथ पासवान ने कहा कि हंटरगंज को लंबे समय बाद ऐसे थाना प्रभारी मिले हैं जो कर्मठ, ईमानदार, न्यायप्रिय और कर्तव्यनिष्ठ हैं। उनके नेतृत्व में पुलिस निष्पक्ष रूप से कार्य कर रही है तथा आम लोगों की समस्याओं का गंभीरता से समाधान किया जा रहा है। वक्ताओं ने कहा कि पुलिस और समाज के बीच बेहतर समन्वय से ही क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाया जा सकता है। उन्होंने विश्वास जताया कि थाना प्रभारी प्रभात कुमार के नेतृत्व में आगे भी इसी प्रकार प्रभावी एवं निष्पक्ष पुलिसिंग जारी रहेगी। समारोह के अंत में पासवान समाज के प्रतिनिधियों ने थाना प्रभारी प्रभात कुमार को पुनः फूल-माला पहनाकर, अंगवस्त्र ओढ़ाकर एवं गुलदस्ता भेंट किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य और सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि रौशन सिंह, विधायक प्रतिनिधि जगरनाथ पासवान, पूर्व जिला परिषद सदस्य जय हिन्द पासवान, रामधार सिंह, संजय पासवान, विनोद सिंह सहित पासवान समाज के सैकड़ों लोग एवं स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

## महाराजा दक्ष प्रजापति की जयंती पर चतरा में समारोह शिक्षा-सामाजिक एकता का दिया गया संदेश

**चतरा :** महाराजा दक्ष प्रजापति जयंती के अवसर पर रविवार को चतरा में झारखंड (कुम्हार) प्रजापति समाज की ओर से समारोह का आयोजन किया गया। डीएमएफटी भवन में आयोजित कार्यक्रम में जिले के विभिन्न प्रखंडों से बड़ी संख्या में महिला, पुरुष, युवा और समाज के गणमान्य लोग शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ महाराजा दक्ष प्रजापति के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद उपस्थित लोगों ने उनके आदर्शों पर चलने तथा समाज के सर्वांगीण विकास और संगठन की मजबूती के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया। समारोह को संबोधित करते हुए समाज के प्रदेश अध्यक्ष देवनारायण प्रजापति, प्रदेश महामंत्री ईश्वरचंद प्रजापति, संरक्षक पंकज प्रजापति और जिला अध्यक्ष गौतम प्रजापति सहित अन्य वक्ताओं ने शिक्षा, संगठन और सामाजिक एकता को समाज की प्रगति का आधार बताया। उन्होंने युवाओं से सामाजिक मूल्यों को अपनाने, शिक्षा के प्रति जागरूक रहने और समाज के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण युवाओं की भागीदारी वाली बाइक रैली रही। डीएमएफटी भवन से निकली रैली शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी, जहां स्थानीय लोगों ने जगह-जगह रैली का स्वागत किया। रैली के माध्यम से सामाजिक सद्भाव, भाईचारा, शिक्षा, जागरूकता और सामाजिक एकता का संदेश दिया गया।







# गोपनीय स्वरूप है भगवती छिन्नमस्ता का

> ऐसा विधान है कि आधी रात अर्थात् चतुर्थ संध्याकाल में छिन्नमस्ता की उपासना से साधक को सरस्वती सिद्ध हो जाती हैं। शत्रु विजय, समूह स्तम्भन, राज्य प्राप्ति और दुर्लभ मोक्ष प्राप्ति के लिए छिन्नमस्ता की उपासना अमोघ है। छिन्नमस्ता का आध्यात्मिक स्वरूप अत्यन्त महत्वपूर्ण है।



भगवती छिन्नमस्ता का स्वरूप अत्यंत ही गोपनीय है। इसे कोई अधिकारी साधक ही जान सकता है। महाविद्याओं में इनका तीसरा स्थान है। इनके प्रादुर्भाव की कथा इस प्रकार है- एक बार भगवती भवानी अपनी सहचरी जया और विजया के साथ मन्दाकिनी में स्नान करने के लिए गयीं। स्नान के बाद क्षुधाग्नि से पीड़ित होकर वे कृष्णवर्ण की हो गयीं। उस समय उनकी सहचरियों ने भी उनसे कुछ भोजन करने के लिए मांगा। देवी ने उनसे कुछ समय प्रतीक्षा करने के लिए कहा। थोड़ी देर प्रतीक्षा करने के बाद सहचरियों ने जब पुनः भोजन के लिए निवेदन किया, तब देवी ने उनसे कुछ देर और प्रतीक्षा करने के लिए कहा। इस पर सहचरियों ने देवी से विनम्र स्वर में कहा कि मां तो अपने शिशुओं को भूख लगने पर अविलम्ब भोजन प्रदान करती है। आप हमारी उपेक्षा क्यों कर रही हैं? अपने सहचरियों के मधुर वचन सुनकर कृपामयी देवी ने अपने खड्ग से अपना सिर काट दिया। कटा हुआ सिर देवी के बायें हाथ में आ गिरा और उनके कबन्ध से रक्त की तीन धाराएं प्रवाहित हुईं। वे दो धाराओं को अपनी दोनों सहचरियों की ओर प्रवाहित कर दीं, जिसे पीती हुई दोनों प्रसन्न होने लगीं और तीसरी धारा को देवी स्वयं पान करने लगीं। तभी से देवी छिन्नमस्ता के नाम से प्रसिद्ध हुईं।

ऐसा विधान है कि आधी रात अर्थात् चतुर्थ संध्याकाल में छिन्नमस्ता की उपासना से साधक को सरस्वती सिद्ध हो जाती हैं। शत्रु विजय, समूह स्तम्भन, राज्य प्राप्ति और दुर्लभ मोक्ष प्राप्ति के लिए छिन्नमस्ता की उपासना अमोघ है। छिन्नमस्ता का आध्यात्मिक स्वरूप अत्यन्त महत्वपूर्ण है। छिन्न यज्ञशीर्ष की प्रतीक ये देवी श्वेतकमल पीठ पर खड़ी हैं। दिशाएं ही इनके वस्त्र हैं। इनकी नाभि में योनिचक्र है। कृष्ण (तम) और रक्त (रज) गुणों की देवियां इनकी सहचरियां हैं। ये अपना शीश काटकर भी जीवित हैं। यह अपने आप में पूर्ण अन्तर्मुखी साधना का संकेत है। विद्वानों ने इस कथा में सिद्धि की चरम सीमा का निर्देश माना है। योगशास्त्र में तीन ग्रंथियां बतायी गयी हैं, जिनके भेदन के बाद योगी को पूर्ण सिद्धि प्राप्त होती है। इन्हें ब्रम्हाग्रन्थि, विष्णुग्रन्थि तथा रुद्रग्रन्थि कहा गया है। मूलाधार में ब्रम्हग्रन्थि, मणिपूर में विष्णुग्रन्थि तथा आज्ञाचक्र में रुद्रग्रन्थि का स्थान है। इन ग्रंथियों के भेदन से ही अद्वैतानन्द की प्राप्ति होती है। योगियों का ऐसा अनुभव है कि मणिपूर चक्र के नीचे की नाड़ियों में ही काम और रति का मूल है, उसी पर छिन्ना महाशक्ति आरुढ़ हैं, इसका ऊर्ध्व प्रवाह होने पर रुद्रग्रन्थि का भेदन होता है।

छिन्नमस्ता का वज्र वैरोचनी नाम शाक्तों, बौद्धों तथा जैनों में समान रूप से प्रचलित है। देवी की दोनों सहचरियां रजोगुण तथा तमोगुण की प्रतीक हैं, कमल विश्वप्रपंच है और कामरति चिदानन्द की स्थूलवृत्ति है। बृहदारण्यक की अश्वशिर विद्या, शाक्तों की हयग्रीव विद्या तथा गाणपत्यों के छिन्नशीर्ष गणपति का रहस्य भी छिन्नमस्ता से ही संबंधित है। हिरण्यकशिपु, वैरोचन आदि छिन्नमस्ता के ही उपासक थे। इसीलिये इन्हें वज्र वैरोचनीया कहा गया है। वैरोचन अग्नि को कहते हैं। अग्नि के स्थान मणिपूर में छिन्नमस्ता का ध्यान किया जाता है और वज्रानाड़ी में इनका प्रवाह होने से इन्हें वज्र वैरोचनीया कहते हैं। श्रीभैरवतन्त्र में कहा गया है कि इनकी आराधना से साधक जीवभाव से मुक्त होकर शिवभाव को प्राप्त कर लेता है।

# सोमवार को ही शिव का वार क्यों कहा जाता है



पुराणशिरोमणि शिवमहापुराण के अनुसार- आरोग्यंसंपद चैव व्याधीनांशांतिरेव च। पुष्टिरायुस्तथाभोगोमृतेर्हानिर्यथाक्रमम॥
अर्थात स्वास्थ्य, संपत्ति, रोग-नाश, पुष्टि, आयु, भोग तथा मृत्यु की हानि के लिए रविवार से लेकर शनिवार तक भगवान शंकर की आराधना करनी चाहिए। सभी दिनों में शिव फलप्रद हैं। पुराणों के अनुसार सोम का अर्थ चंद्रमा होता है और चंद्रमा भगवान शंकर के शीश पर मुकुटायमान होकर अत्यन्त सुशोभित होता है। भगवान शंकर ने जैसे कुटिल, कलंकी, कामी, वक्री एवं क्षीण चंद्रमा को उसके अपराधी होते हुए भी क्षमा कर अपने शीश पर स्थान दिया वैसे ही भगवान हमें भी सिर पर नहीं तो चरणों में जगह अवश्य देंगे। यह याद दिलाने के लिए सोमवार को ही लोगों ने शिव का वार बना दिया और सोम का अर्थ सौम्य होता है। भगवान शंकर अत्यन्त शांत समाधिस्थ देवता हैं। इस सौम्य भाव को देखकर ही भक्तों ने इन्हें सोमवार का देवता मान लिया। सहजता और सरलता के कारण ही इन्हें भोलेनाथ कहा जाता है। सोम का अर्थ चंद्रमा भी होता है और चंद्रमा मन का प्रतीक है। जड़ मन को चेतनता से प्रकाशित करने वाला परमेश्वर ही है। मन की चेतनता को पकड़कर हम परमात्मा तक पहुंच सके इसलिए देवाधिदेव भूतभावन पूतपावन परमेश्वर की उपासना सोमवार को की जाती है।



# जप में माला का प्रयोग क्यों होता है

आपने देखा होगा कि बहुत से लोग ध्यान करने के लिए और भगवान का नाम जपने के लिए माला का प्रयोग करते हैं। कुछ लोग उंगलियों पर गिन कर भी ध्यान जप करते हैं। लेकिन शास्त्रों में माला पर जप करना अधिक शुद्ध और पुण्यदायी कहा गया है। इसके पीछे धार्मिक मान्याताओं के अलावा वैज्ञानिक कारण भी है। धार्मिक दृष्टि से देखें तो अंगिरा ऋषि के कथन पर ध्यान देना होगा। अंगिरा ऋषि के अनुसार असंख्या तु यज्जं, तत्सर्व निष्फलं भवेत। यानी बिना माला के संख्याहीन जप का कोई फल नहीं मिलता है। इसका कारण यह है कि, जप से पहले जप की संख्या का संकल्प लेना आवश्यक होता है। संकल्प संख्या में कम ज्यादा होने पर जप निष्फल माना जाता है। इसलिए त्रुटि रहित जप के लिए माला का प्रयोग उत्तम माना गया है। जबकि वैज्ञानिक दृष्टि से यह माना जाता है कि अंगूठे और उंगली पर माला का दबाव पड़ने से एक विद्युत तरंग उत्पन्न होती है। यह धमनी के रास्ते हृदय चक्र को प्रभावित करता है जिससे मन एकाग्र और शुद्ध होता है। तनाव और चिंता से मुक्ति मिलती है। माना जाता है कि मध्यमा उंगली का हृदय से सीधा संबंध होता है। हृदय में आत्मा का वास है इसलिए मध्यमा उंगली और उंगूठे से जप किया जाता है।



# धरती पर ब्रह्माजी का निवास पुष्कर तीर्थ



जयपुर के दक्षिण पश्चिम में स्थित अजमेर हिन्दू-मुस्लिम धर्म का संगम स्थल रहा है। अजमेर हिन्दू तीर्थ यात्रियों में उतना ही लोकप्रिय है जितना कि मुसलमानों में। अजमेर से मात्र 14 किलोमीटर की दूरी पर स्थित पुष्कर मंदिरों और झीलों के लिए प्रसिद्ध है। अरावली पर्वत श्रृंखला का नाग पर्वत अजमेर और पुष्कर को अलग करता है। यह भगवान ब्रह्मा के एकमात्र मंदिर के लिए पूरे विश्व में जाना जाता है। इसे भगवान ब्रह्मा का निवास स्थान भी कहा जाता है। मन्दिर के बगल में ही एक मनोहर झील है जिसे पुष्कर झील के नाम से जाना जाता है। पुष्कर झील हिन्दुओं एक परमपावन स्थान के रूप में जानी जाती है। कार्तिक के महीने में श्रद्धालु बड़ी संख्या में इकट्ठा होकर इस पवित्र झील में डुबकी लगाते हैं।

## धार्मिक मान्यता

हिन्दू श्रद्धालुओं के लिए पुष्कर बहुत महत्वपूर्ण तीर्थस्थल है। ऐसा माना जाता है कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में एक बार पुष्कर की यात्रा अवश्य करनी चाहिए। पुष्कर हिन्दू धर्म के सबसे महत्वपूर्ण तीर्थो में से एक है। इसका बनारस या प्रयाग की तरह ही महत्व है । बद्रीनारायण, जगन्नाथ, रामेश्वरम, द्वारका इन चार धामों की यात्रा करने वाले किसी तीर्थयात्री की यात्रा तब तक पूर्ण नहीं होती जब तक वह पुष्कर के पवित्र जल में स्नान नहीं कर लेता।

## पौराणिक कथा

हिन्दू धर्म ग्रन्थों के अनुसार भगवान ब्रह्मा त्रिदेवों में से एक देव हैं। तीनों देवों का कार्य ,जीवन चक्र (जन्म,पालन,विनाश) के आधार पर विभाजित है। ब्रह्मा जी का कार्य जन्म देना है। ब्रह्मा जी को दाढ़ीयुक्त चार सिरों वाला ,जिसके चार हाथ हैं, के रूप में चित्रित किया गया है। ब्रह्मा जी के प्रत्येक हाथ में वेद (ज्ञान) हैं। बह्मा जी का वाहन हंस है। एक बार भगवान ब्रह्मा पवित्र उद्देश्य के लिए यज्ञ करने का निश्चय किया। यह यज्ञ वह सबसे शुभ समय पर करना चाहते थे। किन्तु उनकी पत्नी सरस्वती, जिनका यज्ञ के समय रहना अत्यावश्यक था, ने उन्हें इन्तजार करने को कहा। इससे झुंझलाकर ब्रह्मा जी ने गायत्री जो कि एक ग्वालिन थी, से विवाह कर उन्हें यज्ञ में बैठा दिया। सरस्वती जी ने जब अपने स्थान पर दूसरे को देखा तो वे क्रोध से भर गयी। उन्होंने ब्रह्मा जी को श्राप दे दिया कि पृथ्वी के लोग उन्हें भुला देंगे और कभी पूजा नहीं होगी। किन्तु अन्य देवताओं की प्रार्थना पर वो पिघल गयी और कहा कि ब्रह्मा जी केवल पुष्कर में पूजे जाएंगे। इसी कारण यहाँ के अलावा और कहीं भी ब्रह्माजी का मंदिर नहीं है।

## पुष्कर का अर्थ

विद्वानों के अनुसार पुष्कर का अर्थ है ऐसा तालाब जिसका निर्माण फूल से हुआ। पद्म पुराण के अनुसार पुष्कर झील का निर्माण उस समय हुआ जब यज्ञ के स्थान को सुनिश्चित करते समय ब्रह्मा जी के हाथ से कमल का फूल पृथ्वी पर गिर पड़ा। इससे पानी की तीन बूदें पृथ्वी पर गिर गयी, जिसमें एक बूंद पुष्कर में गिर गयी। इसी बूंद से पुष्कर झील का निर्माण हुआ।

## ब्रह्मा मंदिर

चमक दमक से युक्त पुष्कर कस्बा धार्मिक मिथों और विश्वासों से भरा है। यहाँ का सबसे बड़ा आकर्षण ब्रह्माजी का मंदिर है। मंदिर का निर्माण संगमरमर पत्थर से हुआ है तथा इसे चाँदी के सिक्कों से सजाया गया है। इन चाँदी के सिक्कों पर दानदाता के नाम भी खुदे हुए हैं। इसके अलावा मंदिर के दीवालों पर भी दानदाताओं के नाम लिखे हैं। यहाँ मंदिर के फर्श पर एक रजत कछुआ है। ज्ञान की देवी सरस्वती के वाहन मोर के चित्र भी मंदिर की शोभा बढ़ाते हैं। यहां गायत्री देवी की एक छोटी प्रतिमा और किनारे ब्रह्माजी की चार मुखों वाली मूर्ति को चौमूर्ति कहा जाता है। इस पवित्र मंदिर का प्रवेश द्वार संगमरमर का और दरवाजे चांदी के बने हैं। यहां भगवान शिव को समर्पित एक छोटी गुफा भी बनी है।

## पुष्कर झील

पुष्कर झील अपनी पवित्रता और सुंदरता के लिए पूरे विश्व में जानी जाती है। ऐसा मान्यता है कि पुष्कर झील उतना ही पुराना है जितना कि सृष्टि और तीर्थयात्रा के रूप में यह अत्यंत प्राचीन काल से ही जाना जाता है। इस झील में नहाने के लिए के लिए 52 घाट बने हुए हैं जहां दिल में गहरी धार्मिक आस्था लिए श्रद्धालु डुबकी लगाते हैं। पुष्कर समय के झंझावातों में सदैव खड़ा रहा है। यह भगवान राम के समय से लेकर अब तक बदलते इतिहास का शांत गवाह है। इसका उल्लेख चौथी शताब्दी में आये चीनी यात्री फाह्यान ने भी किया है।

## पुष्कर मेला

पुष्कर मेला, ऊंट मेला के लिए जाना जाता हैं। यह भारत के सबसे बड़े मेलों में से एक है और अपनी तरह का विश्व में अकेला है। मेले के दौरान भारत के ग्रामीण क्षेत्रों से लाखों लोग अपने ऊटों और अन्य पशुओं के साथ यहाँ कई दिनों तक रहकर तीर्थयात्राओं और धार्मिक उत्सवों में अपना व्यापार करते हैं। मेले के दौरान यह छोटा कस्बा अद्भुत सांस्कृतिक छटा बिखेरने लगता है। इस समय रंग-बिरंगे कपड़े पहने श्रद्धालु, जादूगर, कलाबाज, लोक नर्तक, व्यापारी, भांड, साधू, पर्यटक यहां पहुंचते हैं। हिन्दू मान्यता के अनुसार कार्तिक महीने के अष्टमी के दिन मेला शुरू होकर पूर्णिमा के दिन तक चलता है। मेले के पहले भाग में पशुओं के व्यापार पर जोर रहता है तो दूसरे भाग में धार्मिक गतिविधियों पर जोर रहता है। इस समय श्रद्धालु पवित्र झील के जल में डूबकी लगाते हैं। ऐसा माना जाता है कि इस जल में स्नान करने से मोक्ष की प्राप्ति होती है। इस मेले में ऊटों, पशुओं, महिलाओं के श्रृंगार के सभी सामान एक ही जगह पर बिकते हैं। हाथों से बने छोटे सामान यादगार के लिए खरीदना सबसे अच्छा होता है। ऊटों और घोड़ो की दौड़ को जनता खूब प्रोत्साहित करती है। ऊटों की दौड़ पशु प्रमियों में खूब लोकप्रिय है। प्रत्येक शाम को यहां अलग-अलग राजस्थानी लोक नृत्य और संगीत का आयोजन किया जाता है। जिसमें खूब भीड़ उमड़ती है। इस मेले का अपना जादू है जो यात्रायों के जीवन भर का अनुभव बन जाता है। मेले के दौरान शिल्पग्राम द्वारा कला और शिल्प की प्रदर्शनी लगायी जाती है।



# उनका कर्ज कभी नहीं भूलेंगे, विजय दिवस पर सहवाग-जाधव ने वीर जवानों को किया नमन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कारगिल विजय दिवस की 27वीं वर्षगांठ पर पूरा देश 1999 के कारगिल युद्ध में शहीद हुए वीर जवानों को श्रद्धांजलि दे रहा है। इस अवसर पर भारत के पूर्व क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग और केदार जाधव ने भी भारतीय सशस्त्र बलों के अदम्य साहस, बलिदान और देशभक्ति को याद करते हुए भावुक संदेश साझा किए।

### सहवाग बोले- सैनिकों का बलिदान कभी नहीं भुलाया जाएगा

वीरेंद्र सहवाग ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कारगिल युद्ध की कठिन परिस्थितियों का जिक्र करते हुए लिखा कि भारतीय सैनिक 16 हजार फीट की ऊंचाई पर बर्फ से ढकी चोटियों पर दुश्मन का सामना कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हर कदम देश की रक्षा के लिए उठाया गया था।

सहवाग ने अपने संदेश में लिखा, 'अगर दुनिया में निस्वार्थ लोगों को देखना हो तो एक सैनिक की जिंदगी देखिए। वह सिर्फ इतना चाहता है कि उसके पीछे का देश सुरक्षित रहे। 527 सैनिकों ने अपनी जान दी ताकि हम आज चैन की नींद सो सकें। 27 साल बीत चुके हैं, लेकिन हम उनका कर्ज कभी नहीं भूलेंगे। उन सभी वीरों को सलाम। जय हिंद।'





### केदार जाधव ने भी वीर जवानों को किया नमन

पूर्व भारतीय ऑलराउंडर केदार जाधव ने भी कारगिल विजय दिवस पर शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने लिखा कि कारगिल के रणक्षेत्र में भारतीय जवानों ने वीरता, बलिदान और देशभक्ति की अमर गाथा लिखी। जाधव ने कहा कि आज देश का तिरंगा जिस गर्व के साथ लहरा रहा है, वह इन वीर सैनिकों के बलिदान का परिणाम है।

### 1999 में मिला था ऐतिहासिक विजय का गौरव

कारगिल युद्ध मई से जुलाई 1999 के बीच भारत और पाकिस्तान के बीच लड़ा गया था। यह संघर्ष लद्दाख के कारगिल, द्रास, बटालिक, मुश्कोह और काक्सर जैसे दुर्गम पहाड़ी इलाकों में हुआ। बेहद कठिन मौसम, बर्फीली चोटियों और चुनौतीपूर्ण हालात के बावजूद भारतीय सेना ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए पाकिस्तानी घुसपैठियों को पीछे हटने पर मजबूर कर दिया।

'ऑपरेशन विजय' के दौरान 527 भारतीय सैनिकों ने सर्वोच्च बलिदान दिया। उनकी वीरता और अनुशासन की मिसाल आज भी देशवासियों को प्रेरित करती है। कारगिल विजय दिवस उन सभी अमर शहीदों के साहस और बलिदान को याद करने का अवसर है, जिन्होंने राष्ट्र की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया।

**मुक्केबाजी में भारत का जलवा कायम**

# सचिन सिवाच ने कनाडा के अल-अहमदिएह को 4-1 से चटाई धूल



**ग्लासगो।** भारत के मुक्केबाज सचिन सिवाच ने राष्ट्रमंडल खेल 2026 की पुरुषों की 60 किग्रा स्पर्धा के पहले दौर में कनाडा के केओमा अल-अहमदिएह को कड़े मुकाबले में 4-1 के विभाजित निर्णय (स्प्लिट डिसीजन) से हराकर प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया।

### अगला मुकाबला प्री-क्वार्टर फाइनल में इंग्लैंड के विल हेविट से होगा

स्काटिश इवेंट कैंपस में शनिवार को खेले गए इस मुकाबले के बाद अब उनका सामना सोमवार को प्री-क्वार्टर फाइनल में इंग्लैंड के विल हेविट से होगा। 26 वर्षीय पूर्व राष्ट्रमंडल युवा खेल चैंपियन सचिन ने तीनों राउंड में संयम बनाए रखा।मुकाबले की शुरुआत तेज गति से हुई, जहां दोनों मुक्केबाजों ने रिंग के बीचोंबीच जमकर पंचों का आदान-प्रदान किया। ग्लासगो राष्ट्रमंडल खेलों में जीत दर्ज करने वाले सचिन दूसरे भारतीय मुक्केबाज बने हैं।उनसे पहले पुरुषों के 55 किग्रा वर्ग के राउंड ऑफ 32 में जादुमणि सिंह ने आसान जीत हासिल की थी। भारत ने राष्ट्रमंडल खेलों की मुक्केबाजी प्रतियोगिता में 14 सदस्यीय टीम उतारी है, जिसमें सात पुरुष और सात महिला मुक्केबाज विभिन्न भार वर्गों में हिस्सा ले रहे हैं।

# अनाहत सिंह ने 18 साल की उम्र में रचा इतिहास

**नई दिल्ली।** एक तरफ जहां पूरे देश की नजरें कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में भारतीय दल के प्रदर्शन पर टिकी हुई हैं तो वहीं दूसरी तरफ जूनियर स्क्वैश विश्व चैंपियनशिप के फाइनल मुकाबले में भारत की 18 साल की बेटी अनाहत सिंह ने इतिहास रचते हुए खिताब अपने नाम कर लिया है। अनाहत सिंह की फाइनल मुकाबले में भिड़ंत मिस्र की दूसरी वरीयता प्राप्त रुकय्या सालेम से था जिसमें उन्होंने लगातार तीन सेट को अपने नाम करने के साथ खिताब जीतने में सफलता हासिल की। अनाहत सिंह जहां 21 साल में भारत की पहली खिलाड़ी हैं जो फाइनल में जगह बनाने में कामयाब हो सकी थी तो वहीं खिताब जीतने वाली भी पहली खिलाड़ी बन गई हैं।साल 2028 में होने लॉस एंजिल्स में होने वाले ओलंपिक गेम्स में स्क्वैश को भी शामिल किया गया है, जिसमें अनाहत सिंह की इस जीत से उनका आत्मविश्वास भी काफी बढ़ गया होगा। जूनियर लेवल पर अपना कमाल दिखाने के बाद अब अनाहत से सभी को सीनियर स्तर पर भी उसी प्रदर्शन की उम्मीद है। अनाहत अभी सीनियर पीएसए टूर की विश्व रैंकिंग में टॉप-20 खिलाड़ियों में शामिल हैं।






### मिस्र की खिलाड़ी को नहीं दिया वापसी का मौका

अनाहत सिंह ने कनाडा में हुए जूनियर स्क्वैश विश्व चैंपियनशिप के फाइनल मुकाबले में मिस्र की रुकय्या सालेम को पहले सेट में जहां 11-3 के अंतर से मात दी तो वहीं उसके बाद दूसरे सेट को 11-7 के अंतर से जीतने में कामयाब रही। अब सभी की नजरें इस मुकाबले के तीसरे सेट पर टिकी हुई थी जिसको अनाहत सिंह 11-9 के अंतर से जीतने के साथ खिताब अपने नाम करने में कामयाब रही। अनाहत सिंह जहां साल 2005 में जोशना चिनप्पा के बाद फाइनल मुकाबले में पहुंचने वाली पहली भारतीय बनी, जिसमें चिनप्पा ने इस टूर्नामेंट के फाइनल तक का सफर तक का किया था, लेकिन वह टाइटल जीतने से चूक गई थीं। वहीं अनाहत की इस ऐतिहासिक जीत पर केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने भी बधाई दी, जिसमें उन्होंने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि इतिहास रचा गया! अनाहत सिंह को विश्व स्क्वैश जूनियर चैंपियनशिप जीतने वाली पहली भारतीय बनने पर हार्दिक बधाई! यह अभूतपूर्व उपलब्धि हर भारतीय के लिए गर्व का क्षण है।

# पाकिस्तान को हराकर भारत बना एशियाई चैंपियन
## महिला टीम ने रजत जीता, विश्व कप का टिकट कटाया



**मस्कट, एजेंसी।**भारतीय सब-जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने एफआईएच यूथ हॉकी फाइव्स एशियाई चैंपियनशिप के फाइनल में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 3-1 से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। वहीं महिला टीम फाइनल में चीन से 2-4 से हार गई, लेकिन उपविजेता रहते हुए विश्व कप का टिकट हासिल करने में सफल रही। दोनों भारतीय टीमों ने पहले एफआईएच यूथ हॉकी फाइव्स विश्व कप के लिए भी क्वालीफाई कर लिया है।

### पाकिस्तान के खिलाफ फाइनल में भारत का दबदबा

फाइनल मुकाबले में भारतीय टीम ने शुरुआत से ही आक्रामक खेल दिखाया। रोमित पाल ने पांचवें मिनट में गोल कर भारत को शुरुआती बढ़त दिलाई। इसके बाद दूसरे हाफ में कप्तान केतन कुशवाहा ने 12वें मिनट में गोल दागकर बढ़त दोगुनी कर दी।भारत ने पाकिस्तान पर दबाव बनाए रखा और शाहरुख अली ने 13वें मिनट में तीसरा गोल कर मुकाबले को लगभग भारत की झोली में डाल दिया। पाकिस्तान की ओर से मोहम्मद उस्मान ने 16वें मिनट में एक गोल जरूर किया, लेकिन भारतीय रक्षापंक्ति ने अंत तक बढ़त कायम रखते हुए 3-1 से जीत दर्ज की। इस जीत के साथ भारत एलीट पूल तालिका में भी शीर्ष स्थान पर पहुंच गया।महिला वर्ग के फाइनल में चीन ने तेज शुरुआत करते हुए पहले छह मिनट में तीन गोल कर भारत पर दबाव बना दिया। भारत की ओर से नौशीन नाज ने 13वें मिनट में पहला गोल कर वापसी की कोशिश की, लेकिन चीन ने एक और गोल कर बढ़त 4-1 कर दी। मैच के अंतिम मिनट में पुष्पा मांझी ने गोल कर अंतर जरूर कम किया, लेकिन भारतीय टीम 2-4 से मुकाबला हार गई।

# भारत को दूसरा मेडल: वेटलिफ्टर ऋषिकांत सिंह ने सिल्वर जीता



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारत को कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 का दूसरा मेडल मिल गया है। ऋषिकांत सिंह ने गेम्स के चौथे दिन मेंस वेटलिफ्टिंग की 60 केजी कैटेगरी में सिल्वर मेडल जीता। उन्होंने कुल 264 केजी वजन उठाकर दूसरा (स्नैच 121 केजी और क्लीन एंड जर्क 143 केजी)। इससे पहले मेंस पैरा पावरलिफ्टिंग में झंडू कुमार ने ब्रॉन्ज जीता था। भारत अब 1 सिल्वर और 1 ब्रॉन्ज के साथ मेडल टेबल में 10वें स्थान पर है। ऑस्ट्रेलिया 12 गोल्ड सहित 23 मेडल के साथ पहले नंबर पर है।दिनभर में कुल 14 गोल्ड मेडल इवेंट्स होंगे। इनमें सबसे ज्यादा 9 स्विमिंग और पैरा स्विमिंग, 3 वेटलिफ्टिंग और 2 आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक्स में होंगे।भारत को विमेंस पेयर्स लॉन बॉल्स में नामीबिया से टाई-ब्रेक में हार का सामना करना पड़ा। टीम को सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए इंग्लैंड को हराना होगा। रूपा रानी तिर्की और पिंकी सिंह की जोड़ी के लिए यह मुकाबला करो या मरो का होगा। इंग्लैंड के खिलाफ जीत दर्ज करने पर भारतीय जोड़ी सेमीफाइनल में जगह बना लेगी और मेडल की उम्मीदें बरकरार रहेंगी।ऋषिकांत सिंह का वेटलिफ्टिंग मेंस 60 किग्रा का इवेंट जारी है। इसके बाद शाम 5-30 बजे मीराबाई चानू महिला 49 किग्रा फाइनल में गोल्ड के लिए मुकाबला करेंगी।

# यामागुची अकाने ने चेन युफेई को हराकर दूसरी बार जीता महिला एकल का खिताब

**टोक्यो (एजेंसी)।** मौजूदा विश्व चैंपियन जापान की यामागुची अकाने ने बीडब्ल्यूएफ चाइना ओपन 2026 के महिला एकल फाइनल में मेजबान चीन की चेन युफेई को सीधे गेमों में हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। इस जीत के साथ अकाने ने दूसरी बार चाइना ओपन का खिताब जीता और टूर्नामेंट के इतिहास में महिला एकल का खिताब जीतने वाली इकलौती जापानी खिलाड़ी बनी रहीं।

### सीधे गेमों में चेन युफेई को हराया

चांगझोउ में खेले गए फाइनल मुकाबले में विश्व नंबर-3 यामागुची अकाने ने टोक्यो ओलंपिक 2020 की स्वर्ण पदक विजेता और चीन की स्टार शटलर चेन युफेई को 21-18, 21-16 से हराकर खिताब अपने नाम किया।

### शुरुआत में लड़खड़ाईं, फिर की दमदार वापसी

लगातार छठे फाइनल में खेल रहीं दो बार की ओलंपियन यामागुची ने मुकाबले की शुरुआत धीमी की। हालांकि उन्होंने जल्द ही लय हासिल कर ली और पहले गेम में शानदार वापसी करते हुए 21 मिनट में बढ़त बना ली।




### घरेलू दर्शकों के समर्थन के बावजूद नहीं टिक सकीं चेन

दूसरे गेम में घरेलू दर्शकों के जोरदार समर्थन के बीच चेन युफेई ने कड़ी चुनौती पेश की। लेकिन यामागुची ने धैर्य और अनुभव का शानदार प्रदर्शन करते हुए मुकाबले पर पकड़ बनाए रखी और 44 मिनट में जीत दर्ज कर ली।

# ट्रिनिडाड टेस्ट: पाक के खिलाफ वेस्टइंडीज की अच्छी शुरूआत

**वेस्टइंडीज ने पहले दिन 3 विकेट पर 194 रन बनाए; कावेम हॉज 83 रन बनाकर नाबाद**

**ट्रिनिडाड (एजेंसी)।** वेस्टइंडीज और पाकिस्तान के बीच ट्रिनिडाड के ब्रायन लारा क्रिकेट अकादमी में खेले जा रहे टेस्ट मैच के पहले दिन मेजबान टीम ने मजबूत शुरुआत की। बारिश और खराब रोशनी से प्रभावित दिन का खेल खत्म होने तक वेस्टइंडीज ने पहली पारी में 3 विकेट पर 194 रन बना लिए। कावेम हॉज 83 और शाई होप 32 रन बनाकर नाबाद लौटे। दोनों चौथे विकेट के लिए 88 रन की साझेदारी कर चुके हैं। खराब रोशनी के कारण पहले दिन सिर्फ 67 ओवर का खेल हो सका।

ब्रायन लारा क्रिकेट अकादमी में पहली बार टेस्ट मैच खेला जा रहा है। वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनी। मैच शुरू होने से पहले दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने पिछले सप्ताह निधन वाले महान क्रिकेटर सर गारफील्ड सोबर्स की याद में एक मिनट का मौन रखा। वेस्टइंडीज के खिलाड़ियों और अंपायरों ने काली पट्टी बांधकर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

बारिश के कारण सुबह के सत्र में सिर्फ 14.1 ओवर का खेल हो सका। वेस्टइंडीज ने इस दौरान 23 रन बनाए और एक विकेट गंवाया। पाकिस्तान के तेज गेंदबाज मोहम्मद अब्बास ने शानदार लाइन-लेंथ से गेंदबाजी की। उन्होंने शुरुआती 7 ओवर में 5 मेडन डाले। दबाव में आए ब्रैंडन किंग बाहर जाती गेंद पर कट लगाने की कोशिश में बोल्ड हो गए। इसके बाद तेज बारिश शुरू होने से अंपायरों ने समय से पहले लंच की घोषणा कर दी।



लंच के बाद पिच में नमी होने से तेज गेंदबाजों को मदद मिली। इसके बावजूद कावेम हॉज ने कुछ आकर्षक चौके लगाए और तगेनरायन चंद्रपॉल के साथ 50 से ज्यादा रन की साझेदारी की।

कप्तान बाबर आजम ने आमेर जमाल को गेंद थमाई और उन्होंने अपने पहले ही ओवर में चंद्रपॉल को स्लिप में सलमान आगा के हाथों कैच करा दिया। इसके बाद आमिर जांगू को मोहम्मद अब्बास ने डीआरएस की मदद से एलबीडब्ल्यू आउट किया। 106 रन तक वेस्टइंडीज के 3 विकेट गिर चुके थे।

तीन विकेट जल्दी गिरने के बाद कावेम हॉज और शाई होप ने पारी संभाली। हॉज ने टेस्ट करियर का चौथा अर्धशतक अली उस्मान की गेंद पर कवर में चौका लगाकर पूरा किया।दोनों बल्लेबाजों ने चौथे विकेट के लिए नाबाद 88 रन जोड़ लिए हैं। पाकिस्तान के गेंदबाजों ने आखिरी सत्र में दबाव बनाने की कोशिश की, लेकिन उन्हें कोई और सफलता नहीं मिली।

दिन के आखिरी सत्र में रन गति धीमी रही। इस दौरान एक भी चौका नहीं लगा। हॉज और होप ने जोखिम लेने के बजाय क्रीज पर टिके रहने पर ध्यान दिया। शाम को खराब रोशनी के कारण अंपायरों ने पहले दिन का खेल समय से पहले समाप्त कर दिया। दूसरे दिन का खेल तय समय पर शुरू होगा।

## सड़कें नहीं सुधरीं तो अधिकारियों पर होगी एफआईआर : योगी

आगरा (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगरा दौरे के पहले दिन विकास कार्यों और जनसुविधाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सख्त चेतावनी दी। उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत पेयजल पाइप लाइन बिछाने के लिए खोदी गई सड़कों की मरम्मत में लापरवाही पर कड़ी नाराजगी जताई। मुख्यमंत्री ने दो टूक कहा कि अगर सड़कें ठीक नहीं हुईं तो ठेकेदारों को काली सूची में डाला जाएगा और संबंधित अधिकारियों पर प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी। उन्होंने जल निगम के अधिकारियों को भी फटकार लगाई। योगी ने अधिकारियों को संवेदनशील रहने की हिदायत देते हुए फुटपाथ दुकानदारों को उजाड़ने के बजाय उचित वेंडिंग जोन में स्थान देने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को आयुष्मान कार्ड और सूचीबद्ध अस्पतालों के भुगतानों का सत्यापन कर जल्द निस्तारण का आदेश दिया। बेसिक शिक्षा विभाग को डीबीटी से भेजे गए धन के सही उपयोग हेतु अभिभावकों के साथ बैठकें करने को भी निर्देशित किया।



## करुणानिधि की पोती ने बैंक मैनेजर को मारा थप्पड़, वीडियो वायरल

चेन्नई (एजेंसी)। तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री एम. करुणानिधि की पोती और पूर्व केंद्रीय मंत्री एम.के. अलागिरी की बेटी कयालविजी एक बैंक अधिकारी से कथित मारपीट के मामले को लेकर चर्चा में हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक सीसीटीवी वीडियो फुटेज में कयालविजी को भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की एक शाखा के प्रबंधक के साथ बहस करते और फिर उन्हें थप्पड़ मारते हुए देखा जा सकता है। घटना के बाद बैंक अधिकारी की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, यह घटना 20 जुलाई को चेन्नई के अड्यार स्थित एसबीआई की एनआरआई शाखा में हुई। बताया गया है कि कयालविजी शाखा प्रबंधक से मिलने उनके कार्यालय पहुंची थीं। बातचीत के दौरान दोनों के बीच इमारत में लगी लिफ्ट के रखरखाव को लेकर विवाद शुरू हो गया, जो देखते ही देखते तीखी बहस में बदल गया। वायरल वीडियो में कयालविजी पहले प्रबंधक से बहस करती दिखाई देती हैं और फिर अचानक अपनी सीट से उठकर उन्हें थप्पड़ मार देती हैं। उस समय कमरे में एक अन्य व्यक्ति भी मौजूद था, जिसने उन्हें रोकने का प्रयास किया। पुलिस के अनुसार, जिस भवन में एसबीआई की शाखा संचालित हो रही है, वह कयालविजी के स्वामित्व में है और बैंक वहां किरायेदार के रूप में कार्यरत है। बताया जा रहा है कि कयालविजी भवन का निरीक्षण करने पहुंची थीं। इसी दौरान लिफ्ट के संचालन और रख-रखाव को लेकर शाखा प्रबंधक से उनका विवाद हो गया।

## गो-तस्करों से पुलिस की मुठभेड़, एक तस्कर के पैर में लगी गोली, दूसरा गिरफ्तार

बलिया (एजेंसी)। बांसडीहरोड क्षेत्र में शनिवार देर रात पुलिस और गो-तस्करों के बीच हुई मुठभेड़ में एक तस्कर के पैर में गोली लगी, जबकि दूसरे को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने घायल के कब्जे से एक अवैध तमंचा, एक खोखा व एक जिंदा कारतूस और दूसरे के पास से एक अवैध चाकू बरामद करने का दावा किया है। पुलिस के मुताबिक रात करीब 2:35 बजे बांसडीहरोड तिराहे पर वाहन चेकिंग में मुखबिर से सूचना मिली कि दो व्यक्ति एक गौवंश को चोरी-छिपे छाता गांव की ओर से बांसडीहरोड की तरफ ले जा रहे हैं। सूचना पर पुलिस वहां पहुंची और दोनों को रोकने की कोशिश की। पुलिस का कहना है कि इस दौरान एक तस्कर ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में कयामुद्दीन उर्फ राजू (28) बलिया के दाहिने पैर में गोली लगी। घायल को अस्पताल भेजा गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। वहीं दूसरा तस्कर दीपक (40), रसड़ा के पास से एक अवैध चाकू बरामद किया। पुलिस का दावा है कि दोनों गोवंशीय पशु को वध के उद्देश्य से ले जा रहे थे। मामले में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# अब राम मंदिर चढ़ावा चोरी पर फोकस करने की तैयारी में विपक्ष

### -प्रधान के इस्तीफे से उत्साहित सीजेपी



नई दिल्ली (एजेंसी)। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के साथ ही कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) का जंतर-मंतर पर चल रहा विरोध प्रदर्शन आखिरकार थम गया है। 20 जुलाई को संसद का मॉनसून सत्र शुरू होने के साथ ही सीजेपी ने संसद मार्च निकाला था। इस दौरान पुलिस द्वारा किए गए लाठीचार्ज के बाद पूरे विपक्ष का ध्यान इस मुद्दे पर केंद्रित हो गया। संसद में लगातार हुए हंगामे के कारण कोई ठोस चर्चा नहीं हो सकी। कांग्रेस ने स्पष्ट कर दिया था कि शिक्षा मंत्री के इस्तीफे के बिना वह पेपर लीक के विषय पर चर्चा के लिए तैयार नहीं है। बताया जा रहा है कि सीजेपी के आंदोलन को विपक्ष की बड़ी जीत माना जा रहा है और अब अयोध्या में राम मंदिर चढ़ावा चोरी के मामले पर फोकस करने की तैयारी की जा रही है।

अब शिक्षा मंत्री के इस्तीफे के बाद सरकार सोमवार को संसद में पेपर लीक के खिलाफ एक कड़ा विधेयक पेश करने जा रही है। ऐसे में माना जा रहा है कि विपक्ष अपना अगला बड़ा राजनीतिक फोकस अयोध्या राम मंदिर में कथित चढ़ावा चोरी के मुद्दे पर शिफ्ट कर सकता है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पहले ही मांग कर चुके हैं कि सिर्फ शिक्षा मंत्री ही नहीं, बल्कि छात्रों पर हुए लाठीचार्ज की जिम्मेदारी लेते हुए गृह मंत्री अमित शाह को भी इस्तीफा देना चाहिए। शनिवार को एक प्रेस ब्रीफिंग में उन्होंने यह भी कहा कि इस पूरे घटनाक्रम के लिए प्रधानमंत्री को देश से माफी मांगनी चाहिए। गौरतलब है कि मॉनसून सत्र की शुरुआत से पहले विपक्ष के एजेंडे में अयोध्या का मुद्दा सबसे ऊपर था, लेकिन सीजेपी के बड़े आंदोलन के कारण ध्यान इस ओर चला गया था। अब सोमवार को जब सरकार संसद में पेपर लीक के खिलाफ फास्ट ट्रैक कोर्ट और कड़ी सजा वाला विधेयक लेकर आ रही है, तब इस पर चर्चा के बाद विपक्ष दोबारा अयोध्या के मुद्दे को पूरी ताकत से उठा सकता है।

वर्ष 2027 में उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। ऐसे में कांग्रेस और समाजवादी पार्टी दोनों ही राज्य की राजनीति पर अपनी पकड़ मजबूत करना चाहती हैं। इस समय उत्तर प्रदेश में राम मंदिर चढ़ावा चोरी का मामला एक बड़ा राजनीतिक मुद्दा बना हुआ है, जिसमें विपक्षी दलों को अपने लिए सीधा राजनीतिक लाभ नजर आ रहा है। अयोध्या के जरिए विपक्ष अब हिंदू मतदाताओं को साधने और सरकार को घेरने की रणनीति पर काम कर रहा है। युवाओं के इस उग्र आंदोलन के चलते सरकार पर सदन के भीतर भारी दबाव बन गया था। विपक्ष की मांगों के आगे रास्ता निकालने के लिए शिक्षा मंत्री का इस्तीफा दिलाना जरूरी हो गया था। हालांकि, इस इस्तीफे के बाद अब भारतीय जनता पार्टी भी पलटवार करते हुए सदन में कांग्रेस शासनकाल के दौरान हुई कथित गड़बड़ियों की सूची पेश करने की तैयारी में है।

## ओवैसी ने धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे को बताया न्याय की जीत

### -युवा संघर्ष और संविधान की जीत, तानाशाही नहीं चलेगी



मुरादाबाद (एजेंसी)। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे को न्याय और संविधान की जीत बताया है। उन्होंने शनिवार को मुरादाबाद में एक जनसभा से पहले पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि यह उन तमाम युवाओं के संघर्ष की बड़ी कामयाबी है, जो न्याय के लिए आवाज उठा रहे थे। ओवैसी ने इसे हक की झूठ पर विजय करार दिया, यह कहते हुए कि यह नौजवानों की कुर्बानी और मेहनत की जीत है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार को साफ संदेश दिया कि अब तानाशाही नहीं चलेगी और लोकतंत्र चलाने के लिए संविधान के दायरे में रहना होगा। मुरादाबाद की जामा मस्जिद पार्क में जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने दोहराया कि देश संविधान से चलेगा। बारिश के कारण बिजली गुल होने और प्रशासन द्वारा लाइट की अनुमति न मिलने के बावजूद, बड़ी संख्या में लोग मोबाइल की फ्लैशलाइट जलाकर अंधेरे में डटे रहे। ओवैसी ने इस मौके पर सभी विपक्षी दलों और लोगों से एकजुट होकर अधिकारों के लिए संघर्ष करने का आह्वान किया। शिक्षा मंत्री के इस्तीफे में हुई देरी पर सवाल उठाते हुए ओवैसी ने कहा कि सरकार झुकने से बचती रही, लेकिन अंतत: उसे यह फैसला लेना पड़ा।

## वायनाड में प्रियंका गांधी ने भूस्खलन वाली जगह का लिया जायजा, घायलों से की मुलाकात



### -अपनों को खोने वाले परिवार को भरोसा दिलाया, सरकार उनको हर जरूरी मदद देगी

कल्पेट्टा, (एजेंसी)। केरल के वायनाड से सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने कल्लाडी में भूस्खलन वाली जगह का दौरा किया। यह भूस्खलन 18 दिन पहले हुआ था, जिसमें आठ लोगों की मौत हो गई थी। इस बीच सवाल उठाए जा रहे थे कि निर्वाचन क्षेत्र की सांसद को आपदा प्रभावित इलाके में पहुंचने में इतनी देर क्यों हुई। प्रियंका गांधी ने भूस्खलन से प्रभावित सुरंग निर्माण स्थल का निरीक्षण किया, प्रभावित परिवारों, अधिकारियों और निर्माण एजेंसी से बातचीत की और बाद में अस्पताल में इलाज करा रहे घायलों से मुलाकात की।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक उन्होंने अपने घर और परिवार के सदस्यों को खोने वाले लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर जरूरी मदद देगी। यह दौरा ऐसे समय में हुआ, जब वायनाड में इस बात को लेकर चर्चा हो रही थी कि जुलाई में हुए भूस्खलन के ठीक बाद के अहम दिनों में सांसद वहां मौजूद नहीं थीं, जबकि उस समय बचाव कार्य चल रहा था और आठ लोगों की जान चली गई थी। कांग्रेस नेताओं का कहना था कि वह हालात पर नजर रख रही थीं, लेकिन शनिवार को उन्होंने आपदा वाली जगह का पहली बार दौरा किया।

## राहुल गांधी का शाह से तीखा सवाल- प्रदर्शनकारियों पर बल प्रयोग का आदेश किसने दिया?

### लाठीचार्ज को लेकर गृह मंत्री को लिखा पत्र, पेलेट गन के इस्तेमाल और सादे कपड़ों में मौजूद लोगों पर भी उठाए सवाल



नई दिल्ली (एजेंसी)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने छात्र आंदोलन के दौरान कथित लाठीचार्ज और बल प्रयोग को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर कई सवाल उठाए हैं। उन्होंने प्रदर्शन के दौरान छात्रों पर हुई पुलिस कार्रवाई की जवाबदेही तय करने की मांग करते हुए पूछा है कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर बल प्रयोग का आदेश किसने दिया था। राहुल गांधी ने कहा कि छात्र केवल निष्पक्ष और जवाबदेह शिक्षा व्यवस्था की मांग कर रहे थे, लेकिन उनकी बात सुनने के बजाय उन पर बल प्रयोग किया गया।

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने अपने पत्र में लिखा, कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन नागरिकों का मूल अधिकार है और सरकार की जिम्मेदारी प्रदर्शनकारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ उनकी शिकायतों का संवाद के माध्यम से समाधान करना है। उन्होंने आरोप लगाया कि आंदोलन के दौरान छात्रों पर अंधाधुंध लाठीचार्ज किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र घायल हुए। साथ ही उन्होंने दावा किया कि महिला प्रदर्शनकारियों के साथ भी दुर्व्यवहार की घटनाएं सामने आईं।

पत्र में राहुल गांधी ने मीडिया और सोशल मीडिया पर सामने आई तस्वीरों का हवाला देते हुए प्रदर्शन के दौरान कथित तौर पर पेलेट गन के इस्तेमाल पर भी सवाल उठाए। उन्होंने हरियाणा के 19 वर्षीय छात्र साहिल लोचब का उल्लेख करते हुए दावा किया कि वह पेलेट गन से घायल हुआ है और उसकी एक आंख की रोशनी प्रभावित होने का खतरा है। राहुल गांधी ने गृह मंत्री से पूछा कि क्या छात्रों के खिलाफ पेलेट गन समेत घातक बल प्रयोग की अनुमति केंद्र सरकार की ओर से दी गई थी? यदि नहीं, तो ऐसे आदेश किस स्तर पर जारी किए गए? कांग्रेस नेता ने अपने पत्र में एक अन्य महत्वपूर्ण प्रश्न उठाते हुए पूछा कि प्रदर्शन के दौरान सादे कपड़ों में छात्रों पर लाठियां चलाते दिखाई देने वाले लोग कौन थे? उन्होंने जानना चाहा कि क्या वे पुलिसकर्मी थे या किसी अन्य एजेंसी अथवा स्वयंसेवक के सदस्य, और उनकी तैनाती किसके निर्देश पर की गई थी? इसी के साथ ही कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि लोकतंत्र में असहमति को बल प्रयोग से दबाने के बजाय संवाद के माध्यम से समाधान तलाशना सरकार की जिम्मेदारी है। उनके अनुसार, छात्रों पर हुई कथित हिंसक कार्रवाई ने लोकतांत्रिक मूल्यों को आघात पहुंचाया है और देश के युवा इस पूरे घटनाक्रम में जवाबदेही चाहते हैं। गृह मंत्रालय की ओर से राहुल गांधी के पत्र पर फिलहाल कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

## पश्चिम बंगाल में बनेगी नई विधानसभा, सीटें बढ़ने की संभावना के चलते फैसला

कोलकाता (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल में जल्द नई विधानसभा भवन का निर्माण किया जाएगा। राज्य के बजट सत्र के दौरान इसकी घोषणा की गई। कहा गया कि सीमांकन (डिलिमिटेशन) और महिला आरक्षण कानून लागू होने के बाद विधानसभा में विधायकों की संख्या बढ़कर करीब 400 हो सकती है। ऐसे में मौजूदा विधानसभा भवन में सभी सदस्यों के बैठने के लिए पर्याप्त जगह नहीं होगी। विधानसभा अध्यक्ष से सभी राजनीतिक दलों से चर्चा कर नई इमारत के लिए उपयुक्त जगह तय करने और लोक निर्माण विभाग के साथ मिलकर योजना तैयार करने को कहा गया। यह भी कहा गया कि परियोजना के लिए पैसों की कोई कमी नहीं होगी। मौजूदा विधानसभा भवन को विरासत (हेरिटेज) भवन के रूप में संरक्षित रखा जाएगा और जरूरत के अनुसार उसका उपयोग जारी रहेगा। साथ ही, विधायकों की उपस्थिति और सदन में उनके प्रदर्शन की जानकारी देने के लिए नई वेबसाइट बनाने का भी प्रस्ताव रखा गया। विधायकों के हॉस्टल को भी अपग्रेड करने की योजना है। विधानसभा अध्यक्ष रथींद्र बोस ने बताया कि न्यू टाउन इलाके में करीब 40 एकड़ जमीन की पहचान की गई है, जहां नई विधानसभा भवन का निर्माण किया जा सकता है।

# पूर्व मंत्री तेजप्रताप यादव गिरफ्तार होकर बेऊर जेल भेजे गए

### -नीट विरोध प्रदर्शन के दौरान 307 का मामला दर्ज



पटना (एजेंसी)। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव के बेटे और जनशक्ति जनता दल (जेजेडी) के अध्यक्ष तेजप्रताप यादव को पटना पुलिस ने गिरफ्तार कर बेऊर जेल भेज दिया है। नीट पेपर लीक के विरोध और केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग को लेकर पटना में हुए हिंसक प्रदर्शनों में तेजप्रताप सड़क पर उतरे थे। शनिवार को बिहार बंद के दौरान 13 जिलों में उपद्रव की खबरें आईं, जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए देर रात तेजप्रताप यादव को गिरफ्तार कर लिया। उन पर रामगुलाम चौक पर प्रदर्शन के दौरान छात्रों को हिंसा के लिए भड़काने का गंभीर आरोप है। तेजप्रताप यादव के वकील जगन्नाथ सिंह के अनुसार, जेजेडी प्रमुख पर आईपीसी की धारा 307 (हत्या की कोशिश) समेत अन्य गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

वकील का दावा है कि तेजप्रताप को 25 जुलाई की शाम लगभग 7:30 बजे सिटी सेंटर मॉल से उस समय उठाया गया जब वे अपने निजी समय में शॉपिंग कर रहे थे। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस ने गिरफ्तारी की तात्कालिक वजह नहीं बताई और परिजनों या कानूनी प्रतिनिधियों को तुरंत एफआईआर की कॉपी भी उपलब्ध नहीं कराई गई। देर रात ही उन्हें मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। इस पूरी कार्रवाई पर जेजेडी नेता वीणा मानवी ने तीखा आक्रोश व्यक्त किया है। उन्होंने पुलिस-प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि छात्रों और युवाओं के हक में आवाज उठाना कोई अपराध नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन किसी अज्ञात ऊपरी आदेश के तहत एकतरफा कार्रवाई कर रहा है, जो लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन है। वीणा मानवी के अनुसार, जिस तरह से बिना स्पष्ट कारण बताए निजी स्थान से तेजप्रताप को उठाया गया, वह राज्य में बढ़ती प्रशासनिक मनमानी और अनिश्चितता की स्थिति को दर्शाता है। उल्लेखनीय है कि नीट पेपर लीक मामले को लेकर राज्यभर में छात्रों और विपक्षी दलों का विरोध प्रदर्शन उग्र रूप ले चुका है। पुलिस का कहना है कि कानून-व्यवस्था बिगाड़ने और भीड़ को उकसाने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कदम उठाए जा रहे हैं, जबकि तेजप्रताप के पक्ष ने रिहाई के लिए कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है।

## हिंसा से कुछ हासिल नहीं होता, हिंसा और तनाव समाधान निकालने में देरी करते हैं

### -अन्ना हजारे ने सीजेपी का प्रोटेस्ट खत्म होने पर कहा- देश में लोकतंत्र है, तानाशाही नहीं



नई दिल्ली (एजेंसी)। समाज सेवी अन्ना हजारे ने बीजेपी सांसद धर्मेंद्र प्रधान के केंद्रीय शिक्षा मंत्री पद से इस्तीफा देने के फैसले का स्वागत किया है। इसके साथ ही उन्होंने कॉकरोच जनता पार्टी द्वारा आंदोलन खत्म करने के फैसले को लेकर कहा कि देश में लोकतंत्र है और सभी को इसी आधार पर अपने मुद्दे रखने चाहिए। अन्ना हजारे ने कहा जनता की शिकायतों का समाधान शांतिपूर्ण आंदोलनों और बातचीत के जरिए ही किया जाना चाहिए। क्योंकि हिंसा से कुछ हासिल नहीं होता है। हिंसा और तनाव केवल समाधान निकालने में देरी करते हैं।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक यूपीए सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन कर पूरे देश में पहचान बनाने वाले 89 वर्षीय अन्ना हजारे ने कॉकरोच जनता पार्टी के आंदोलन के खत्म होने पर अपनी राय रखी। उन्होंने कहा कि किसी भी परेशानी का हल अंत में बातचीत के जरिए ही होता है। उन्होंने कहा कि यह लोकतंत्र है, न कि तानाशाही। हमें हमेशा लोकतंत्र के रास्ते पर ही चलना चाहिए। गांधीवाद के अपने आंदोलनों का जिक्र करते हुए अन्ना हजारे ने कहा कि उन्होंने बिना हिंसा का सहारा लिए 22 बार भूख हड़ताल की थी और इसके जरिए उन्हें कानून में बड़े बदलाव लाने में मदद मिली थी। अन्ना हजारे ने कहा कि मैंने अपने जीवन में इस तरीके से 22 बार उपवास किए हैं। कभी भी हिंसा का रास्ता नहीं अपनाया और इसी वजह से मैं 10 कानून बनवाने में सक्षम हो पाया। हिंसा सही नहीं है। व्यक्ति कोई भी हो, उसे कभी भी हिंसा में शामिल नहीं होना चाहिए। क्योंकि तनाव और टकराव से केवल समाधान निकालने में देरी ही होती है। उन्होंने कहा कि किसी भी मुद्दे का हल अंत में बातचीत से ही निकलता है। उन्होंने कहा कि यह देखना सरकार का काम है कि जनता क्या कह रही है। जनता के कल्याण के लिए अगर आगे भी आना पड़े, तो इसमें कोई बुराई नहीं है। लेकिन जनहित होना चाहिए। मुद्दे कभी भी हिंसा से नहीं बल्कि लोगों की बातचीत से जरिए ही सुलझते हैं।

बता दें यह पहली बार नहीं है, जब अन्ना हजारे ने लोकतंत्र और गांधीवाद की विचारधारा का समर्थन किया हो। यूपीए सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करने में अहम भूमिका निभाने वाले अन्ना हजारे ने हाल ही में सरकार से अनुरोध किया था कि सरकार को सोनम वांगचुक के सब्र की इम्तेहान नहीं लेनी चाहिए। इसके बाद उन्होंने मौन अनशन शुरू किया था। हालांकि, बढ़ती उम्र की वजह से उन्हें बीच में से ही अनशन स्थल छोड़कर जाना पड़ा था।

# बलोचिस्तान में सुरक्षा बलों पर हमला, खैबर पख्तूनख्वा में चेक पोस्ट उड़ाने का प्रयास, चार आतंकी मारे गए



इस्लामाबाद (एजेंसी)। पाकिस्तान के दो प्रांतों में सुरक्षा बलों पर हमले और उनकी एक चेक पोस्ट को उड़ाने की कोशिश की गई। इस दौरान चार आतंकवादियों को मार गिराने का दावा किया गया है। यह घटनाएं सर्वाधिक अशांत बलोचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में हुई हैं। सुरक्षा बलों के काफिले पर हमले की अभी तक किसी संगठन ने जिम्मेदारी नहीं ली है। इस हमले में सैनिकों के भी हताहत होने की आशंका जताई गई है। द बलोचिस्तान पोस्ट की खबर के अनुसार, बलोचिस्तान के नुश्की जिले के बाटू के नुश्की गांव के पास अज्ञात हथियारबंद लोगों ने पाकिस्तान के सुरक्षा बलों के बड़े काफिले पर हमला किया। इस हमले में पाकिस्तान की सेना के जवानों के मारे जाने की खबरें हैं। बताया गया है कि सुरक्षा बलों का काफिला बुलेटप्रूफ गाड़ियों के साथ नुश्की शहर जा रहा था। इसी बीच, हथियारबंद लोगों ने काफिले में शामिल पुलिसवालों पर भी हमला किया। हमले में पुलिस उपायुक्त की गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस उपायुक्त सुरक्षित भाग जाने में कामयाब रहे। दो दिन पहले नुश्की शहर के पास ऐसे ही हमले में तीन जवान मारे गए थे। नुश्की जिले में सक्रिय आजादी पसंद बलोच विद्रोही अकसर पाकिस्तान के सुरक्षा बलों को निशाना बनाते रहते हैं। अभी तक किसी भी संगठन ने इस घटना की जिम्मेदारी नहीं ली है। दुनिया न्यूज की रिपोर्ट में पाकिस्तान सेना की इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने कहा कि खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में दक्षिण वजीरिस्तान जिले शनिवार को आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों की एक चेक पोस्ट को विस्फोटक से उड़ाने की कोशिश की। सेना ने बताया कि हमलावरों को चेक पोस्ट के सुरक्षा घेरा तोड़ने से पहले ही रोक दिया। आत्मघाती हमलावर की विस्फोटक से लदी गाड़ी को लक्ष्य तक पहुंचने से पहले रोककर उसे पूरी सुरक्षा के साथ निष्क्रिय कर दिया गया। इस दौरान हुए विस्फोट में आत्मघाती हमलावर मारा गया। आईएसपीआर ने कहा कि सुरक्षा बलों की समय पर की गई कार्रवाई से हमलावर अपने मकसद में नाकाम रहा। गाड़ी के नष्ट होने के बाद बाकी तीन आतंकवादी सुरक्षा बलों की गोलीबारी के बीच पास के एक परिसर में भाग गए। वहां उन्हें घेरकर मार गिराया गया।

Youth P.T Association,India
Our Motto- Justice for Peace
(Under register of Govt. NCT Delhi,
An ISO 9001:2015 certified organization)
Movement of India

भर्ती अधिसूचना 2026

भारत सरकार द्वारा संचालित कार्यक्रम के तहत झारखंड के तहत सभी सरकारी विधालयों में P.T. Teacher की नियुक्ति किया जाना है.

रोजगार सं. YP.T.A./NHQ/JH00202026

कुल पदों की संख्या: 20-100/जिला, शैक्षणिक योग्यता : Inter/B.A./M.A.

वेतन : रु. 17,500-22,400, चयन प्रक्रिया : लिखित साक्षात्कार परीक्षा, आवेदन निशुल्क

इच्छुक उम्मीदवार आधिकारिक Email Id : youthpthassociation@gmail.com

आवेदन की तिथि : 27/07/2026 से 30/08/2026 तक

भर्ती संबंधित जानकारी के लिए संपर्क करें :

BRAJ VATIKA ,Vaishno devi nagar,Pundag Ranchi.near by Haryali Resturent, Ph. 9971181262 Ranchi-834004

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह. 9334331934, 9570107019, RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902